आज का मौसम 35.0° अधिकतम तापमान 28.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.33 सूर्यास्त 07.09

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया 10:42 तक उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

रविवार, 27 जुलाई 2025, वर्ष 6, अंक 119, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



किसानों को यूरिया और डीएपी के साथ नहीं बेच सकेंगे कीटनाशक- 12



संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित होने से सरकार से अधिक विपक्ष को नुकसान : रीजीजू - 12



थाईलैंड और कंबोडिया में संघर्ष से डेढ़ लाख से ज्यादा लोग विस्थापित - 13



कुलदीप को शामिल करने के लिए शीर्ष छह बल्लेबाजों से और अधिक निरंतरता की जरूरत- 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हरितालिका तीज : परंपरा और युवा दृष्टिकोण व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# पाकिस्तान ने 22 मिनट में ही टेक दिए थे घुटने : योगी


## कारगिल विजय दिवस पर सीएम ने पाकिस्तान को ललकारा

- जान बचाने के लिए अमेरिका की शरण में पहुंचा था पाकिस्तान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारगिल शहीद दिवस पर पाकिस्तान को जमकर ललकारा। कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सेना को पाकिस्तान को सबक सिखाने में 22 मिनट भी नहीं लगे। सेना ने पाकिस्तान के आतंकी कैंपों को तहस-नहस कर दिया। इस पराक्रम को देखकर पाकिस्तान जान बचाने के लिए अमेरिका की शरण में पहुंचा। उन्होंने कहा कि भारत एक मोर्चे पर कई देशों से लड़ रहा था। इसके बावजूद भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान की एक नहीं चली। अंत में उसे समर्पण के लिए मजबूर होना पड़ा।

कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में शनिवार को आयोजित कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत के महान वीर सपूतों को याद करने का दिन है। कारगिल एक चुनौतीपूर्ण जगह थी जहां का तापमान माइनस 50 डिग्री में होता है। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने पलायन नहीं किया, उसी का नतीजा है कि हमने कारगिल पर विजय प्राप्त की। कहा कि जो पलायन करते हैं, जो समाज में विद्वेष फैलाते हैं उन्हें सफलता नहीं मिलती। मुख्यमंत्री और मेयर सुषमा खर्कवाल ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। शहीद कैप्टन मनोज पांडेय, लांस नायक केवलानंद द्विवेदी, रायफल मैन सुनील जंग और मेजर रितेश शर्मा के परिजन मौजूद रहे।



### अग्निवीरों को पुलिस बल में 20% आरक्षण

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि युद्ध या सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद होने पर परिवार को आज 50 लाख रुपये की सहायता और एक सदस्य को नौकरी दी जा रही है। सरकार ने तय किया है कि अग्निवीर के रूप में जो जवान देश की सेनाओ में योगदान दे रहे हैं, उन्हे प्रदेश पुलिस बल में 20 प्रतिशत आरक्षण देंगे।

### अमेरिका के दबाव में नहीं आए थे अटल

योगी ने कहा कि आज के ही दिन कारगिल विजय की घोषणा प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी। उस समय पाकिस्तान के राष्ट्रपति अमेरिका गए, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी ने दबाव नहीं झेला। उन्होंने कहा कि अमेरिका हो या दुनिया की कोई भी ताकत भारत किसी के सामने नहीं झुकेगा और अंत में पाकिस्तान को आत्मसमर्पण करना पड़ा और घुसपैठियों को भागना पड़ा।

**शहीदों को नमन**



नई दिल्ली। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते सीडीएस जनरल अनिल चौहान, उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह। ● एजेंसी



"करगिल विजय दिवस पर मैं मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। यह दिवस हमारे जवानों की असाधारण वीरता, साहस एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। **-द्रौपदी मुर्मू**, राष्ट्रपति



"देशवासियों को करगिल विजय दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। यह अवसर हमें मां भारती के उन वीर सपूतों के अप्रतिम साहस और शौर्य का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



"करगिल विजय दिवस पर, मैं उन वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने सबसे कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। करगिल युद्ध के दौरान उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की याद दिलाता है। **-राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री



"करगिल विजय दिवस न केवल अतीत को याद करने के बारे में है, बल्कि भविष्य के संबंध में प्रेरणा लेने के लिए भी है। करगिल की विरासत हमें याद दिलाती है कि हमारी एकजुटता, तैयारी और अटूट साहस दुश्मन के धोखे और आक्रामकता पर हमेशा विजय प्राप्त करेगा। **-जनरल अनिल चौहान**, सीडीएस

## ब्रीफ न्यूज

### यूपी के बुजुर्ग से ठगी में दो भाई गिरफ्तार

**ठाणे।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक वरिष्ठ नागरिक से 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए 95 लाख रुपये की ठगी के आरोप में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा रोड से दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। मीरा-भायंदर-वसई-विरार (अपराध) के सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल ने बताया कि मोहम्मद इकबाल बालासाहेब (47) और शाइन इकबाल बालासाहेब (41) को आठ अप्रैल को वहां दर्ज मामले में आगे की कार्रवाई के लिए लखनऊ अपराध शाखा को सौंप दिया गया है। दोनों भाइयों ने पीड़ित (74) को धमकाया, उन्हें 'डिजिटल-अरेस्ट' में रखा और 95 लाख रुपये वसूल लिए। एक गुप्त सूचना पर लखनऊ साइबर अपराध पुलिस थाने की टीम के साथ 24 जुलाई को मीरा रोड से दोनों भाइयों को पकड़ लिया।

### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि भाकपा (माओवादी) से अलग हुए समूह झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सदस्य घाघरा थाना क्षेत्र के लावादाग में एकत्र हुए हैं। इस गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड जगुआर और गुमला पुलिस ने संयुक्त रूप से एक अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। गोलीबारी बंद होने के बाद एक एके-47 और दो इंसास राइफल बरामद की गईं। गुमला के एसपी हारिस बिन जमान ने कहा कि मृतकों में एक की पहचान घाघरा के बेलागड़ा निवासी दिलीप लोहरा के रूप में हुई है। अन्य दो मृतकों की पहचान की कवायद जारी है।

अंदर देखें ... ग्लैम वर्ल्ड




# मालदीव से साझेदारी करेंगे गहरी : मोदी


## उपराष्ट्रपति मो. लतीफ के साथ की प्रमुख मुद्दों पर बातचीत

- प्रधानमंत्री ने दी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं

माले, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के उपराष्ट्रपति उज हुसैन मोहम्मद लतीफ सहित देश के प्रमुख नेताओं से मुलाकात के दौरान शनिवार को कहा कि भारत मालदीव के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक है। मोदी ने लतीफ के साथ भारत-मालदीव संबंधों के प्रमुख स्तंभों पर चर्चा की। मोदी ने 'एक्स' लिखा कि हमारे देश बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। यह हमारे देशों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आगामी वर्षों में इस साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री ने मालदीव के स्वतंत्रता दिवस की 60वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। उपराष्ट्रपति लतीफ ने जरूरत के समय मालदीव को भारत की निरंतर सहायता के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। लतीफ ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत के साथ हमारा मज़बूत सहयोग बढ़ने के साथ और मजबूत होता रहेगा। मोदी ने पीपुल्स मजलिस (मालदीव की संसद) के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हमने हमारी संसदों के बीच घनिष्ठ संबंधों समेत भारत-मालदीव की गहरी मित्रता पर चर्चा की।



मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू। ● एजेंसी

### क्षमता निर्माण को सहयोग जारी रखेगा भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत क्षमता निर्माण और विकास में मालदीव को सहयोग देना जारी रखेगा। मोदी ने मालदीव के विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों के साथ भी एक सार्थक बैठक की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की भागीदारी मजबूत और समय पर खरी उतरी भारत-मालदीव मित्रता के प्रति द्विदलीय समर्थन को रेखांकित करती है।

## लोस के 17 सांसदों को संसद रत्न सम्मान

**नई दिल्ली।** सुप्रिया सुले (राकांपा-शरदचंद्र पवार), रवि किशन (भाजपा), निशिकांत दुबे (भाजपा) और अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी) सहित 17 सदस्यों को लोकसभा में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए 'संसद रत्न' सम्मान- 2025 से सम्मानित किया जाएगा।

विशेष पुरस्कार भर्तृहरि महताब, एनके प्रेमचंद्रन, सुप्रिया सुले और श्रीरंग अप्पा बारणे को प्रदान किए जाएंगे। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बनाए रखा है। अन्य सम्मानित किए जाने वाले सांसदों में स्मिता उदय वाघ, नरेश म्हस्के, वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी, प्रवीण पटेल, विद्युत बरण महतो और दिलीप सैकिया शामिल हैं।

# अब स्कूलों में सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य

- केंद्र सरकार का राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी कर स्कूलों में बच्चों से जुड़ी संरचनाओं तथा सुरक्षा तंत्र का ऑडिट करना अनिवार्य कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने स्कूलों से इमारतों की संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने को भी कहा है। यह कदम राजस्थान के झालावाड़ जिले में शुक्रवार को एक सरकारी स्कूल की इमारत का एक हिस्सा गिरने के एक दिन बाद उठाया गया है।

राजस्थान में स्कूल में हुए हादसे में सात बच्चों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए थे। मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छात्रों की सुरक्षा और उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा संहिताओं के अनुरूप स्कूलों और बच्चों से संबंधित संरचनाओं का अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट, आपातकालीन तैयारियों के लिए कर्मचारियों और छात्रों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि संरचनात्मक समग्रता, अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन निकास और बिजली के तारों का गहन मूल्यांकन किया जाना चाहिए। मंत्रालय ने सिफारिश की कि स्थानीय प्राधिकारियों के साथ सहयोग को मजबूत किया जाना चाहिए ताकि समय-समय पर प्रशिक्षण सत्र और मॉक ड्रिल आयोजित की जा सकें।

### नुकसान पहुंचने की सूचना 24 घंटे में कराएं उपलब्ध

अधिकारी ने कहा कि किसी भी खतरनाक स्थिति, बाल-बाल बचने या बच्चों अथवा युवाओं को नुकसान पहुंचाने वाली किसी घटना की सूचना 24 घंटे के भीतर संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के प्राधिकरण को दी जानी चाहिए। देरी, लापरवाही या कार्रवाई में विफलता के मामलों में सख्त जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। माता-पिता, अभिभावकों, सामुदायिक नेताओं और स्थानीय निकायों को सतर्क रहने तथा स्कूलों, सार्वजनिक क्षेत्रों या बच्चों और युवाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले परिवहन के साधनों में असुरक्षित स्थितियों की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार जब्त

**इंफाल।** मणिपुर के पांच जिलों में कई अभियान चलाकर सुरक्षा बलों ने शनिवार को कम से कम 90 आग्नेयास्त्र और 700 से अधिक गोला-बारूद और विस्फोटक जब्त किए। पुलिस ने कहा कि कई जिलों में मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया था।

# ठेकेदार ने दो करीगरों की चाकू से गोदकर की हत्या

- शराब पीने के बाद मजदूरी के रुपयों को लेकर हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी में शुक्रवार देर रात शराब पीने के बाद रुपयों के विवाद में ठेकेदार ने दो शीट कटिंग करीगरों की चाकू से गोदकर हत्या कर दी।

थाना गलशहीद क्षेत्र के असातलपुरा निवासी शाहनवाज उर्फ बबलू और जुनैद शीट कटिंग करते थे। कुछ माह पहले मोहल्ले का ही शारिक दोनों को शीट कटिंग कराने के लिए दिल्ली ले गया था। एक माह पहले दोनों काम करके लौट आए। दोनों के शारिक पर 45 हजार रुपये मजदूरी के निकल रहे थे। दोनों ने रुपये मांगे तो ठेकेदार ने दिल्ली से रुपये नहीं मिलने की बात कही। पैसों को लेकर उनमें विवाद होता था। शुक्रवार देर रात शारिक ठेकेदार शाहनवाज को रुपये देने की बात कह घर से ले गया। दोनों ने जुनैद को भी साथ ले लिया। तीनों ने कटघर क्षेत्र के गुलाबबाड़ी चुंगी स्थित शराब की दुकान पर शराब पी। इसी बीच दोनों ने रुपये मांगे तो ठेकेदार ने चाकू से शाहनवाज और जुनैद पर कई वार किए। शाहनवाज की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जुनैद की जिला अस्पताल में देर रात मौत हो गई। शाहनवाज के भाई फईम की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।



जुनैद



शाहनवाज

# बिहार में अभ्यर्थी से एबुंलेंस में गैंगरेप

- होमगार्ड भर्ती के दौरान टेस्ट में दौड़ते समय हो गई थी बेहोश
- अस्पताल ले जा रहे ड्राइवर-टेक्नीशियन ने की दरिंदगी

गयाजी, एजेंसी

बिहार के गयाजी जिले में एक महिला ने आरोप लगाया है कि सरकारी भर्ती परीक्षा में फिजिकल टेस्ट के दौरान बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस में उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि होमगार्ड भर्ती अभियान में शामिल पीड़िता द्वारा पहचाने गए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद कुमार कौशल ने कहा कि 24 जुलाई को जब महिला बेहोश हो गई, तो उसे एंबुलेंस से गयाजी स्थित अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। होश में आने पर महिला ने आरोप लगाया कि उसके साथ एंबुलेंस के अंदर बलात्कार किया गया। हमने एंबुलेंस के चालक और तकनीशियन को हिरासत में लिया। महिला ने भी उनकी पहचान कर ली। आरोपियों का जवाब संतोषजनक नहीं था। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत उन पर मामला दर्ज किया गया। कौशल ने कहा कि शिकायतकर्ता की मेडिकल जांच पूरी हो गई है, रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

"दोषियों को भले ही पकड़ लिया गया हो, लेकिन प्रशासन ऐसे अपराधों को रोकने में असमर्थ है। मुझे खेद है कि मैं एक ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं जो कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में असमर्थ है। **-चिराग पासवान**, केंद्रीय मंत्री

### विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने 'एक्स' पर हैशटैग 'नीतीश सरकार हटाओ, बेटी बचाओ' के साथ इस घटना का एक समाचार साझा किया। यह भी कहा कि बिहार में राक्षस राज है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके दो उप-मुख्यमंत्रियों पर ऐसी घटनाओं को लेकर आपराधिक चुप्पी साधने का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि गयाजी की घटना कानून-व्यवस्था की बदतर स्थिति को दर्शाती है।

**कसा शिकंजा** | प्रार्थना सभा की आड़ में निर्धन और अशिक्षित लोगों का किया जा रहा था ब्रेन वाश

# शाहजहांपुर में धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

- तमिलनाडु और मुंबई की संस्थाओं से 25 लाख से अधिक की फंडिंग के मिले साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/सिंधौली

**अमृत विचार :** सिंधौली पुलिस ने धर्मांतरण कराने वाले सक्रिय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला और एक युवक स्थानीय है, जबकि तीसरा तमिलनाडु का रहने वाला है। यह गिरोह हर रविवार को कस्बे में प्रार्थना सभा के नाम पर लोगों का ब्रेनवॉश कर उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर करता था। इस कार्य में उन्हें लाखों रुपये की फंडिंग देश के अलग-अलग राज्यों से प्राप्त हो रही थी।

सिंधौली थाने में तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। इसमें इनकी ओर से धर्म परिवर्तन का खेल किए जाने की आशंका जताई गई थी। विवेचना में यह खुलासा हुआ कि मुख्य अभियुक्त किरन जोसुआ, निवासी सिंधौली, उसका पति पास्टर जोसुआ मूल निवासी कोयंबटूर (तमिलनाडु) और उनका साथी असनीत कुमार राठौर निवासी राघवपुर, निगोही मिलकर प्रार्थना सभाएं आयोजित करते थे। इनमें सीधे-सादे, निर्धन व अशिक्षित लोगों को मानसिक, शारीरिक रोगों के इलाज, संतान प्राप्ति व आर्थिक मदद का प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जाता था। पूछताछ में पता चला कि गिरोह के पास बाइबल और अन्य ईसाई साहित्य की भरमार थी, जिसका उपयोग कर वे लोगों का माइंडवॉश करते थे।

जोसुआ के बैंक खातों में तमिलनाडु, मुंबई और गाजियाबाद की संस्थाओं से 25,75,642.99 रुपये की विदेशी फंडिंग के प्रमाण मिले हैं। इनमें जीसस रिडिमस मिशनरी तमिलनाडु का नाम प्रमुख है, जिसने पहले ही 4 करोड़ 60 लाख का ओपनिंग बैलेंस दर्ज कराया था। फंड होल्ड कर इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार तीनों अभियुक्त पहले थाना सदर बाजार क्षेत्र के चिनौर कस्बे में रहकर प्रार्थना सभा कर धर्मांतरण करा चुके हैं। जून 2024 से इन्होंने सिंधौली में मकान लेकर यही गतिविधियां शुरू कर दी थीं। आसपास के लोगों और पीड़ितों ने इनके खिलाफ बयान भी दिए हैं।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

"सिंधौली थाना में धर्म परिवर्तन का एक मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने दंपती समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दवाब बनाते थे और प्रलोभन देते थे। जांच में पाया गया कि एक खाता 4.60 करोड़ का खोला गया था। 25 लाख से अधिक की फंडिंग की गई है। यह कहां से की गई है, इसकी विवेचना की जा रही है। इसका शीघ्र राजफाश किया जाएगा। **-राजेश द्विवेदी**, एसपी, शाहजहांपुर

## शहर में आज



- महानगर के विभिन्न केंद्रों पर आरओ, एआरओ की परीक्षा सुबह 9 :30 बजे।
- जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल के द्वारा कांवड़ियों को जल व फल का वितरण दिल्ली रोड पर शिविर में सुबह 9 :30 बजे ।
- हरियाली तीज महोत्सव रामलीला मैदान लाइनपार में शाम 5 :00 बजे।
- राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा संचालित हिन्दू संस्कार केन्द्र काली माता मंदिर देहरी गांव में हरियाली तीजोत्सव शाम 5 :00 बजे।

# समस्याओं के निस्तारण का विधायक ने दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भाजपा के नगर विधायक रितेश गुप्ता ने शनिवार को अपने कार्यालय पर जनता की समस्याएं सुनीं। उसके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। कहा जनहित प्राथमिकता है।

नगर विधायक ने कहा कि जनता दर्शन के दौरान लोगों से मिलना और उनकी समस्याओं का समाधान कराना प्राथमिकता है। यदि किसी को भी कोई समस्या या शिकायत हो तो वह सीधे उनसे मिल सकता है। विभिन्न वार्डों से आए लोगों ने नगर विधायक को अपनी समस्या बताईं।



समस्याएं सुनते नगर विधायक रितेश गुप्ता।

मीडिया प्रभारी विपिन गुप्ता ने बताया कि जनता की समस्याओं का निदान कराने के लिए नगर विधायक हमेशा तत्पर रहते हैं। इस दौरान विधायक के प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल और अभिनव शर्मा भी मौजूद रहे।

## सौभाग्यवती की कामना के साथ व्रत रखेंगी सुहागिनें, शनिवार रात तक महिलाओं ने की खरीदारी

# हथेलियों पर रचाई मेहंदी, कलाई में खनकेंगी चूड़ियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** तीज की खरीदारी के लिए रात तक बाजार पर गुलजार रहा। शनिवार को भी महिलाओं ने साड़ियों और चूड़ियों के साथ ही अन्य साज-सज्जा की सामग्री खरीदी। ब्यूटी पार्लर में शृंगार के लिए महिलाओं की भीड़ देर रातक लगी रही। रविवार को हरियाली तीज धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें अखंड सौभाग्यवती रहने की कामना के साथ सुहागिनें व्रत रखकर भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा करेंगी।



टाउन हॉल पर चूड़ी पसंद करती महिला। ● अमृत विचार

साड़ियों की दुकानों से लेकर चूड़ी-बिंदी व पार्लर में महिलाओं की लाइन लगी रही। शृंगार के सामान की दुकानों पर महिलाओं ने हरे रंग को विशेष महत्व दिया। बाजार गंज में कॉस्मेटिक की दुकान पर नवीन गुप्ता ने बताया कि हरे रंग की नेल पॉलिस के अलावा लिपस्टिक, बिंदी, हेयर बैंड, रबड़ बैंड के अलावा हरे रंग के नेकलेस की खरीदारी सबसे ज्यादा हुई। हरे रंग के बैग भी खरीदे गए। बुधबाजार, टाउन हॉल, जीएमडी रोड, ताड़ीखाना अन्य बाजार में मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं की होड़ रही।

- महिलाएं भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा करेंगी

### हाथों पर सजाई पिया के नाम की मेहंदी

सावन में कई दिन से हरियाली तीज के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हरियाली तीज की पूर्व संध्या पर बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। महिलाओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। टाउनहॉल पर मेहंदी लगा रहीं शिल्पी ने बताया कि मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं व युवतियों ने अरेबिक, मोरक्कन, पीकौक, इटेलियन मेहंदी के डिजाइन खूब पसंद किए। नवविवाहिताएं मेहंदी के डिजाइन में पति का नाम लिखवाने के लिए ज्यादा उत्साहित थीं।

## न्यूज ब्रीफ

### युवा कांग्रेस से देहात विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बने अरमान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला युवा कांग्रेस की ओर से शनिवार को जिला कमेटी के साथ विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षों के नामों की घोषणा की गई। यह घोषणा जिलाध्यक्ष दानिश सैफी द्वारा की गई, जिसे प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष पारस शुक्ला की स्वीकृति प्राप्त है। सूची में देहात विधानसभा के अध्यक्ष पद पर अरमान खुर्शीद की नियुक्ति की गई है। अरमान खुर्शीद जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष असलम खुर्शीद के पुत्र हैं। संगठन ने उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### तीन घंटे बाधित रहेगी बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उप खंड अधिकारी द्वितीय ने बताया कि रविवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती 33/11 केवी मंडी समिति उपकेंद्र से जुड़ी 11 केवी टाउन 2 फीडर लाइन पर सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत अस्थायी विद्युत लाइन स्थानांतरण कार्य के चलते की जा रही है। इन क्षेत्रों में मंडी समिति, प्रकाश नगर, प्रेम नगर, कुंज विहार कॉलोनी, शिवाजी नगर, गायत्री नगर, लक्ष्मण पुरी, चिड़िया टोला, कृष्णपुरी, रामलीला मैदान, श्रीराम नगर कॉलोनी, माता मंदिर, लक्ष्मी नगर व शंकर नगर तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधीक्षण अभियंता प्रशांत कुमार ने उपभोक्ताओं से समय से अपने कार्य निपटाने की अपील की है।

### बकरी चराने गए ग्रामीण की ट्रेन से कटकर मौत

**बहजोई,अमृत विचार :** घर से बकरी चराने निकाले ग्रामीण की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। बहजोई कोतवाली के गांव पाठकपुर निवासी हुकम सिंह अपने घर से शनिवार सुबह 7 बजे के लगभग बकरी चराने के लिए निकला था । वह गांव जैतपुर की मढैया पर बकरी चरा रहा था। मुरादाबाद अलीगढ़ मार्ग की रेलवे लाइन पर बकरी चली गई। जैसे बचाने के लिए गया तो चंदौसी की ओर से आ रही किसी ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने जब हुकम सिंह को घायल देखा तो इसकी सूचना परिजनों को दे दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हुकम सिंह को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए मृत घोषित कर दिया।

# धूप ने निकाला पसीना, उमस से लोग बेचैन

## पूरे दिन तपिश ने किया बेहाल, कई दिन बाद शुक्रवार रात एक घंटे हुई थी बारिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सावन में कई दिनों से भीषण गर्मी व उमस झेल रहे लोगों को शुक्रवार रात तेज बारिश से फौरी राहत मिली, लेकिन एक घंटे बाद बारिश बंद होने पर मौसम साफ हो गया। शनिवार की सुबह चटख धूप ने लोगों का पसीना निकाल दिया। सूरज की तपिश से पूरे दिन लोग पसीना पोंछते रहे। कूलर व पंखा चलने के बाद भी पसीने से लोग तरबतर रहे।

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल रहा। बारिश के लिए टकटकी लगी रही। बारिश न होने से खेत में दरार पड़ रही हैं। हर वर्ग बारिश के लिए इंद्रदेव की मनुहार कर रहा था। तापमान चढ़कर 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। शुक्रवार रात 10 बजे के करीब अचानक बादलों की गरज तड़क के साथ तेज बारिश हुई तो बहुत से लोगों ने भीगकर आनंद लिया। लगा कि अब मौसम कुछ दिन सुहाना रहेगा। लेकिन यह सपना शनिवार सुबह चटख धूप निकलने पर चूर हो गया। दिन में सूरज की तपिश झुलसाने वाली थी। पूरे दिन चुभन वाली गर्मी से लोग पसीने से तरबतर रहे। कूलर व पंखा चलने के बाद भी लोग पसीना पोछते रहे। केवल एसी चलने पर ही राहत रही। देर शाम तक उमस ने लोगों को बेचैन किया। गर्मी व उमस से रात में नींद न पूरी होने से लोगों को अनिद्रा, बेचैनी, सिर में दर्द हो रहा है। हृदय व उच्च रक्तचाप के रोगियों को चिकित्सक विशेष रूप से सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एनके मिश्र का कहना है कि मौसम में असंतुलन से लोग बीमार हो रहे हैं। उच्च रक्तचाप के रोगियों को सतर्कता बरतने की जरूरत है। कहा कि इसके बाद भी बीमार होने पर विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह से इलाज कराएं।



गर्मी में छाता लेकर जाती महिला।



दोपहर में कुछ इस तरह निकली महिला।

- नींद न पूरी होने से लोगों को अनिद्रा, बेचैनी, सिर में दर्द हो रहा
- चिकित्सक दे रहे सतर्कता बरतने की सलाह

### मौसम में लगातार बदलाव से लोग हो रहे कंजक्टिवाइटिस के शिकार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम में बार-बार अचानक हो रहे बदलाव का असर लोगों की आंखों पर देखने को मिल रहा है। उमस बढ़ने से आंखें कंजक्टिवाइटिस (आंखों में लाली और सूजन) की शिकार हो रही हैं। सड़क पर हवा व धूल के कण से आंखों में जलन हो रही है। थोड़ी बारिश के बाद तेज धूप और हवा में धूल के कण आंखों को बीमार कर रहे हैं। जिला अस्पताल के नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में आंखों के रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। प्रतिदिन 130 से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। इनमें से 35-40 मरीज ऐसे आ रहे हैं, जिनमें कंजंक्टिवाइटिस की शिकायत है। अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका सेन ने बताया कि गर्मी में शरीर का पसीना, बरसात का पानी भी आंखों में जा रहा है। इससे आंखों की समस्या के मरीज आ रहे हैं। तेज धूप के कारण भी लोगों को इस तरह की दिक्कत हो रही है। ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों को इलाज के साथ चश्मा लगाने की सलाह दी जा रही है। वहीं ठंडे पानी से आंखों को धोने के लिए कहा जा रहा है।



जिला अस्पताल की नेत्र विभाग की ओपीडी में मरीज देखतीं डॉ. मोनिका।

# रात दो बजे तक नहीं आई बिजली, उपकेंद्र का घेराव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महानगर में रातभर बिजली संकट ने मचाया हाहाकार
- ग्रामीण इलाकों में भी पूरी रात अंधेरे में डूबे रहे कई गांव

**अमृत विचार :** महानगर में शुक्रवार रात भीषण गर्मी और बिजली की आंखमिचौली ने बुरी तरह परेशान किया। बारिश के बाद अधिकांश मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों बिजली आपूर्ति गुल हो गई। रात दो बजे तक कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। जिससे लोगों का सब्र जवाब दे गया। गुस्साए नागरिकों ने रात के समय ही कांशीराम नगर विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर हंगामा किया और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।

कांशीराम नगर में शनिवार रात तेज हवा और बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति गुल हो गई। रात 12 बजे तक बिजली आपूर्ति सुचारु न होने पर बिजली कर्मचारियों और एसडीओ को फोन मिलाया, लेकिन किसी ने रात एक बजे तक जब फोन नहीं उठाया तो मोहल्ले के लोग इकट्ठा होकर कांशीराम विद्युत उपकेंद्र पहुंचे, जहां बिजली कर्मचारी मिले पर बिजली आपूर्ति सुचारु होने के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिसे लेकर लोगों की भीड़ रात दो बजे तक विद्युत केंद्र को घेरे रही। दो बजे बिजली आपूर्ति सुचारु होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और वापस लौटे। महानगर के आवास विकास, अशोक नगर, हुमायूं नगर, कटघर, कांशीराम नगर, जिगर कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों में शुक्रवार रात अचानक बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी हुई। ग्रामीण क्षेत्रों मझोला, मूंढापांडे, कुंदरकी, भोजपुर, डिलारी समेत कई गांवों में तो बिजली आपूर्ति पूरी रात बाधित रही। लोग अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर रहे। कई गांवों में इनवर्टर भी जवाब दे गए, जिससे मोबाइल चार्ज, पानी की मोटर और अन्य काम ठप पड़ गए। इससे लोगों को परेशानी हुई।

## बिजली कटौती की समस्या को कराएं दूर

**रामपुर, अमृत विचार:** राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा और अनुसंधान बलदेव सिंह औलख ने शहर स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने विद्युत विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बिजली कटौती की समस्या का समाधान कराएं। जर्जर विद्युत लाइनें एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से दुरुस्त कराना तय करें। कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी क्षेत्रों और किसानों को सिंचाई के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध आपूर्ति कराएं। आपूर्ति को लेकर लोगे शिकायत कर रहे हैं कि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जिम्मेदार हैं। अधिशासी अभियंता विद्युत उपकेंद्र स्तर के एसडीओ और जेई की सक्रियता, उनके कार्यों की भी मॉनीटरिंग करें। उपभोक्ताओं की बिजली बिल और आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के समाधान को लेकर भी उन्होंने गंभीरता बरतने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।

# भाजपा पर बरसे सांसद हरेंद्र मलिक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने शनिवार को पंचायत भवन सभागार में आरक्षण दिवस को संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस के रूप में मनाया। मुख्य अतिथि सांसद हरेंद्र मलिक भाजपा पर जमकर बरसे, कहा कि भाजपा सत्ता में आते ही संविधान को भूल जाती है। कार्यक्रम में जिले की सपा सांसद, विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में जुटे। कार्यक्रम के बीच कांवड़ियों का भी स्वागत सत्कार किया गया।

आरक्षण दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत सांसद हरेंद्र मलिक, सांसद रुचि वीरा, जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव समेत अन्य विधायक द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि आरक्षण सामाजिक न्याय की नींव है। हालात बेहद चिंताजनक हैं। जो लड़ेगा वही बढ़ेगा, टिकट सिर्फ अखिलेश यादव देते हैं, किसी और की बातों में मत आइए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा चुनाव जीतने तक संविधान की दुहाई देती है, लेकिन सत्ता में आते ही उसके खिलाफ काम करती है। सांसद रुचि वीरा ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो लोग सोशलिज्म के खिलाफ हैं, वे सेक्युलरिज्म को भी नहीं मानते। उन्होंने महिला सांसद के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी पर कार्रवाई न होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि यह लोकतंत्र और महिला सम्मान दोनों का अपमान है। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी बाबर खान, शाने अली शानू, कसीमुल हक, फिरासत हुसैन गामा, लाखन सिंह सैनी, धर्मेंद्र यादव, आदित्य चौधरी, असलम चौधरी, नौशाद पाशा, पिंटू विश्नोई, कपिल मीना, प्रेम बाबू वाल्मीकि, सुनीता सिंह, मनीष जाटव, प्रशांत सैनी, लुकमान खान, बदुद खान, शारिक कुरैशी, दिव्यांशु सागर सहित मौजूद रहे।




सांसद हरेंद्र मलिक का स्वागत करती सांसद रुचि वीरा व अन्य सपा नेता।

- आरक्षण दिवस को संविधान मान स्तंभ दिवस के रूप में मनाया

## न्यूज डायरी



### कम्पार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट परीक्षाएं देने पहुंचे छात्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 10वीं कम्पार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट परीक्षा और 12वीं कक्षा कम्पार्टमेंट परीक्षा शनिवार को संपन्न हुई। 10वीं की परीक्षा में 221 छात्र बैठे और 25 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं 12वीं के छात्रों की कंपार्टमेंट परीक्षा में 455 छात्र बैठे और 15 छात्र परीक्षा देने नहीं पहुंचे। जिविनि देवेंद्र पांडेय ने बताया कि हाईस्कूल और इंटर की हाईस्कूल कम्पार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट परीक्षा मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में कराई गई।

### एकता अकादमी में हुई मेहंदी प्रतियोगिता

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रामनगर खागूवाला में एकता अकादमी में शनिवार को मेहंदी प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में छात्राओं ने हाथों पर मेहंदी लगाई। निर्णायक मंडल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। बच्चों ने झूले पर झूलकर खूब मस्ती की। विद्यालय की प्रधानाचार्य मान्या चौधरी ने कहा कि ऐसा आयोजन छात्रों की सांस्कृतिक समझ और रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में शिक्षिका रिंकी चौधरी, पायल देवी, एकता चौधरी के साथ स्कूल के छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह का समापन मिठाई वितरण के साथ हुआ।

### सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बाधित रहेगी विद्युत सप्लाई

**कांठ, अमृत विचार :** रविवार को समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कांठ को पोषित किए जाने वाली 33 केवी लाइन पर पेड़ों की छंटाई का काम किया जाएगा। एसडीओ सुमित कुमार रस्तोगी ने बताया कि क्षेत्र में बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए जंगल से गुजर रही विद्युत लाइन के ऊपर आ रहे पेड़ों की डालियों की छंटाई, कटाई के कारण विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। एसडीओ ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।

### गोशाला का निरीक्षण किया

**छजलैट, अमृत विचार :** एसडीएम ने सादकपुर खिचड़ी गोशाला में गोवंशों के खानपान और गर्मी से बचाव की व्यवस्थाएं देखीं। एसडीएम ने कहा कि गर्मी में गोशाला में गोवंश पशुओं को गर्मी से बचने के लिए टिन शेड में शिफ्ट किया जाए। कहा कि गोवंश पशुओं को सबमर्सिबल चलाकर ठंडा पानी पिलाया जाए और समय पर खल, चोकर, हरा चारा खाने को मिले। केयरटेकर व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत सचिव पशु चिकित्सकों को बुलाकर बीमार गोवंशों का उपचार कराएं। पशुओं को किसी तरह की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। इनका विशेष ध्यान रखा जाए।

### चोरों के डर से सहमे ग्रामीण, कर रहे पहरेदारी

**अमृत, विचार भोजपुर :** एक सप्ताह बाद भी ग्रामीणों में दशहत कम नहीं हो रही है। पहले रात में ड्रोन उड़ने से ग्रामीण रातें जागकर गुजार रहे थे। अब अंधेरा होते ही चोरों के गांव के बाहर मौजूद होने की अफवाहों से लोग परेशान हैं। लगातार चोरों की आवाजाही की अफवाहों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने अपने स्तर से सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। ग्रामीण रात को छतों पर जागकर और गांव में घूमकर पहरेदारी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस आती है लेकिन तब तक ड्रोन मौके से गायब हो चुका होता है।

### पवित्रता में होता है भगवान का वास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री राधा कृष्ण पंचायती मन्दिर नबावपुरा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के आखिरी दिन शनिवार को कथा व्यास आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने कहा कि जितना मन से पवित्र रहोगे उतना ही भगवान के करीब रहोगे। हम अकारण रूप से दूसरों के जीवन में बाधक नहीं बनेंगे तो वह भी हमारे जीवन में बाधक क्यों बनेंगे। जब हम सब उस एक ही ईश्वर की संतान हैं और सब मेहनत और कर्म करके उन्नति कर रहे हैं तो फिर क्यों हमारे भीतर ईर्ष्या और द्वेष बढ़ता जा रहा है। आयोजन में राजेन्द्र रस्तोगी, किशन प्रजापति, रीना प्रजापति, माधव कान्ता देवी दासी, अंकित पण्डित, राम गोपाल, विपनेश गुप्ता, अमित शर्मा, पवन अग्रवाल रहे।



## कांवड़ यात्रा

डीजे के अलावा पैदल जत्थे हरिद्वार व बृजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहे

# हाईवे पर बोल बम, हर-हर महादेव की गूंज



कांठ से कावड़ लेकर गुजरते शिव भक्त। ● अमृत विचार



कांवड़ लेकर जाता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक के लिए कांवड़िये हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहे हैं। शनिवार को हाईवे पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर अधिकारियों ने व्यवस्था बनाने के लिए पसीना बहाया।

हरिद्वार और बृजघाट से पैदल कांवड़ियों के अलावा बड़े जत्थे भी लौट रहे हैं। बोल बम, हर हर महादेव का जयघोष करत हुए शिवभक्त अपने गंतव्य की ओर शिव भक्ति में लीन होकर चल रहे हैं। कांठ रोड, दिल्ली रोड पर पैदल के अलावा डीजे के साथ कांवड़ियों का जत्था पूरे दिन और देर रात गुजरता रहा। पुलिस ने कई जगह बैरिकेडिंग कर रूट डायवर्ट कर दिया। मुख्य सड़क के बीचोबीच डिवाइडर के अलावा अन्य जगहों पर लोहे के गर्डर लगाकर उसे रस्सी से बांधकर बड़े और छोटे वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की गई। व्यवस्था बनाने में प्रशासन और पुलिस के अधिकारी दिन भर जूझते रहे। वहीं कांवड़ियों की सेवा के लिए लगे शिविर में भी लोगों ने उनकी सेवा किया। नगर निगम की ओर से कांठ रोड पर लगे शिविर में कांवड़ियों ने विश्राम किया।

## इग्नू की कुलपति प्रो. उमा कांजीलाल को दी बधाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) को पहली महिला कुलपति मिल गई हैं। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने प्रो. उमा कांजीलाल को इग्नू का कुलपति नियुक्त किया है।

शनिवार को मुरादाबाद हिंदू महाविद्यालय इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. एके सिंह ने बताया कि प्रो.उमा कांजीलाल पहली महिला कुलपति बनने पर हिंदू महाविद्यालय में खुशी को माहौल रहा। प्रोफेसर सिंह ने बताया कि पिछले एक वर्ष से कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यरत थीं। प्रो. सिंह ने बताया कि प्रो. कांजीलाल के नेतृत्व में अध्ययन केंद्र को कई नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति मिली है। प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत ने कहा उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय तकनीक आधारित शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेगा।

सिटी ब्रीफ

## गोल चक्कर पर कैंटर पलटा, चालक घायल

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र के 60 मीटर रोड पर महाकालेश्वर धाम मंदिर के पास वाले गोल चक्कर पर कैंटर पलट गया। उसमें पेपर के रोल रखे थे। जो दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रहा था। अमरोहा का निवासी चालक मुनासिर गाड़ी चला रहा था। जिसके चोट आई है। जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम को कैंटर को क्रेन द्वारा हटवाया गया।

## हमले का वांछित पकड़ा

**भोजपुर अमृत विचार :** शनिवार को उप निरीक्षक अजय दुबे ने थाना कटघर के गांव ताजपुर निवासी रिटायर्ड फौजी विमल कुमार के भाई विकास चंद्र यादव पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित गांव दादुपुर निवासी संजीव कुमार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## 4 लोगों पर मारपीट व धमकी की रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना गलशहीद क्षेत्र के लंगड़े की पुलिया असालतपुरा निवासी उमैर उर्फ सोनू रोडवेज के पास वेज बिरयानी का ठेला लगाता है। उसने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार रात 10 बजे उसके ठेले पर मोहल्ले का जुबैर अपने भाई फैजी, बड़ा अहाता निवासी अमान और सीधी सराय निवासी फैजान के साथ आया। आते ही चारों गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने सोनू को मारपीट कर घायल कर दिया। चीख पुकार मचने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। जिसके बाद पीड़ित ने थाने पर पहुंच कर तहरीर दी। थाना गलशहीद एसओ सौरभ त्यागी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, नकलविहीन कराने की तैयारियां पूरी

# आज 61 केंद्रों पर होगी आरओ, एआरओ की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

- 61 केंद्रों पर 27,072 अभ्यर्थी हैं पंजीकृत, रात में ही पहुंचे बहुत से परीक्षार्थी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सेवा आयोग द्वारा आयोजित रिव्यू ऑफिसर (आरओ) और असिस्टेंट रिव्यू ऑफिसर (एआरओ) की परीक्षा रविवार को जिले के 61 केंद्रों पर एक पाली में सुबह 9:30 से 12:30 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को केंद्र पर सुबह 8 बजे पहुंचना होगा। परीक्षा के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार की रात से केंद्रों पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी। बहुत से परीक्षार्थी रात को परीक्षा के लिए शहर में पहुंच गए हैं। कांवड़ यात्रा के बीच हो रही इस परीक्षा के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने स्टेशन और बस स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी।

रविवार को जिले के 61 परीक्षा केंद्रों पर 27,072 अभ्यर्थी आरओ, एआरओ की परीक्षा देंगे। केंद्रों पर कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिसे निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्रियाशीलता परखा। कैमरे को नियंत्रण कक्ष से जोड़कर निगरानी की जा रही है। कांवड़ यात्रा से दौरान यातायात को देखते हुए अधिकांश परीक्षार्थियों ने रात को ही डेरा डाल दिया है। बढ़ी भीड़ की सूचना पर जिलाधिकारी और एसएसपी भ्रमण निकल गए। रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड पर आरओ एआरओ की परीक्षा देने आए छात्रों की भीड़ रात में बढ़ने को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई। हर केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस बल और निगरानी दल तैनात किए गए हैं। परीक्षा की नोडल अधिकारी एडीएम सिटी ज्योति सिंह ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।






# 99 किलो गांजे के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

### चारों पर मामला दर्ज, जीआरपी-आरपीएफ ने स्टेशन पर पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


जीआरपी-आरपीएफ द्वारा पकड़े गए तस्कर।

**अमृत विचार :** राजकीय रेल पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल ने टीम के साथ चेकिंग के दौरान गांजा तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 98 किलो 900 ग्राम गांजा के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर की गई। गिरफ्तार आरोपियों में तीन पुरुष और एक महिला शामिल हैं, जो अलग-अलग राज्यों से गांजा लाकर मुरादाबाद में सप्लाई करने आए थे। जीआरपी ने चारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ला ने बताया कि अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनिल कुमार वर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में गठित टीम ने यह सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि टीम ने रेलवे स्टेशन से अजय कुमार, सोनू कुमार, कपिल चन्द निवासी किशनगढ़ बसंत कुंज दिल्ली व अधूरी राय निवासी नवाकगांव थाना कुमारगंज दक्षिण दिनाजपुर पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया है। एसपी रेल ने बताया कि अजय कुमार के ट्रॉली बैग से 18 किलोग्राम व 17 किलोग्राम गांजा, सोनू कुमार के बैग से 21किलोग्राम गांजा, कपिल चन्द के बैग से 20.900 किलोग्राम गांजा व मोबाइल 700 नकद और अधूरी राय के बैग से 20.800 किलोग्राम गांजा व मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ट्रेन से सस्ते दामों में गांजा लाकर मुरादाबाद सहित आसपास के जिलों में नशे के आदी लोगों को ऊंचे दामों पर बेचते हैं। चारों आरोपियों के खिलाफ थाना जीआरपी पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

## भाकियू के जिलाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की जनपद स्तरीय बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष का विरोध सामने आया है। जिले के सभी ब्लॉक और तहसील अध्यक्षों की उपस्थिति में अविश्वास प्रस्ताव पारित कर प्रदेश नेतृत्व से मांग की गई कि जिलाध्यक्ष को तत्काल पद से हटाया जाए।

शनिवार को सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान जिलाध्यक्ष संगठन को मजबूत करने में विफल रहे हैं। उन्होंने न तो जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय किया, न ही तहसील और ब्लॉकों में संगठन का विस्तार किया। सभी ब्लॉक और तहसील अध्यक्षों ने जिलाध्यक्ष को पद से हटाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष को लिखित मांग पत्र भी सौंपने का निर्णय लिया। यूनियन के नेताओं ने कहा कि कार्रवाई नहीं की गई तो जिले में असंतोष और बढ़ सकता है। बैठक में डॉ. चरन सिंह, दीपक चौधरी, नरेश प्रताप सिंह, नरेंद्र पाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, मूंढापांडे धर्मेश सिंह, माखन सिंह, नौशाली गुड्डू पाशा, राजेंद्र सिंह, श्याम विजय सिंह, अजय पाल सिंह, देवेंद्र सिंह, माजिद हसन, शाने अली, दीपक चौधरी आदि मौजूद रहे।

# जहां भगवान वराह का चित्र होगा, वहां शुद्ध भोजन मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


स्वामी यशवीर के साथ मौजूद विहित धर्म प्रसार के प्रांत प्रमुख व अन्य।

**अमृत विचार :** स्वामी यशवीर महाराज ने मुरादाबाद में समर्थकों के साथ ढाबों और होटल पर भगवान वराह का चित्र लगवाकर कांवड़ियों को शुद्ध भोजन करने के लिए उपयुक्त जगह बताया।

सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान स्वामी यशवीर महाराज ने दिल्ली मुरादाबाद रोड पर होटल और ढाबों पर भगवान वराह का चित्र वितरण कर उसे लगवाने के लिए अभियान चलाया। कहा जहां-जहां भगवान वराह का चित्र होगा वहां कांवड़ियों को शुद्ध भोजन मिलेगा।

उन्होंने कांवड़ियों को आतंकवादी कहने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करने की मांग की। कहा कि कुछ लोग आतंकवाद का समर्थन करते हैं और सनातन को बदनाम करते हैं। कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना का समर्थन करने वाले व्यक्तियों की भारत सरकार को जांच करानी चाहिए। विहिप केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. राजकमल गुप्ता ने स्वामी की मुहिम का समर्थन करते हुए उनके अभियान को आगे जारी रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन विहिप धर्म प्रसार के प्रांत प्रमुख सुनील सिद्धू ने किया। इस अवसर पर विजय सिंह, योगेश त्यागी, नवदीप अग्रवाल, गौरव कश्यप, नवदीप कुमार, सुनील कुमार, आदित्य भटनागर, गौरव भटनागर, डॉ. महेंद्र राम राजपूत, मोनू बिश्नोई आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डॉ. एसटी हसन को गिरफ्तार करने की मांग की

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर की ओर से शनिवार को क्षेत्राधिकारी कटघर व थाना प्रभारी को तहरीर दी गई। इसमें मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन के विवादित बयानों पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।

राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन द्वारा निरंतर हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले बयान दिए जा रहे हैं। जिसका विरोध राष्ट्रीय बजरंग दल करता रहा है। उनके द्वारा हाल में दिया बयान की हिंदू समाज भर कड़ी निंदा करता है। हालांकि उन्होंने अपना बयान वापस लेने की बात कही है मगर आए दिन विवादित बयान देकर हिंदू आस्था को ठेस पहुंचाने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई कर गिरफ्तार करने की संगठन मांग करता है। ज्ञापन देने वालों में गौरव सैनी, विजय शर्मा, अमन सैनी, रोहित भटनागर, दीप खुराना, इशांत भारद्वाज, अभिषेक श्रीवास्तव, जतिन प्रजापति, ओमप्रकाश सैनी, रामपाल प्रजापति, शिवम कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महिला से छेड़छाड़ विरोध पर चाकू मारा

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम में घर से कूड़ा डालने गई महिला से अज्ञात व्यक्ति ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर चाकू मारकर महिला को घायल कर दिया। महिला ने थाने पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की। कुंदरकी पुलिस ने महिला का मेडिकल कराया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शेरावत ने बताया महिला की शिकायत के आधार पर मामला पंजीकृत किया जा रहा है।

## सोयायटी की छत से गिरकर इंजीनियर की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में कांठ रोड स्थित सोयायटी की छत से गिरकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर शिवम जेठी की मौत हो गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के कांठ रोड स्थित पेसिफिक होम सोयायटी के फ्लैट 112 में रहने वाले सॉफ्टवेयर शिवम जेठी नोएडा में नौकरी करते थे, जबकि उनके माता पिता सोयायटी में रहते हैं। पत्नी नोएडा में नौकरी करती है, लेकिन दो साल पहले तलाक हो गया था। पुलिस के अनुसार शिवम एक सप्ताह पहले अपने मां बाप से मिलने आए थे। शुक्र रात वह सोसायटी की छत से टहल रहे थे। इसी दौरान वह नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। छत से कैसे गिरे। इसकी जांच की जा रही है।

# दोहरा हत्याकांड : शाहनवाज और जुनैद की मौत से चार बेटियां हो गई अनाथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


मृतक जुनैद के परिजन। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी शराब हट्टी के पास हत्याकांड का शिकार हुए दोनों युवकों के दो-दो बेटियां हैं। पिता की हत्या के बाद अब चारों बच्चियां अनाथ हो गए हैं।

मृतक शाहनवाज की दो बेटियां सुयैबा (10) और अस्का(8) हैं। शाहनवाज की पत्नी की तीन साल पहले मौत हो चुकी है। मां के बाद अब पिता की मौत होने से दोनों बेटियां अनाथ हो गईं हैं। भाई फईम ने बताया कि उनके पिता शहजादे की मौत पहले ही हो चुकी थी। अब घर में मां सलमा और दो अविवाहित बहनें और शाहनवाज की दोनों बच्चियां बची हैं। शाहनवाज की दो बहनों की शादी हो चुकी है। दूसरी ओर हत्याकांड के शिकार जुनैद के भी पिता अब्दुल कलाम की भी मौत हो चुकी है। उसके परिवार में मां मुस्तर जहां, भाई अबु जैद और बहन उमेरा हैं। भाई ने बताया कि जुनैद की शादी हुई थी, दो साल पहले उसका तलाक हो चुका है। जुनैद की भी दो बेटियां हैं, जो पिता की मौत के बाद अनाथ हो गई हैं। शनिवार की शाम मगरिब की नमाज के बाद दोनों को असालतपुरा स्थित हरीचुगो वाले कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

> शराब के नशे में रुपयों को लेकर विवाद हुआ था। चाकू से हमला करके हत्या की है। आरोपी ठेकेदार शारिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगा दी गईं है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। -**कुमार रणविजय सिंह,** पुलिस अधीक्षक नगर

## अल्ट्रासाउंड के लिए एक माह का इंतजार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हो पा रही हैं। महिला मरीज ही नहीं बल्कि गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए 20 दिन से लेकर एक माह तक का इंतजार करना पड़ रहा है। जल्दी के लिए स्टाफ से कहने पर वे ठीक से बात तक नहीं कर रहे।

अस्पताल में रोज 150 महिलाएं अल्ट्रासाउंड कराने के लिए पहुंचती हैं। लेकिन समय पर अल्ट्रासाउंड न होने के चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्भवती महिलाओं का आरोप है कि उन्हें अल्ट्रासाउंड के लिए एक महीने बाद की तारीख दी जा रही है। सुबह 8 बजे से नंबर लगाने के लिए दोपहर 12 बजे तक भी इंतजार करना पड़ सकता है। ऐसा रोजाना अल्ट्रासाउंड के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं के साथ हो रहा है।

# बार एसोसिएशन चुनाव: अधिवक्ताओं से समर्थन मांग रहे सभी प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कचहरी में प्रचार करते अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आनंद मोहन गुप्ता। • अमृत विचार

- अध्यक्ष पर पद दो व महासचिव पद पर 10 प्रत्याशी मैदान में

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी आमने-सामने हैं, वहीं महासचिव पद के लिए 10 उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। सभी पदों के प्रत्याशियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है।

शनिवार को अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आनंद मोहन गुप्ता और अमीरुल हसन जाफरी ने कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं से मुलाकात कर अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। दोनों प्रत्याशी बार-बार अधिवक्ता चैंबरों में पहुंचकर अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। वहीं महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष समेत अन्य पदों के प्रत्याशी भी अधिवक्ताओं से समर्थन मांगने में लगे हैं। प्रत्याशी अधिवक्ता समूहों की बैठकों में शामिल होकर समर्थन जुटा रहे हैं। कचहरी परिसर में जगह-जगह बैठकों का दौर जारी है, जहां अधिवक्ता आपस में सलाह-मशविरा कर अपना पक्ष तय कर रहे हैं। चुनाव के लिए मतदान 29 जुलाई को होगा।

**आयोजन** भाजपा महानगर की ओर से संगोष्ठी कर निकाला गया मशाल जुलूस

# कारगिल विजय दिवस भारत के लिए गर्व का दिन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते मुख्य अतिथि।

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में शनिवार को पार्टी के बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार में पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल रहे।

मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता सूर्य प्रकाश पाल ने महानगर अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी की शुरुआत की। अध्यक्षता डा.हरवंश दीक्षित व संचालन महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी ने किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि आज का दिन हमारे लिये विशेष महत्व रखता है। 26 जुलाई को हम सभी भारतवासी कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं और जिन बहादुर सैनिकों ने कारगिल युद्ध में विजय श्री दिलाने के लिए देश के लिये अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया हम सभी भारतवासी उनको नमन करते हैं। यह दिन 1999 में भारत पाकिस्तान के बीच हुए कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की जीत की याद में मनाया जाता है। विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान ने कहा कि कारगिल विजय दिवस गौरवान्वित करने वाला दिन है। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल जी के नेतृत्व हमने अपने भारतीय वीर सैनिकों के बल पर यह युद्ध जीता। अध्यक्षता कर रहे डॉ. हरवंश दीक्षित ने कहा कि कारगिल युद्ध हमने विपरीत परिस्थिति में लड़ा क्योंकि दुश्मन पाकिस्तान की सेना ऊपरी पहाड़ी चोटियों से प्रहार कर रही थी, हमारे सैनिक नीचे से मुकाबला कर रहे थे। फिर भी हमारे भारतीय सैनिकों ने कड़ा मुकाबला किया और उन्हें वहां से खदेड़ दिया और जीत सुनिश्चित की और पहाड़ी चोटियों पर तिरंगा फहराया। इसके बाद मशाल जुलूस निकाला गया। संगोष्ठी में राज्य गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल, विशेष गुप्ता, संतोष सिंह, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जयसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल, नवदीप टंडन, राहुल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 12 छात्रों का राज्य प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


एसडीएम इंटर कॉलेज में लगी प्रदर्शनी में प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते छात्र।

**अमृत विचार :** स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज में इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता (सत्र 2023-24 व 2024-25) का आयोजन शनिवार को हुआ। इसमें जिले के 175 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। निर्णायक मंडल ने प्रदर्शनी में 12 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया।

विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन संयुक्त शिक्षा निदेशक, द्वादश मंडल मुरादाबाद मनोज कुमार द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, डीआईओएस टू सर्वेश कुमार, एडीआईओएस शतानंद शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। उनके साथ जनपदीय इंस्पायर नोडल अधिकारी बबीता मेहरोत्रा और विद्यालय प्रबंधक प्रेमवीर सिंह भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका में एनआईएफ से निहारिका एवं अक्षिता, केजीके कॉलेज से डॉ. योगेम्बर सिंह व डॉ. गोविंद राज नौनियाल, विल्सोनिया डिग्री कॉलेज से डॉ. संजय अग्रवाल, आईएफटीएम विश्वविद्यालय से डॉ. अंकुर जैन व डॉ. संजना तिवारी और हिन्दू कॉलेज से डॉ. वीरेश कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बुद्धप्रिय सिंह ने चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुमेष कुमार और संयोजन हेमंत अवस्थी ने किया।

| राज्य स्तर के लिए चयनित प्रतिभागियों में सत्र 2023-24 से चयनित छात्रा | |
|---|---|
| छात्र छात्राएं | प्रदर्शित मॉडल |
| इंद्र प्रताप सिंह | न्यू जनरेटेड पोछा |
| तुषार | महिलाओं के लिए गोबर मशीन |
| जीत छाबड़ा | स्मार्ट प्लांट गार्ड |
| कृष्णा शर्मा | वाटर बैंक |
| तसब्बुर | भारतीय कृषि मशीन |
| ध्रुवीन धर्मेंद्र | सौर ऊर्जा चालित सड़क सफाई मशीन |
| सत्र 2024-25 से चयनित छात्र | |
| मीनाक्षी | हैंडफ्री सनशेड फॉर रोड साइड वर्कर्स |
| राखी | इलेक्ट्रिक टैंक क्लीनर ब्रश |
| मोहम्मद अरसद | अटल कृषि मित्र |
| जेबी परवीन | अशुद्धिनाशक मशीन |
| आराध्या सिंह | स्ट्रीट लाइट सेंसर |
| शुभम | ऑटोमैटिक फोल्डिंग कवर फॉर टू व्हीलर्स |

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# जेसीबी से ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटाया

## नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमणकारियों ने नहीं हटाया था कब्जा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


कदीर तिराहे के निकट अवैध निर्माण को तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्राम समाज की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन ने चेतावनी के बावजूद अवैध कब्जा नहीं हटाने पर ग्राम समाज की भूमि पर बनी दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया।

कदीर तिराहा पर ग्राम समाज की करोड़ों रुपये की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर दुकानों का निर्माण कर लिया था। जिला अधिकारी के आदेश पर एसडीएम प्रीति सिंह के नेतृत्व में ग्राम समाज की सरकारी संपत्ति पर किए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर कब्जा मुक्त करने की कार्रवाई की गई। बताया कि इस संबंध में अवैध कब्जादारों को नोटिस भेज कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन कब्जे नहीं हटे। जिस पर शनिवार को दोपहर बाद एसडीएम प्रीति सिंह, नायब तहसीलदार आदित्य कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, जसपाल सिंह ग्वाल उप निरीक्षक के साथ नगर पालिका की टीम जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ध्वस्त करना शुरू कर दिया।

नगर निवासी मुख्तियार सैफी, समीर सैफी ने उक्त दुकान अपनी भूमि में बताकर विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने वर्ष 2005 का आदेश भी दिखाने का प्रयास किया। लेकिन अधिकारियों ने कहा कि यह सरकार की संपत्ति है और देखते ही देखते दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। इसके बाद उस्मान की चार दुकानों को भी ध्वस्त कर दिया। इस दौरान एसडीएम प्रीति सिंह, कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह, बलराम सिंह दीक्षित, क्राइम इंस्पेक्टर संजय शुक्ला, नगर पालिका से विजयपाल सिंह, दीपक कुमार, अर्जुन व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्तियार सैफी व समीर सैफी का कहना है कि उक्त दुकान उनकी अपनी निजी भूमि में बनी हैं। वह वरिष्ठ अधिकारियों से इस संबंध में वार्ता करेंगे।

## भाजपा पिछड़ों के साथ कर रही अन्याय

**कांठ, अमृत विचार :** दलित, पिछड़ों के साथ भाजपा अन्याय कर रही है। संविधान से छेड़छाड़ करने वाली भाजपा के विरुद्ध वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर सबक सिखाना होगा।

यह विचार लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के तत्वावधान में लोक मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोक मोर्चा के संयोजक स्वामी प्रसाद मौर्य ने साईं बैंकट हॉल में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास का गला घोट रही है। सरकार देश के अन्नदाता को लाभकारी मूल्य दिलाने का वादा कर मुकर गई। भाजपा हिंदू मुस्लिम के नाम पर आपस में लड़ाने का कार्य कर रही है। विनेश ठाकुर ने कहा कि हमें एकजुट होकर आगामी चुनाव में तानाशाह सरकार को सबक सिखाकर लोक मोर्चा को कामयाब करना होगा। तभी देश और सभी का विकास संभव है। इस अवसर पर राजकुमार सैनी, मोतीलाल शास्त्री, राजपाल सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जन सेवा दल विनेश कुमार, राजपाल सिंह, कैलाश सिंह, सलीम अख्तर आदि ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विनेश ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।


दर्जा राज्य मंत्री सूर्य प्रकाश पाल का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

# विजय दिवस पर कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** ब्लाक सभागार में कारगिल विजय दिवस पर जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री सूर्य प्रकाश पाल ने बताया कि इस दिन कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत हुई थी, इसीलिए आज के दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस युद्ध में लगभग 527 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे और 1300 से अधिक घायल हुए थे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा आकाश कुमार पाल, जिला महामंत्री कमल कुमार प्रजापति, जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, जिला उपाध्यक्ष राजपाल आर्य, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा आनंदी प्रजापति, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अरुण पंडित, गुलाम जिलानी, गुलाम रब्बानी, संजय कश्यप, बबलू जाटव, रमन भूषण, बृजेश लोधी, लवली चौधरी, अमन ठाकुर, ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, संजय दिवाकर, देव सिंह सैनी, पंकज शर्मा, मजलूम पाशा, नक्शे अली, दानवती पाल, जयपाल चौधरी, ओमपाल सिंह, विनोद कश्यप, मंसूर आलम, महेंद्र सिंह पाल, जीशान खान, कृष्ण अवतार, डॉ. शाकिर अली समून मलिक आदि रहे।


सपा कैंप कार्यालय पर बोलते विधायक फहीम इरफान।

# सपाइयों ने संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** सपा कैंप कार्यालय पर 26 जुलाई को संविधान मान स्तम्भ दिवस के रूप में मनाया गया। सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि वर्ष 1902 में कोल्हापुर राज्य के शासक छत्रपति शाहूजी महराज ने शासन-प्रशासन में पिछड़ों को 50 प्रतिशत का आरक्षण लागू किया था। इस ऐतिहासिक दिन को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछले वर्ष 2024 में प्रदेश के सभी कार्यालयों में संविधान मान स्तम्भ की स्थापना के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर उस्मान, सौरभ यादव, अकरम मालिक, वाजिद खान, रेहान पाशा, अमरपाल यादव, शिशुपाल यादव, रमाकांत सैनी, इंदरपाल यादव, राकेश धनगर, रिजवान अहमद, भूप सिंह प्रधान, रवींद्र, हप्पू राजा मेंबर, सद्दाम हुसैन, नेम सिंह, संजीव यादव, अरशद गामा, अनवर, कासिम आजाद, शांति देवी, रिंकी प्रधान, सीमा देवी रहे।

# तीज पर स्कूलों में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ में तीज पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षिका नीतू चौधरी द्वारा किया। महिला शिक्षकों द्वारा मेहंदी, डांस एवं बलून कप, रेम्प वॉक, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय शिक्षकों में मेहंदी प्रतियोगिता में ईरम प्रथम, फिरदौस द्वितीय एवं तूबा चौधरी एवं सबा तृतीय स्थान पर रहे। बैलून कप प्रतियोगिता में जोहा असद प्रथम, अभिनव राजपूत द्वितीय एवं अक्षिता बिश्नोई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।



कांठ में झूला झूलते स्टाफ व छात्राएं।

**बिलारी** में कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में तीजोत्सव से पूर्व मेहंदी प्रतियोगिता हुई। प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन ने बताया कि हरियाली तीज से पूर्व छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। सुभाषिनी वर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में तनु, रीना, सोनम, सलोनी, अंजली ,कोमल, आलिशा, सोफी, स्वाति, आशी, वैशाली, रूचि सिंह, निशा सैनी, विनीता, अंजू, मीनाक्षी, अंशी ने मेहंदी लगाई। सुभाषिनी वर्मा, प्रियंका सिंह, रिद्धिमा यादव शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## प्रतियोगिता में कशिश प्रथम, स्वाति द्वितीय

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय होलिका मंदिर में मेंहदी प्रतियोगिता हुई। शनिवार को प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता संचालन आचार्य निर्वेश, ऋतु, मनोज, अंजली, महक, रीया ने किया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर कशिश, दूसरे स्थान पर स्वाति, तीसरे स्थान पर साजिया को चुना गया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान हनी गौतम, द्वितीय निकिता और संध्या, तृतीय स्थान भूमिका दिव्या और नव्या रही। प्राइमरी वर्ग में सांची प्रथम, द्वितीय दीपाली और तृतीय सहजप्रीत रही। प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अशोक कुमार, आचार्य रमेश, नरेश, लवकुश, उत्कर्ष, दुष्यंत, अर्जुन रहे।

## पीएचसी पर आज लगेंगे आयुष्मान हेल्थ मेले

**कांठ, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आज आयुष्मान भव हेल्थ मेले का आयोजन किया जाएगा। चिकित्साधीक्षक ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मियों को ड्यूटी पर समय से पहुंचने के निर्देश दिए। शासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव हेल्थ मेले लगवाए जा रहे हैं। सीएचसी कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने पीएचसी ऊमरी कलां पर डॉ. मनोज यादव, सीएचओ अंजुम, पीएचसी मतलबपुर पर डॉ. मुक्ति, लैब टेक्नीशियन नितेश कुमार, स्वास्थ्य कर्मी कल्लू सिंह व सिम्मी की ड्यूटी लगाई है। पीएचसी कोठी खिदमतपुर पर डॉ. अशोक कुमार रहेंगे।

## न्यूज डायरी



### सांसद हरेंद्र सिंह का किया स्वागत

**कांठ, अमृत विचार :** ऊमरी चौराहे पर समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फुरकान अली ने साथियों के साथ सपा के मुजफ्फरनगर सांसद हरेंद्र सिंह मलिक का स्वागत किया। मुरादाबाद में पंचायत भवन सभागार में संविधान दिवस मान स्तम्भ दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद हरेंद्र सिंह मलिक का मुजफ्फरनगर से मुरादाबाद जाते समय ऊमरी चौराहे निकट स्वागत किया गया। इस दौरान डॉ. विकास चौधरी, माजिद अली, जुगल किशोर, अमित प्रजापति, शमीम अहमद रहे।

### बड़ी सोच ट्रस्ट ने खिलाया खाना

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में बड़ी सोच प्रयास फाउंडेशन ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सर्व समाज रसोई के जरिए लोगों को निशुल्क खाना खिलाया। शनिवार को रोडवेज बस स्टैंड के निकट पंडित ओम कृष्ण शास्त्री ने विधि विधान से पूजा कराई। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार, कोतवाली प्रभारी मोहित चौधरी से रसोई का आरंभ कराया। ट्रस्ट अध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि ट्रस्ट का मकसद भूखों को भोजन कराना, उनकी सहायता करना, गोशाला में योगदान करना आदि जैसे कार्य हैं। इस दौरान कमेटी के राजू गुप्ता, सुरेंद्र कुमार चुग, संजय सक्सेना, देवेन्द्र शर्मा, अभिषेक चांदना, संजीव कुमार अग्रवाल, ओमवीर सिंह, तनु अग्रवाल रहे।

### तेंदुए ने पशु को बनाया निवाला

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात रमपुरा ऊर्फ रामनगर में राजेश पुत्र कन्नू सिंह के घर के पास गन्ने के खेत में तेंदुए ने छुट्टा पशु को निवाला बना लिया। किसान अपने खेतों में कार्य करने जाने से डर रहे हैं। क्षेत्र में तेंदुओं का होना वन विभाग भी स्वीकार कर रहा है। आएतीन क्षेत्र में छुट्टा पशुओं को तेंदुओं के शिकार बना लेने की घटनाएं प्रकाश में आती रहती हैं। ग्राम रमपुरा में कुछ दिनों पूर्व गोशाला के पास गोवंश को अपना शिकार बना लिया था। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर तेंदुआ पकड़वाने की मांग की है।

### कबाड़ में लगी आग

**भोजपुर, अमृत विचार :** गांव गणेशपुर पीपलसाना स्टेशन रोड स्थित परवेज परवेज बाबूजी के ईंट भट्ठे और कूड़ा घर के बीच चांद मस्जिद भोजपुर निवासी सलीम के पुराने प्लास्टिक के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई। शुक्रवार रात लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग से चार लाख रुपये कीमत का प्लास्टिक का कबाड़ जलकर राख हो गया। आसमान में उठ रहीं आग की लपटें दूर से दिखाई दे रहीं थीं।

### लंगर तकसीम किया

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना भोजपुर क्षेत्र के ग्राम कोरबाकू के नजदीक राजगिरी में ख्वाजा गरीब नवाज का लंगर तसकीम किया। लोगों ने बताया की हमने ये लंगर मन्नत पूरी होने पर लगाया है। लंगर के संचालक मोहम्मद आमिर ने बताया कि लंगर बांट कर सबाब का काम किया है। लंगर में संचालक मोहम्मद आमिर के साथ फुरकान रजा, नदीम, अनस, रिंकू सागर, उस्मान रजा, समीर, यूनुस, मोसिम, नदीम शामिल रहे।

### कांवड़ियों का स्वागत

**कांठ, अमृत विचार :** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक कांवड़ देश के नाम अभियान के तहत हरिद्वार से गंगाजल उठाया। कांवड़ नगर पहुंची तो कार्यकर्ताओं ने कांवड़ को पचोकरा तक विदा किया। अगवानपुर के बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कांवड़ को अगले पड़ाव तक पहुंचाया। रामपुर से शुरू हुई यह यात्रा सद्भाव और देश भक्ति का संदेश देते हुए गंतव्य की ओर अग्रसर है। कांठ नगर से सेवा में जिला सह संयोजक हर्ष विशनोई, प्रखंड मंत्री योगेन्द्र चौहान, प्रखंड संयोजक अमन वाल्मीकि, मणिदीप विश्नोई, कनिष्क विशनोई कार्यकर्ता रहे।



# विधायक कमाल अख्तर ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** कांठ के विधायक कमाल अख्तर ने कैंप कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को निस्तारित कराने का प्रयास किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्र से लोग शिकायतें और समस्याएं लेकर विधायक के कैंप कार्यालय पर पहुंचे थे। लोगों ने राशन न मिलने, राशन के लिए पात्रता सूची में नाम न होने या गलत नाम दर्ज किए जाने, जमीन की पैमाइश न हो पाने, विधवा, वृद्धावस्था, दिव्यांग पेंशन में समस्या आदि को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। विधायक ने समस्याओं के निस्तारण कराने की बात कही। विधायक ने कहा कि जन प्रतिनिधि के नाते लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना उनका दायित्व है। उन्होंने भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाकर जनता को परेशान करने का आरोप लगाया। इस मौके पर विक्रम सिंह यादव, वरिष्ठ नेता फुरकान अली, अरशद फुरकान खां, आरिफ मलिक, अमजद अली, डॉ. दानिश, पिंटू विश्नोई, भूरा खां, उम्मेद चौधरी, दानिश चौधरी, हरपाल यादव, रफीक अहमद, उस्मान, अंजार चौधरी आदि रहे।

# शिकायतों का गंभीरता से करें निस्तारण : एसडीएम

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में एसडीएम विनय सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र और गंभीरता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शनिवार को थाना समाधान दिवस में 7 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें दो पारिवारिक विवादों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों के लिए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ता को बार-बार थाने और तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें। शिकायतकर्ता भी संतुष्ट होना चाहिए, जमीन के विवादों में गहनता से जांच करनी चाहिए। दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी मोहित चौधरी, अपराध निरीक्षक जयदेव सिंह यादव समेत कानूनगो और हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में आए छह फरियादी

**भोजपुर, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में हिमायुपुर निवासी मंजु कुमारी, ठीकरी निवासी अहसान अली, बारूभूड़ा निवासी प्रेम सिंह, ताजपुर माफी निवासी बाबू अली, वाजिदपुर तिगरी निवासी राशिद अली एवं मुगलपुरा निवासी इस्लाम अली ने शिकायतें दर्ज कराईं।

## समस्याएं सुनीं

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ में एसडीएम ने शिकायतों का निस्तारण करने के लिए टीम भेजी। एसडीएम कांठ संत दास पवार ने सभी लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, पुलिस कर्मियों से कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का रजिस्टर में अंकित करने के बाद निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद निस्तारण करें। समाधान दिवस की समीक्षा मंडल एवं जिला स्तर पर होती है। कर्मचारी लापरवाही न करें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपनी पुत्री का नाम LIZA AHMAD से बदलकर LIZA SHAFAAT AHMAD रख दिया है, भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचाना जाए। SHAFAAT AHMAD पुत्र AKHLAK AHMAD निवासी मोहल्ला मोलवियान सहसपुर, जिला - बिजनौर, (यू.पी. पिन नं 246745)

सूचना
मैंने अपने पुत्र का नाम MOHAMMAD SAMEER से बदलकर SAMEER SHAFAAT AHMAD रख दिया है, भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना जाए SHAFAAT AHMAD पुत्र AKHLAK AHMAD निवासी मोहल्ला मोलवियान सहसपुर, जिला - बिजनौर, (यू.पी. पिन नं 246745)

सूचना
मैंने अपना नाम MOHAMMAD DAUD KHAN से बदलकर MOHD DAUD KHAN पुत्र बाबर सलीम खान निवासी पंजाबियान, मस्जिद वाहिद नूर साहब, रामपुर उ.प्र. रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

सूचना
पासपोर्ट में मेरा नाम QAMAR JAHAN गलत दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम जो मेरे आधार कार्ड संख्या 584844450376 में अंकित है। QAMAR JAMAL पुत्री श्री KABIR AHMAD निवासी मोहल्ला हकीमपुरा, कस्बा सहसपुर, थाना-स्योहारा, तहसील-धामपुर (जिला -बिजनौर) पिन कोड नं. 246745 हैं, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना
पहले मेरा नाम KM PREETY SHARMA था अब मैंने बदलकर PREETI SACHDEVA पत्नी राजेन्द्र सिंह निवासी-2 बी.पी. कॉलोनी सिविल लाइंस जिला रामपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आप सभी को सावन माह की हार्दिक शुभकामनाएं
पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### समिति ने कराया समझौता

**रामपुर, अमृत विचार :** एसपी विद्यासागर मिश्र के निर्देश पर महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया। पति पत्नी के विवादों में काउंसलिंग कराई। इस दौरान अनुभवी परामर्शदाता अवतार सिंह, नीना साहनी, परवेज खां, अलका जैन उपस्थित रहे। काउंसलिंग के दौरान 14 प्रकरणों को समिति ने सुने, जिसमें एक प्रकरण में समझौता हो गया। 6 प्रार्थना पत्र निरस्त हुए। एक प्रकरण में एफआईआर और 1 प्रार्थना पत्र में अग्रिम कार्रवाई को विधिक न्यायालय प्रेषित किया। प्रार्थना पत्र में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अनु तोमर मौजूद रहीं।

### पर्यावरण बचाने को किया पौधरोपण

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद-रामपुर मार्ग स्थित श्रम विभाग की जमीन पर समाजसेवियों ने पर्यावरण संवारने को पौधरोपण किया। पौधरोपण करने वालों ने दावा किया कि वे पौधों की परवरिश अपनी देखरेख में करेंगे। जाहिद खां ने जामुन के पौधे रोपित किए। इस मौके पर धर्मपाल सिंह, विमल सिंह, सुभान खां आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ खंडित होने पर भड़के कांवड़िये, हंगामा

## थाने के सामने धरने पर बैठे, टक्कर मारने वाले बाइक सवार को बुलाने की जिद पर अड़े रहे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


कांवड़ियों को मनाने का प्रयास करते सीओ। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** हरिद्वार से कांवड़ लेकर जा रहे जत्थे को बाइक की टक्कर से कांवड़ के खंडित होने के बाद कांवड़िये भड़क गए। नाराज कांवड़ियों ने सिविल लाइन थाने के सामने जाम लगा दिया, इससे सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। हंगामे के दौरान कुछ पुलिसकर्मी एक कांवड़िये को लेकर जल लेने के लिए हरिद्वार के लिए रवाना हुए। साढ़े तीन घंटे तक हंगामा चलता रहा। एसपी विद्या सागर मिश्र, एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर कांवड़ियों को शांत कराया।

मीरगंज के नागपुरा के रहने वाले आयुष और शिवम अपने जत्थे में शामिल करीब 47 लोगों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर हरिद्वार जल लेने गए थे। सभी कांवड़िये जल लेकर वापस हो रहे थे। इस दौरान शाम चार बजे शिवम और आयुष का जत्था कांवड़ लेकर मिलक की ओर बढ़ रहा था। फोटो चुंगी के पास बाइक सवार ने दोनों कांवड़ियों को टक्कर मार दी। जिससे कांवड़ खंडित हो गई। इसके बाद गुस्साए कांवड़िये सिविल लाइन थाने के सामने धरने पर बैठे गए। हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर सिविल लाइन इंस्पेक्टर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कांवड़ियों को शांत करने में लगे रहे, लेकिन कांवड़िये बाइक सवार को बुलाने की जिद पर अड़े थे। एक कावंड़िए को जल लेने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ भेजा गया। करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले को शांत कराया। इस दौरान जाम की समस्या भी खड़ी हो गई। एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि कांवड़ खंडित होने के बाद पुलिसकर्मियों को गंगाजल लेने के लिए भेजा गया है। कांवड़ियों को शांत करा दिया गया है।

• साढ़े तीन घंटे तक चला हंगामा
एसपी ने मौके पर पहुंचकर कांवड़ियों को मनाया

**छावनी में तब्दील हुआ हाईवे :** कांवड़ियों के जाम लगाए जाने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। सिविल लाइन थाने के सामने का हिस्सा छावनी में तब्दील हो गया। गंज, कोतवाली के अन्य थानों की फोर्स को बुला लिया था। महिला दरोगा तक को तैनात कर दिया गया था। सीओ सिटी जितेंद्र कुमार भी कांवड़ियों को मनाने में लगे रहे।

### कई और जत्थे भी धरने में शामिल

कांवड़ियों के जल को खंडित करने की जानकारी मिलने के बाद कोसी की तरफ से आए रहे कांवड़िए भी सिविल लाइन थाने में चल रहे धरने में शामिल हो गए। कार्रवाई की मांग कर दी। कांवड़ियों के जाम लगाने सूचना के बाद आला अफसरों के फोन एसपी के पास आते रहे। जाम लगाने के बाद आंबेडकर पार्क से लेकर विकास भवन तक पुलिस ने आनन-फानन में बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया। कोसी पुल के रास्ते से वाहनों को निकाला गया। देर शाम तक कांवड़ियों का धरना जारी था।

# हर-हर महादेव के जयघोष के साथ लौट रहे कांवड़ियों के जत्थे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


जल लेकर गुजरते कांवड़िए।

**अमृत विचार :** सावन के तीसरे सोमवार का उल्लास शिव भक्तों में दिखने लगा है। मन में भगवान शिव की आस्था लिए कांवड़िये शिवालयों की ओर बढ़ रहे हैं। शनिवार को हाईवे पर सुबह से ही कांवड़िये नजर आने लगे। कंधे पर कांवड़ लेकर शिव के भजनों पर झूमते कांवड़िये माहौल को भक्तिमय बना रहे थे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल मुस्तैद रहा।

सावन का तीसरा सोमवार 28 जुलाई को है। हाईवे भगवा रंग में रंगने लगा है। कोसी पुल से लेकर मिलक सीमा तक कांवड़िए ब्रजघाट ओर हरिद्वार से कांवड़ में जलकर लेकर लौट रहे हैं। भक्त अपनी श्रद्धा के अनुसार कांवड़ में जल लेकर आ रहे हैं। देर शाम तक कांवड़ियों की आवाजाही रही। तीसरे सोमवार को लेकर भक्तों में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार शाम से कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन कर दिया गया है। इसके बाद से पुलिस लगातार भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश नहीं दे रही है। शनिवार को भी पुलिस हाईवे पर पूरी तरह से सक्रिय रही। वनवे के सहारे पुलिस रोडवेज और छोटे वाहनों को धीरे धीरे करके निकालती रही। जबकि मुरादाबाद से आने वाली बसों को बाईपास से निकाला गया। डीएम जोगिन्दर सिंह और एसपी विद्या सागर मिश्र ने सावन के मद्देनजर जीरो प्वाइंट शहजादनगर की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए निरीक्षण किया।

# भाजपाइयों ने कारगिल के शहीदों को किया नमन


शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपाई। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नयागंज मंडल के अध्यक्ष राजू सुमन श्रीमाली की अगुवाई में गांधी समाधि पहुंचे। कारगिल बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने गांधी समाधि पर जाकर कारगिल युद्ध में 9 जुलाई को शहीद हुए बलजीत सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि ने कहा कि वीर सैनिकों के साहस, शौर्य और बलिदान के प्रतीक कारगिल विजय दिवस पर नमन करते हैं। गांधी समाधि पर स्वच्छता अभियान चलाकर झाड़ू लगाई। विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अजीत गौतम, कमल कुमार तुरैहा, अजय सक्सेना, सत्य प्रकाश, टिल्लू, बिना रानी अग्रवाल, कमल मित्तल, पवन कश्यप, हीरालाल वीरवार, संजय सैनी, प्रदीप रावत, भगवत सरन सक्सेना, निखिल सक्सेना, कन्हैया लाल पटवा, चेतना आजाद सभासद, श्रेयांश भारद्वाज, कोमल मित्तल मौजूद रहे।

# शिव का पूजन पवित्र भाव से करना चाहिए : पवन

**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वालानगर के शिव विहार स्थित श्री नारायण प्राचीन सर्वेश्वर महादेव मंदिर में शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है।

पांचवे दिन कथा वाचक पवन कौशिक ने बताया कि शिव का पूजन पवित्र भाव से करना चाहिए, जहां शिव लिखा हो वहां पर उससे पूर्व दिशा की ओर आश्रय लेकर बैठना चाहिए। इष्ट देव का सामना रोकना ठीक नहीं माना जाता है। शिवलिंग के उत्तर दिशा में नहीं बैठे। पश्चिमी दिशा में बैठना भी वर्जित है। आगे बताया कि राजा दक्ष प्रजापति की पुत्री सती का विवाह शिव से हुआ था। कथा से मुख्य यजमान संजीव दयाल सक्सेना रहे। इस मौके पर नरेंद्र सक्सेना, नरेश शर्मा, गंगाशरण यादव, ओंकार सिंह, सोमपाल सिंह, दुलीचंद्र, विनोद अग्रवाल मौजूद रहे।

# मनमानी फीस के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन


मांग को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने शनिवार को प्रदर्शन कर निजी डॉक्टरों की ओर से ली जाने वाली फीस का मानक तय कराने की मांग की है। कहा कि प्राइवेट चिकित्सक मरीजों से मनमानी फीस वसूल रहे हैं। जिससे मरीजों को काफी परेशानी हो रही है।

कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां की अगुवाई में शनिवार को पान दरीबा पर विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि प्राइवेट चिकित्सक बहुत अधिक फीस वसूल रहे हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। प्रशासन प्राइवेट चिकित्सकों की बढ़ती फीस पर अंकुश लगाए। आईसीयू में वार्ड के नाम पर मनमानी फीस ली जाती है। मांग है कि सभी निजी अस्पतालों की जांच कराई जाए, ताकि, मरीजों को उचित इलाज उपलब्ध हो। इस मौके पर शम्मू खान, वहब खान, अयान खान, अंकुर चौहान, जिम्मी खान, राजेश सैनी, वसीम खान, बॉबी, सुहैल मियां, तारिक खान आदि शामिल रहे।

# 6264 अभ्यर्थी आज देंगे आरओ की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

• 14 केंद्रों पर होगी परीक्षा, डीएम-एसपी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक
• परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में बंद रहेंगी फोटो कॉपी की सभी दुकानें

**अमृत विचार :** रविवार को समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा होगी। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उप्र लोक सेवा आयोग की ओर से पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर प्रारंभिक परीक्षा होगी।

परीक्षा में 6254 अभ्यर्थी शामिल होंगे। डीएम जोगिंदर सिंह और एसपी विद्यासागर मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। डीएम ने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर गाइडलाइन का गंभीरता पूर्वक पालन होना चाहिए। परीक्षा केंद्र के 500 मीटर के दायरे में फोटोकॉपी की दुकान पूर्णतः बंद रहेंगी। 400 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की भीड़ एकत्रित नहीं होगी। प्रत्येक अभ्यर्थी की निर्धारित गाइडलाइन और अभिलेखों के आधार पर पहचान सुनिश्चित कराने के बाद ही अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 45 मिनट पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।

प्रत्येक अभ्यर्थी का बॉयोमैट्रिक सत्यापन भी अनिवार्य रूप से होगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहेंगे और केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा ड्यूटी पर तैनात अन्य किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को मोबाइल फोन के साथ प्रवेश प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया है। इसकी मॉनीटरिंग प्रशासन और आयोग करेगा। इस दौरान एडीएम प्रशासन डॉ. नितिन मदान, एएसपी अतुल श्रीवास्तव समेत सभी एसडीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक, केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

### यह बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र

सेंट पॉल स्कूल, दयावती मोदी अकैडमी, राजकीय रजा पीजी कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाद, श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक, सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज, ईस्ट वेस्ट पब्लिक स्कूल, साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल लादोरा, स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# स्कूल के शौचालय में कोबरा दिखने से मचा हड़कंप


शौचालय में बैठा कोबरा।

**रामपुर, अमृत विचार :** बारिश के मौसम में जगह-जगह सांप निकलने से लोग दहशत में हैं। शनिवार सुबह सैदनगर ब्लॉक के सरकारी स्कूल के शौचालय में कोबरा सांप निकलने से हड़कंप मच गया। बच्चों ने शोर मचाना शुरू किया। किसी तरह सांप को निकाला गया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। मामला रामपुर के प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज शुमाली का है। शनिवार सुबह बच्चे स्कूल पहुंचे तो शौचालय में बच्चों ने कोबरा देखा। चीख-पुकार सुनकर स्कूल का स्टाफ मौके पर पहुंचा। गांव के लोग भी शोर शराबा सुनकर स्कूल में आ गए। सांप को शौचालय से निकालकर जंगल की ओर भगाया गया।

# हाफिज शाह जमालुल्लाह के सालाना उर्स पर महफिले समां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


महफिले समां में मौजूद अकीदतमंद। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह के 238वें सालाना उर्स की पूर्व संध्या पर शाहिद अली खां जमाली के आवास पर महफिल सजाई गई। कव्वालियों पर अकीदतमंद खूब झूमे। इससे पहले मदरसे के बच्चों ने कुरआनख्वानी की। महफिल में हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह के सज्जादानशीं शाह फहद अहमद खां जमाली समेत काफी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।

शहर के मोहल्ला घेर तोगां स्थित शाहिद अली खां जमाली के आवास पर दोपहर 2 बजे हुई महफिले कव्वाली में कव्वालों ने हजरत की शान में कलाम पेश किए, इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह के सज्जादानशीं शाह फहद अहमद खां जमाली को शाहिद अली खां जमाली ने गुलपोशी की और पटका पहनाया। इसके बाद गुलाब के फूलों की माला पहनाकर इस्तकबाल किया। सभी मेहमानों की गुलपोशी कर पटका सज्जादानशीं शाह फहद अहमद जमाली के हाथों से पहनवाया। नातख्वां अतहर जमाली ने नात पेश की। कव्वाली के आखीर में जुनैद साबरी और उनके हमनवाओं ने रंग पेश किया। आज रंग है जी आज रंग है री- मुस्तफा का रंग है मुश्किल कुशा का रंग- मेरे हाफिज जमाल का रंग है री-इनका घराना पंजेतनी है हसनी और हुसैनी है। कव्वाली पर अकीदतमंद झूम उठे अपराह्न तक नातो-मनकबत और कव्वालियों का सिलसिला चलता रहा। इसके बाद अतहर जमाली ने दुआ कराई।

• घेर तोगां स्थित शाहिद अली खां जमाली के आवास पर सजी महफिल

### यह रहे मौजूद

हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह के सज्जादानशीं शाह फहद अहमद खां जमाली, शाहिद अली खां जमाली, जफर खां, साकिब जमाली, राशिद अली खां जमाली, अब्दुर्रहमान खां जमाली, अतहर खां, हाजी आकिल अलमास, आदिल अलमास, अख्तर अली खां, कारी मोहम्मद फैयाज आदि मौजूद रहे।

# टैंकर से डीजल निकालने का वीडियो हुआ वायरल

**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद में आंवला मार्ग मार्ग पर टैंकरों से डीजल निकाले जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। भाजपा नेता वेद प्रकाश सागर ने मामले को उठाया है। उनका आरोप है कि आंवला डिपो से आने वाले टैंकर शाहबाद में अवैध रूप से लोगों को डीजल की सप्लाई करते हैं। तेल का कारोबार अब शाहबाद में फिर से जड़े जमा चुका है। आंवला डिपो से तेल लेकर आने वाले टैंकर बरेली सीमा से ही तेल बेचना शुरू कर देते हैं। यहां बार्डर पर कई ढाबे बने हैं। जिनका काम टैंकरों से तेल खरीदारी का है है। ग्राम टांडा में तो कई जगहों पर रोड किनारे ही धड़ल्ले से माफिया तेल खरीदते हैं। हालांकि 24 घंटे मार्ग पर पुलिस तैनात रहती है। इसके बाद रंपुरा व नगर के नजदीक भी मार्ग किनारे खेत में तेल की खरीदारी होती है। आरोप है कि टैंकर से कम दामों पर तेल खरीदकर उस तेल को मार्केट रेट से कम दामों पर बेच दिया जाता है। एसपी विद्या सागर मिश्र ने जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# युवा पीढ़ी के माध्यम से साकार हो रहा अजीत सिंह का सपना


लोगों को सदस्यता ग्रहण के दौरान कार्ड देते जिलाध्यक्ष। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

• राष्ट्रीय लोकदल की जिला इकाई की बैठक में बोले जिलाध्यक्ष

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल की जिला इकाई की ओर से मोहम्मद नानकार में जिला सचिव शाहिद सैफी के संयोजन में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि यह सदस्यता अभियान गांव-गांव तक पहुंचाना है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व रालोद के संस्थापक चौधरी अजीत सिंह का जो सपना था, वह आज की युवा पीढ़ी के माध्यम से साकार हो रहा है। रामपुर में यह अभियान पूरी सक्रियता किया जा रहा है। कहा कि सदस्यता अभियान निरंतर जारी रहेगा।

रालोद के सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के सहयोग से इसे आगे बढ़ाएं। बैठक में ग्राम मोहम्मद नानकर सहित क्षेत्र में हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं व रात में ड्रोन की गतिविधियों के बढ़ने का मामला भी उठा। इस मौके पर पिंटू सैफी, विद्याधर मौर्य, बिशनपाल मौर्य, सरदीप शेख उस्मानी, केवलराम मौर्य, राम शंकर मौर्य, सलीम शेख उस्मानी, रामसिंह सागर, मोहनलाल सैनी, संजीव गंगवार, राकेश मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, छत्रपाल मौर्य, वीरपाल मौर्य, शिब्बन सिंह मौर्य, सोमपाल गंगवार, रूपकिशोर आदि मौजूद रहे।

# 10वीं और 12वीं की कंपार्टमेंट की हुई परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा इंटर कॉलेज में शनिवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट की परीक्षा दो पालियों में हुई। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा से 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा का जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने जायजा लिया। पहली पाली में हाईस्कूल की परीक्षा सुबह 8:30 से 1:45 बजे तक हुई। हाईस्कूल की कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए 367 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 342 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 25 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा अपराह्न 2 से 5:15 बजे तक हुई।

परीक्षा के लिए 237 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण था, जिसमें 226 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 11 अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से निपट गई। परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल समेत किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर प्रतिबंध रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केस

**टांडाअमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने एसपी को पत्र देकर कहा कि गांव के ही युवक ने शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। उसकी एक अश्लील वीडियो भी बना ली। आरोप है कि युवती के परिवार वाले रिश्तेदारी में गए हुए थे, इस बीच आरोपी ने घर में घुसकर तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। मुंह खोलने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। घटना के बाद युवती के परिवार वालों ने शादी की बात की तो आरोपी के परिवार वाले राजी हो गए। लेकिन बाद में उन्होंने शादी से इंकार कर दिया युवती ने एसपी को पत्र देकर शिकायत की। एसपी के आदेश पर कोतवाली में रियाज, ताज, शमीम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़, मारपीट का केस

**संवाददाता, भोट :** थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि बीते 15 जून को वह अपनी पत्नी के साथ शादी की दावत में गया था, जहां पर गांव के निवासी व्यक्ति ने उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगा। पत्नी को किसी तरह बचाकर घर जाने लगा। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने दंपती के साथ मारपीट की। महिला से अश्लील हरकतें की। पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इसको लेकर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश पुलिस को दिए हैं।

# वीडियोग्राफी के बीच कब्र से निकाला गया महिला का शव

## दो सप्ताह पूर्व संदिग्ध हालात में हुई थी महिला की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** करीब दो सप्ताह पूर्व संदिग्ध हालात में महिला की हुई मौत के मामले में शनिवार को पुलिस की मौजूदगी में कब्र खोदकर शव निकाला गया। मृतका के मायका पक्ष के लोग हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मौत के कारणों को स्पष्ट करने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांचकर कार्रवाई की जाएगी।


मृतका सलमा।


जिला अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया आकिल निवासी बब्बू ने 2012 में बेटी सलमा का निकाह मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी बशीर अहमद से 2012 में किया था। शादी के कुछ समय के बाद महिला का पति छत्तीसगढ़ के आरा-पारा में ले गया। दोनों काफी समय से वहां पर किराये के मकान में रह रहे थे। महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका पति शव घर ले आया था। 12 जुलाई को शव को दफन कर दिया था, लेकिन मायके वालों को शक था। मायका पक्ष छत्तीसगढ़ चले गए थे। उन्होंने वहां के एसपी से मिलकर सलमा के शव को कब्र से निकलवाने की मांग की थी। शुक्रवार को वहां के एसपी ने रामपुर के एसपी विद्यासागर मिश्र से बात कर शव का पोस्टमार्टम कराने का आग्रह किया। इसके बाद शनिवार को स्वार के एसडीएम और सीओ बिलासपुर रविंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में कब्रिस्तान खेड़ा ग्राम मिर्जापुर से मृतका सलमा के शव को कब्र निकलवाया गया। एसडीएम की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फील्ड यूनिट ने मौके पर वीडियोग्राफी की। फील्ड यूनिट ने मिट्टी का नमूना भी लिया है। सीएचसी स्वार के चिकित्साधिकारी डॉ. अजीम अहमद भी मौजूद रहे।

● मृतका के मायका पक्ष ने छत्तीसगढ़ पुलिस से मामले में मांगी थी मदद

### मारपीट की सूचना पर सख्त हुए परिजन

मृतका के मायका पक्ष का कहना है कि शादी के कुछ समय के बाद से ही महिला का पति दहेज के लिए परेशान करता था। सच्चाई जानने के लिए वे लोग छत्तीसगढ़ के आरा पारा पहुंचे। लोगों ने बताया कि सलमा को उसका पति आए दिन किसी न किसी बात को लेकर पीटता था।

### बदहाल रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**मसवासी, अमृत विचार :** ग्राम लाडपुर निकट सेमरा मंसूरपुर से 800 मीटर मार्ग लगभग काफी समय से कच्चा है। इस पर राहगीरों का आवागमन रहता है। ग्रामीणों ने शिकायत की, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। निर्माण न होने को लेकर प्रदर्शन किया।

## एसडीएम पर वकीलों ने लगाए आरोप, प्रदर्शन

**स्वार, अमृत विचार:** अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर अशोभनीय व अमर्यादित व्यवहार करने समेत गंभीर आरोप लगा डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में सौंपा। कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकील बार अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू के नेतृत्व में एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

वकीलों ने ज्ञापन सौंपा। कहा कि विवादित, अविवादित पत्रावलियों में बिना सुविधा शुल्क लिए निस्तारण नहीं किया जाता है। हर अविवादित पत्रावलियां आदेश में लगने के बाद भी सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। मामले में कार्रवाई की मांग की। विक्रम सिंह संधू, मोहम्मद अय्यूब, बृज किशोर दिवाकर, कमल कुमार, मोहम्मद आदिल, अनुज गौतम, संदीप सिंह संधू, राजूपाल, नंदकिशोर, सर्वेश कुमारी, अनिल यादव, हरस्वरूप मौर्य, केवल सिंह, महिपाल सिंह, मुख्तियार अंसारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कमिश्नर के पास पहुंचा टैक्स में वृद्धि का मामला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● 32 सभासदों ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन, टैक्स की दरों को वापस लेने की उठाई मांग

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की ओर से गृह और जलकर बढ़ाने का मामला मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह के पास पहुंच गया है।

शनिवार को सभासद मंडलायुक्त से मिले और बढ़े हुए कर को कम कराए जाने की मांग की। बताया कि कर बढ़ाए जाने पर 4000 लोगों ने आपत्तियां भी दर्ज कराई हैं। कहा कि नगर पालिका परिषद से भेजे जा रहे नोटिस नियम विरुद्ध हैं। सभासद मोहम्मद जफर ने कहा कि पालिका के 43 सभासद हैं, जिसमें 32 सभासद जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं। रामपुर के बाशिंदें गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं। यहां कोई फैक्ट्री नहीं है। रोजगार का टोटा है। सभासद दिनेश कुमार दिन्ने ने कहा कि पालिका के अधिशासी अधिकारी का रवैया बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा है कि अगर इस लड़ाई को कोर्ट में भी ले जाना पड़ेगा तो हम लोग पीछे नहीं हटेंगे। सभासद फहीम अहमद ने कहा कि पालिका बोर्ड की बैठक शीघ्र कराई जाए। मंडलायुक्त ने नगर पालिका रामपुर आने का सभासदों को आश्वासन दिया।

### आवाज उठाने वाले सभासद

सभासद दिनेश कुमार उर्फ दिन्ने, मोहम्मद जफर, फहीम अहमद, मोइन अंसारी, मुराद कलीम, हाजी शादाब, गुफरान खान, नवेद कुरैशी, वसीम अब्बासी, शाहवेज अंसारी, जियाउर रहमान बाबू, मुशाहिद उर्फ गुड्डू, जमील इनायती, शहाब खां, शमीम खान, अलीम खान, बाबू खां सुर्खे, राजू सिकंदर, अजहर मियां, रफीउल्लाह खां, शावेज, मुन्ने खां, मोहम्मद आसिफ, तनवीर खां, खलील अहमद, तारिक खां, यासीन उर्फ गुड्डू, नवेद चौधरी, सरफराज उर्फ गुड्डू, महफूज उर्फ गुड्डू, महफूज उर रहमान खान, गुड्डू तनवीर, हबीब खान ने कमिश्नर से मिलकर आवाज उठाई है।

# तीज क्वीन बनीं राधा, शिवांगी को उप विजेता का खिताब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई और वैश्य सभा की महिला इकाई ने शुक्रवार को उत्सव पैलेस में धूमधाम से तीजोत्सव मनाया। जिसमें तीज रानी का खिताब राधा गुप्ता के सिर सजा और रनर अप शिवांगी अग्रवाल रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथिमोनिका जैन ने किया। इसके बाद अलका चांदी वाला, अरुणा मांगलिक, खुशबू, प्रशाली मोक्षी, श्वेता, स्मिता, नेहा, रेशु वैश्य, कामिनी, बबीता ने प्रार्थना की। चमन अग्रवाल ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। दोनों सभा के सदस्यों ने राधा कृष्ण का भजन गाया। समय बाध्यता का पुरस्कार रजनी अग्रवाल ने जीता। विभिन्न ग्रुप डांस में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें स्वाति, शिवांगी, अंशिका के ग्रुप डांस ने सबका मन मोह लिया। बीना, बबीता, एकता, अनीता, सुमन, सीमा के ग्रुप डांस को खूब पसंद किया। सोनी, नेहा के ग्रुप डांस ने धमाल मचा दिया। अलका, नीता, सुनीता और सखियों के आकर्षक नृत्य पर लोग झूमने पर मजबूर हो गए। महिलाओं और बच्चों के गेम के अलावा पूनम, सुमन द्वारा अभिनीत हास्य नाटिका ने दर्शकों ने खूब गुदगुदाया। जया, रश्मि, नीलम और उनकी सखी की नाटिका ने भी खूब तालियां बटोरी। इस बार भी तीज रानी और तीज महारानी मुख्य आकर्षण थे। जिसमें तीज रानी का खिताब राधा गुप्ता और रनरअप शिवांगी अग्रवाल रहीं। तीज महारानी का सम्मान सरोज गुप्ता को और रनरअप नीलम अग्रवाल रहीं। ऑनलाइन सोलो डांस कंपटीशन में जज आभा सिंह और सौरभ के निर्णय के आधार पर सीनियर वर्ग में सीमा, जया, अर्चना विनर रहीं। जूनियर वर्ग में दीप्ति, राशि रही। संचालन अलका चांदीवाला और प्रशाली अग्रवाल ने किया। महिलाओं ने खूब सेल्फी ली।


तीज महोत्सव के दौरान मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

● सोनी, नेहा के ग्रुप डांस ने जमकर मचाया धमाल, झूम उठी महिलाएं

### तीज के रंग में रंगे स्कूली बच्चे

**रामपुर, अमृत विचार :** स्कूल में तीज का त्यौहार मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें गीत, नृत्य और खेल शामिल रहे। स्कूल की प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने बच्चों को तीज के त्यौहार के महत्व के बारे में बताया। उन्हें अपने संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने अपने शिक्षकों और साथियों के साथ मिलकर तीज के त्यौहार का आनंद लिया। लड़कियों ने एक दूसरे के मेहंदी लगाई। प्रधानाध्यापिका ने तीज की हरी चूड़ियां गिफ्ट की। स्कूल में तीज के त्यौहार का आयोजन बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव था। इस दौरान प्रधानाध्यापिका शबनम आरा, सहायक अध्यापिका बुशरा फिरदौस, रीना, नंदकिशोर, नजमा, खातिजा, चुन्नी आदि मौजूद रहे।


स्कूल में छात्राओं ने मनाई तीज। ● अमृत विचार

सेल्फी विद लाभार्थी में इंडिया में टॉप टेन और रामपुर में प्रथम आने वाली बीना अग्रवाल को सम्मानित किया। तीज का खास आकर्षण झूले पर बैठकर सबने सावन के गीत गाए। गौरी, नीना, मधु, रजनी, संगीता, वर्षा, मीरा, सुनीता, कामिनी, दीप्ति आदि मौजूद रहीं।

## कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**मसवासी, अमृत विचार :** शनिवार को विकास भारती स्कूल में कारगिल विजय दिवस को गर्व और सम्मान के साथ मनाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता व शिक्षकों ने एकत्रित होकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दो मिनट का मौन रखा। शहीदों के बलिदान को स्मरण किया। इसके बाद शिक्षकों ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए और भारत माता के वीर सपूतों को नमन किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों की वीरता और समर्पण की याद दिलाता है। इस मौके पर दलबीर सिंह आसरा, विशाल, नाज, विक्रम, सौरभ, माधुरी, सौरभ, उमेश, प्रवीण कुमार, अनिल, अमन, अनामिका, अमिता, फरीद आदि मौजूद रहे।

# नार्थ जोन हॉकी में देहरादून चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई नॉर्थ जोन हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल एमपीएस स्कूल देहरादून की टीम ने जीत लिया। अंडर-14 वर्ग में विजेता एपीएस स्कूल, देहरादून, प्रथम उपविजेता सेंट पॉल स्कूल रामपुर तथा द्वितीय उपविजेता स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल रामपुर की टीमें रहीं।

पनवड़िया स्थित नवाब जुल्फिकार अली खां एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम पर शनिवार को फाइनल मैच खेला गया। अंडर-14 में देहरादून की टीम विजयी रही। अंडर-19 वर्ग में विजेता एसआरवीएम स्कूल हरिद्वार, प्रथम उपविजेता ग्रीनवुड स्कूल रामपुर, द्वितीय उपविजेता सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर, तृतीय स्थान स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल रामपुर को प्राप्त हुआ। अंडर-17 फाइनल मुकाबले में विजेता एपीएस स्कूल देहरादून, प्रथम उपविजेता जीकेजी स्कूल, गाजियाबाद एवं द्वितीय उपविजेता एसएमएस दत्ता स्कूल खटीमा रहे। विजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। क्लोजिंग सेरेमनी में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रबंधक शरद गुप्ता ने कहा कि खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ यह उपलब्धि प्राप्त की है। प्रधानाचार्य मोहम्मद शोएब ने कहा कि छात्रों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल खिताब जीता बल्कि सभी का हृदय भी जीत लिया है। सीआरपीएफ (जीसी), रामपुर के डीआईजी पूरन सिंह धरम सत्तू, डीएसओ संतोष सिंह, सनवे स्कूल के प्रधानाचार्य मोहम्मद अनस शम्सी, आरएस रावत, रामबाबू (स्कूल कोच), सुनील सिंह (मेरठ), लाल मोहम्मद (शाहजहांपुर), मुशीर अहमद (शाहजहांपुर), एहसान (मेरठ), मुमताज अहमद (बरेली), मुस्कान सागर (रामपुर), नेहा सिंह (रामपुर) तजम्बुल जैदी (मेरठ) मौजूद रहे।


ट्रॉफी के साथ विजेता और उप विजेता टीमें ● अमृत विचार

● हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल के साथ हुआ समापन

### करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**स्वार, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला रसूलपुर निवासी रसमान पुत्र शरीफ अहमद की मोहल्ला नौगजा में प्लाईवुड फैक्ट्री है। फैक्ट्री में पश्चिम बंगाल के जिला उत्तर दिनेशपुर थाना चपरा दसपरा शेख बस्ती निवासी 22 वर्षीय सादिक हुसैन काम कर रहा था। शनिवार को वह फैक्ट्री में लगे नल पर पानी पीने गया था। अचानक नल में करंट उतरने से चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।

### हादसे में जख्मी किशोर की मौत



**शाहबाद, अमृत विचार :** बृहस्पतिवार की देर शाम में नगर के मोहल्ला फर्राशान निवासी नईम खां का 16 वर्षीय बेटा उजैर मां के लिए जूस लेने बाइक पर सवार होकर घर से निकला था, इस बीच रास्ते में शाहबाद- बिलारी मार्ग पर ब्लॉक के पास बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में उजैर, अरबाज, अनस, अरबाज जख्मी हो गए थे। सभी को सीएचसी से प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया था। परिजनों ने उजैर को मुरादाबाद के टीएमयू में भर्ती कराया। शनिवार को उजैर की मौत हो गई।

### चौकी से 30 मीटर की दूरी पर चोरी

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला विष्णु विहार निवासी शनि कुमार का मंडी चौकी के पास चाय का होटल है। उसका कहना है कि शुक्रवार की रात होटल बंद करके चला गया था। सुबह को आकर देखा तो होटल के ताले टूटे हुए थे। 6 सिलेंडर समेत हजारों रुपये का सामान गायब था।


## नगर निगम मुरादाबाद

पत्रांक : 161/पी.ए.-2/मु.अभि./न.नि.मु./2024-25 दिनांक : 25.7.25

### ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

नगर निगम मुरादाबाद द्वारा नगर निगम के समस्त पंजीकृत/पात्र ठेकेदारों/अनुभवी फर्मो हेतु सिविल कार्यो की ई-निविदाएं दिनांक 02.08.2025 की सायं 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 27.07.2025 से 02.08.2025 तक ऑन लाइन अपलोड की जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम, मुरादाबाद के सक्षम अधिकारी में निहित होगा। प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड उसी दिन दिनांक 02.08.2025 को सायं 3:00 बजे से मुख्य अभियन्ता कार्यालय पीलीकोठी में खोली जायेगी। कार्यो की विस्तृत सूचना एवं निविदा शर्तें वेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं www.nagarnigammoradabad.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, मुरादाबाद।

## कार्यालय नगर निगम, मुरादाबाद

पत्रांक : एफ.के./अ.न.आ./न.नि.मु./2025 दिनांक : 26 जुलाई 2025

### निविदा सूचना

नगर निगम मुरादाबाद में श्रावण मास में कावरियों के कैम्प हेतु टैन्ट कारपेट की व्यवस्था, कावरियों के लिए भण्डारा व निर्माण विभाग हेतु कॉन्ट्रैक्टर बिल फार्म क्रय किये जाने के सम्बन्ध में इच्छुक फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 30.7.2025 दोपहर 02:00 बजे तक पृथक-पृथक बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन कमेटी के समक्ष खोली जायेगी, निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 23.7.2025 दोपहर 02:00 बजे तक को नाजिर नगर निगम, मुरादाबाद से क्रय की जा सकती है। धरोहर धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो संयुक्त नगर आयुक्त, नगर निगम, मुरादाबाद के नाम प्रतिबन्धित हो। निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण उक्त तिथि से पूर्व किसी भी कार्य दिवस को नाजिर नगर निगम, मुरादाबाद के पास देखी जा सकती है। खुले/शर्त सहित कोई भी निविदा स्वीकार नहीं किये जायेगी। एक या सभी निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर निगम, मुरादाबाद को होगा, निविदाओं का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (500 रूपये) 18% जी.एस.टी. अतिरिक्त | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कावरियों के कैम्प हेतु टैन्ट कारपेट आदि की व्यवस्था। | 1.5 | 10,000.00 | 590 रूपये | 15 दिवस |
| 2. | कावरियों के लिए भण्डारा/शिविर की व्यवस्था | 2.7 | 27,000.00 | 590 रूपये | 15 दिवस |
| 3. | कॉन्ट्रेक्टर बिल | 0.8 | 8,000.00 | 590 रूपये | 15 दिवस |

संयुक्त नगर आयुक्त
नगर निगम, मुरादाबाद।



## BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26**
**CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted**

### ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

### INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

### FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

### ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

### BIU COLLEGE OF MANAGEMENT

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

### FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## न्यूज ब्रीफ

### महिला ने पूर्व प्रधान पर गाली गलौज करने का लगाया आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव चचौरा निवासी पवती पत्नी छत्रपाल ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर कहा है कि गांव का पूर्व प्रधान दबंग है। 4 जुलाई को पूर्व प्रधान ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज कर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया था। पूर्व प्रधान से न्यायालय में भी मुकदमा चल रहा है। महिला का कहना है कि आरोपियों ने उसकी पुत्रवधू के साथ अश्लील हरकतें भी कीं। महिला ने पूरे मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### जल लेने के लिए गए शिवभक्त

**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली निवासी मुदित गुर्जर के नेतृत्व में शिवभक्तों का जत्था ब्रजघाट से जल लेने के लिवा रवाना हुआ। यह जत्था चामुंडा मंदिर से शुरू हुआ और फिर वहां से मुख्य बाजार रामलीला मैदान बस स्टैंड संतोषी माता के मंदिर पर पाकबड़ा तिराहा तक होता हुआ ब्रजघाट को रवाना हुआ। लोग शिव और राधा का झांकियां के साथ नृत्य कर रहे थे। ब्लॉक प्रमुख हसनपुर ममता गुर्जर का लोगों ने जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया। डॉ. रिचा गुप्ता, मीना अग्रवाल, आकाश गोयल, करूण गुप्ता, अमित गुर्जर, मयंक गोयल, हेमराज गुर्जर, मोनू सिद्दीकी, अभिषेक गुर्जर आदि लोग रहे।

### शहीद की माता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया

**हसनपुर, अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर परिजनों को भी सम्मानित किया। हसनपुर क्षेत्र के ग्राम मेंहदी पुर में शहीद ग्रीस चंद नागर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और शहीद की माता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कल्यान सिंह सैनी, कृष्ण कुमार शर्मा,दुष्यंत सिंह,देवकी नंदन पाल, वीर सिंह सैनी,अवनीश शर्मा,भानुप्रताप,विजय चौधरी, शेरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रोन का खौफ जारी

**चांदपुर, अमृत विचार :** ग्रामीण इलाकों में लोग सो नहीं पा रहे हैं। इसकी वजह है रात को आंसमान में दिखाई देने वाले रहस्यमई ड्रोन और चोरों का आतंक। ऐसे में ग्रामीण रात को हाथों में लाठी डंडे लेकर घरों की रखवाली कर रहे हैं। गांव वालों का ऐसा कहना है कि रात में चोर ड्रोन से रेकी करते हैं और चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं।

# ग्रामीणों ने चोर समझकर मजदूरों व दो भाइयों को पीटा

## गाड़ियों में भी की तोड़फोड़, दो स्थानों पर हुई घटनाएं, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर रातों में पहरा दे रहे ग्रामीण

**अमृत विचार :** जिले में चोरी के शक में आम लोगों के साथ मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। शुक्रवार की रात जिले में दो जगह घटनाओं को अंजाम दिया गया। बछरायूं व डिडौली थाना क्षेत्र में रात को जागकर पहरा दे रहे ग्रामीणों ने चोर समझकर आम लोगों को पीट दिया। डिडौली क्षेत्र में तो मजदूरों की गाड़ी में तोड़फोड़ की। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पहला मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा का है। संभल के निवासी मजदूर मोहम्मद आसिफ अपने साथी मुशाहिद, अंकित, तहजीबुल व अन्य दो व्यक्तियों के साथ पानीपत से लौट रहे थे। मोबाइल पर गूगल मैप के बताए रास्ते पर चल रहे थे। शुक्रवार की रात को करीब 9:30 बजे वे रास्ता भटक गए और डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा में पहुंच गए। यहां चोरों से बचने के लिए ग्रामीण रात को जागकर रखवाली कर रहे थे। कार में सवार मजदूरों ने पतेई खालसा के ग्रामीणों से संभल जाने के लिए रास्ता पूछा तो उन्होंने चोर समझकर मजदूरों को घेर लिया। इस दौरान दो मजदूर भाग निकले। चोरों के पकड़े जाने की अफवाह फैलते ही बड़ी संख्या ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मजदूरों की बुरी तरह पिटाई की। तहजीबुल और अंकित लहूलुहान हो गए।





मारपीट में घायल युवक।



ग्रामीणों ने कार में की तोड़फोड़।

मजदूरों ने ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं हुआ। इस दौरान ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से हमला कर उनकी कर तोड़ दी। सूचना मिलते ही डिडौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के चंगुल से मजदूरों को बचाया। बाद में पुलिस ने घायल मजदूर तहजीबुल और अंकित को डिडौली स्थित जीवन-24 हॉस्पिटल में भर्ती कराया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में मजदूर मोहम्मद आसिफ की तहरीर पर मारपीट करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

दूसरा मामला थाना बछरायूं के गांव नसीरपुर का है। जहां आम के बाग की रखवाली कर रहे दो भाइयों उमर चौधरी और इस्लाम चौधरी को ग्रामीणों ने चोर समझकर बुरी तरह पीट दिया। यही नहीं, दो गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की गई। दोनों पीड़ित लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पीड़ितों का कहना है कि उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया। सूचना पर बछरायूं पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना चोर के शक में हुई है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### गांव में घुसे चोरों पर ग्रामीणों ने किया पथराव

**हसनपुर,अमृत विचार :** दो गांवों में चोर चोरी करने के इरादे से गांव में घुस गये। चोरों पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। गांवों में जाग होने के कारण चोर खाली हाथ लौट गये। रहरा थाना क्षेत्र के गांव बरतोरा में शुक्रवार की देर रात रात चोर गांव के बाहरी छोर पर स्थित जसवंत सिंह के घर में घुस गये। अंधेरा करने को जल रहे बल्ब को एक चोर उतारने लगा। इस दौरान पड़ोसी की नजर पड़ी तो उसने जसवंत को फोन कर दिया। जाग होने पर चोर वहां से फरार हो गये। उसके बाद चोर गांव में ही बंद पड़े घर में घुस गये। जाग होने पर चोर वहां से भाग गये। एक चोर जीने के नीचे छुप गया। लेकिन जब ग्रामीणों की भीड़ वहां पर जमा हो गई तो चोर वहां से निकलकर छत पर चढ़ गया तथा पीछे को कूद कर जंगल में फरार हो गया। उधर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलोती खुर्द में आधा दर्जन नकाबपोश बदमाश जगत सिंह के घर के पास खड़े थे। जाग होने पर जगत सिंह व परिवार ने बदमाशों पर पथराव करना शुरू कर दिया। उसके बाद बदमाश पड़ोसी गांव पिपलोती कला में पहुंच गये। लेकिन यहां पर ग्रामीणों द्वारा जागकर पहरा दिया जा रहा था। यह देखकर चोर कब्रिस्तान के बराबर में भैंसा वाली पीर से होकर निकल गये। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया पिपलोती गांव की उनके पास कोई सूचना नहीं है।



ग्रामीणों को चोर न होने की जानकारी देता युवक।

### बड़े भाई की डांट से नाराज छोटे भाई ने फंदा लगाया

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में शनिवार की सुबह साबुन को लेकर दो भाइयों में कहासुनी हो गई। बड़े भाई की डांट छोटे भाई को नागवार गुजरी और वह अपने गन्ने के खेत में खड़े पॉपुलर के पेड़ पर रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी।

पड़ोसी खेत स्वामियों ने परिजनों को खेत में शव लटके होने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन खेत पर पहुंचे और शव उतार कर घर ले आए बाद में अंतिम संस्कार के लिए गंगा पर ले गए। कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

### व्यापारी नेता एवं प्रभारी निरीक्षक ने किया पौधारोपण

**हसनपुर, अमृत विचार :** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए शनिवार को नगर स्थित ग्रीन सिटी कॉलोनी में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता एवं प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता द्वारा नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने की अपील की।

## पहाड़ फाड़ वह बढ़े, मगेन्द्र से दहाड़ते, समुद्र तुल्य झूमते

**गजरौला, अमृत विचार:** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में शनिवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में जरा याद करो कुर्बानी विषय पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का आरंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, जिलाध्यक्ष उदयगिरि, कुलपति प्रो.कृष्णकान्त दवे, आदि ने किया। युवा कवि सफर अमरोही ने कहा कि जिन्दगी तेरा हर इम्तिहान कबूल है, मैं जुनून से जीता हूं, यही मेरा उसूल है। डॉ.राहुल अवस्थी ने कहा कि ख्याले इश्क जम्मू की सुगढ़ जागीर जैसा है, जिगर का दर्द पर झेलम नदी के नीर जैसा है। हमारा कारगिल सा दिल, तुम्हारा दिल कराची सा, हमारा प्यार भारत पाक में कश्मीर जैसा है। कवियत्री डॉ.मधु चतुर्वेदी ने कारगिल शहीद विजयन्त थापर पर पढां कि लौटकर आऊंगा यह सोचकर हूं चला, पर सफर तो सफर राह मत देखना। आ सका तो मिलूंगा दोबारा तुम्हे, पर मिलन के सपन आह मत देखना सुनाकर सभी की आंखे नम कर दी।



कवि को सम्मानित करते आयोजक।

कार्यक्रम अध्यक्ष कवि यतेन्द्र कटारिया ने पढा कि समक्ष लक्ष्य एक था, अनेक विघ्न भी, रुके डरे थमे नहीं मां भारती के लाल सभी। पहाड़ फाड़ वह बढे, मगेन्द्र से दहाड़ते, समुन्द्र तुल्य झूमते, कुविघ्न राशि तोड़ते। डॉ. शशि त्यागी, हर्ष अमरोही की कविताओं ने भी मुग्ध कर दिया। कुलपति प्रो.कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ.पीयूष पाण्डेय, डॉ.राजेश सिंह, डॉ.राजवर्धन, डॉ.योगेश्वर शर्मा मौजूद रहे।

## दबंगों ने खेत पर जा रहे युवक को किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मटेना निवासी राहुल पुत्र तिरखा शुक्रवार की शाम कुछ युवकों के साथ गांव में ही बैठा हुआ था। तभी गांव का एक युवक शराब के नशे में वहां आ गया और राहुल को घूरने लगा, राहुल द्वारा मना करने पर कहासुनी होने लगी, साथी युवकों द्वारा बीच बचाव कर दिया गया।

शनिवार की सुबह राहुल बैल बुग्गी में गोबर खेत पर ले जा रहा था तभी रास्ते में दबंगों द्वारा उसे रोक लिया गया और उसके साथ मारपीट करने लगे मारपीट के दौरान राहुल के सिर पर चोट लगने से वह घायल हो गया। घायल हालत में पीड़ित कोतवाली पहुंचा और आरोपी दबंगों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। घायल राहुल ने गांव के ही चार दबंगों के खिलाफ तहरीर दी है।

# तीज उत्सव पर प्रतियोगिताओं का किया आयोजन



हाथों पर रची मेहंदी दिखाती छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** एच.एस.एस. पब्लिक स्कूल में तीज-उत्सव के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कला विषय की अध्यापिका कु. अंजू सैनी एवं सांस्कृतिक गतिविधि इंचार्ज मीनाक्षी अग्रवाल के मार्ग-दर्शन में छात्राओं ने अपने-अपने हाथों पर मेहंदी के कलात्मक डिज़ाइन बनाईं। कक्षा 9 में अलीना ने प्रथम, लुबना द्वितीय व मदीहा जिकरा एवं आराध्या ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में मुनीबा, मदीहा एवं कनिष्क, पायल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 में प्रीत, लकी व ख़ुशी चौहान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 में भव्या, कनिष्क त्यागी, रियांशी व दीक्षा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में पारुल अग्रवाल एवं निरुपमा चौधरी रहे। विद्यालय प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अंकुर काशिव के साथ स्टाफ उपस्थित रहा।

### छात्राओं ने हाथों पर रचाई मेहंदी



**सैदनगली,अमृत विचार :** सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरियाली तीज कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। रेखा ने हरियाली तीज मनाने का कारण, हरियाली तीज की परंपरा, हरियाली तीज पर झूला झूलने का महत्व इत्यादि बिंदुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किये। बाल वर्ग में अनु ने प्रथम, हनी ने द्वितीय, बहिन कनिका (7) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने तथा सहभागिता करने वाली छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया। अध्यक्ष दिवाकर पांडेय,प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय ने मार्गदर्शन किया।

# शिवभक्तों का जत्था जल लेने गया ब्रजघाट

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** सैदनगली से भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक के नेतृत्व में शिवभक्त ब्रजघाट जल लेने के लिए रवाना हुए। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व हसनपुर चेयरमैन राजपाल सैनी ने जत्थे को रवाना किया।

शनिवार की शाम को सैदनगली में शिवभक्त कांवरियों का जत्था बृजघाट गंगा धाम जाने के लिए एकत्रित हो गया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, हसनपुर चेयरमैन राजपाल सैनी, सैदनगली चेयरमैन डॉ अनुकृति चौधरी एवं भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने जत्थे को रवाना किया। हर हर महादेव बम बम भोले के जयकारों से माहौल शिवमय हो गया। सैदनगली से लेकर उझारी तक सड़क पर शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। जत्थे में चारों ओर भोले बाबा के ध्वज लहराते दिखाई दिए। पूरा कस्बा शिवमय हो गया। अभिनव कौशिक ने बताया कि जय शिव कावड़ सेवा समिति का यह आठवां जत्था बृजघाट के लिए रवाना हुआ है। रविवार को ब्रजघाट से जल लेकर सैदनगली पहुंचेंगे। सावन के तीसरे सोमवार की सुबह मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। सत्यम गुप्ता, राकेश गुप्ता, महेश गुप्ता, उमाशंकर गर्ग, जयपाल सैनी, वीर सिंह सैनी, विनीत शर्मा, सुनीता रानी, देवकीनंदन और दयानंद सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे। जुलूस की सुरक्षा के लिए थाना विकास सहरावत पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे।



कांवड़ियों के जत्थे को रवाना करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, चेयरमैन राजपाल सैनी, डॉ .अनुकृति चौधरी व अभिनव कौशिक। ● अमृत विचार

- हर-हर महादेव के घोष से गूंज उठीं सड़कें

# अपना लक्ष्य पाने के लिए प्रयत्नशील रहें छात्र: डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल अलंकरण समारोह में पहुंची जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति को निरंतर प्रत्यनशील रहना चाहिए।

हेड ब्याय वेदान्त गुप्ता, हेड गर्ल साझ माहेश्वरी, कल्चरर हेड- सिया गेरा, स्पोर्ट कैप्टन अक्ष धारीवाल, वॉइस हेड ब्याय युवराज सिंह वॉइस हेड गर्ल नोया रिजवी नियुक्त किये गए। समारोह का आंरभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने किया। उन्होंने छात्र परिषद के सदस्यों को शपथ दिलाई कि वे अपने निर्धारित कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा के साथ पालन करेंगे। उन्होंने जिम्मेदारी और गर्व की भावना जगाई और उन्हें जीवन में लक्ष्य, मूल्य और कृतज्ञता रखने, बड़े सपने देखने, असफलताओं से न घबराने, उदाहरण प्रस्तुत करने और विद्यालय समुदाय में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हमें असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए अपितु अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहना चाहिए।




हेड ब्याय को पटका पहनातीं डीएम निधि गुप्ता।

विद्यालय संरक्षक अजय टंडन, प्रबन्धिका अंजलि टंडन, अध्यक्ष अदिति टंडन, प्रधानाचार्या डा. शिक्षा सरदाना व अन्य मौजूद रहे।

# बीएलओ ड्यूटी मानदेय के भुगतान की मांग, दिया ज्ञापन

**हसनपुर,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल के नेतृत्व में एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

बताया कि शिक्षामित्रों ने पंचायत चुनाव में बीएलओ ड्यूटी की थी। उनका मानदेय नहीं मिला है। 2 वर्ष पूर्व नगर निकाय चुनाव ड्यूटी का भी मानदेय प्राप्त नहीं हुआ। शिक्षामित्रों ने एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी से कहा कि मानदेय का भुगतान नहीं कराया जाता है तो शिक्षामित्र बीएलओ ड्यूटी नहीं करने पर विचार करेंगे। साथ ही कहा कि बीएलओ ड्यूटी दो से तीन किलोमीटर की परिधि में ही लगायी जाएं। जिला संरक्षक रामवीर सिंह, जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौहान, ब्लॉक मंत्री जगत सिंह, भूरे सिंह, दारा सिंह, असलम अली, हरपाल सिंह, उमेश चंद्र, देवेश चौहान, मंगल सिंह, सतवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पंकज चौहान, रोहताश सिंह, प्रदीप कुमार, मेघराज सिंह व अन्य मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपता उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ। ● अमृत विचार

# अग्रवाल सभा के नव निर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली



शपथ लेते अग्रवाल सभा हसनपुर के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार :** अग्रवाल सभा की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही भव्य रूप से आयोजित किया गया। सभा के संयोजक गिरीश कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने अग्रसेन भवन के लिए 11 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग करने की घोषणा की।मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र कुमार अग्रवाल सम्मिलित हुए।

संयोजक गिरीश कुमार अग्रवाल ने कहा कि सभा के गठन का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब एवं शोषित लोगों को संगठित करना है। उन्होंने कहा कि नगर में महाराजा अग्रसेन भवन की स्थापना के लिए वह 11 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग देंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल द्वारा की। आदेश अग्रवाल, संजय गर्ग, विवेक अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विमल अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, हनी अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, रविंद्र जिंदल, विपुल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, कुमुद अग्रवाल, अलका अग्रवाल, पारुल अग्रवाल आदि रहे।

## न्यूज डायरी



### चार प्रत्याशियों ने भरे नामांकन


**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड 16 कटरा पश्चिम विजयनगर में सभासद का पद रिक्त चल रहा है। यहां निर्वाचित सभासद की 14 मार्च को हृदय गति रुकने से मौत हो गई थी। जिलाधिकारी द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया था 19 से 26 जुलाई तक नामांकन और 11 अगस्त को मतदान कराया जाएगा। जबकि 13 अगस्त को मतगणना होगी। आरओ नरेंद्र गंगवार ने बताया कि शनिवार को भाजपा प्रत्याशी के रूप में दयावती व निर्दलीय के रूप में गुरविंदर कौर, पुष्पा व संगीता सैनी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि नगर पालिका धनौरा के वार्ड संख्या 16 में सभासद पद के लिए उपचुनाव कराया जाएगा। इसके लिए जारी किए गए चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक 19 से 26 जुलाई तक कर नामांकन,28 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच, 30 जुलाई को वापसी, 31 जुलाई को चुनाव चिन्ह आवंटित व 11 अगस्त को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। जबकि 13 अगस्त को सुबह 8 बजे से मतगणना की जाएगी।



### मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**ढबारसी, अमृत विचार :** वेदांता ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरियाली तीज पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। शिक्षिका रश्मि सिंह एवं नीतू शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कक्षा 11 से यति को प्रथम कक्षा 10 की यशी को द्वितीय जबकि कक्षा 7 की शिद्रा एवं कक्षा 9 से प्रज्ञा को तृतीय स्थान पर चयनित किया। प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा , एक्टिविटी इंचार्ज अंशुल व अन्य रहे।

**बुरावली ,अमृत विचार :** गांव हाकमपुर में एसएलजे डिग्री कॉलेज में हरियाली तीजोत्सव के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान पर बीए की छात्रा सानिया, द्वितीय स्थान पर बीएलएड द्वितीय वर्ष की छात्रा छवि, तृतीय स्थान पर बीएससी होम साइन्स तृतीय सेमेस्ट की छात्रा गुलवार रही। कॉलेज के प्रबंधक संजय भाटी ने छात्राओं को अनुशासन के विषय में समझाया। मिस्बा चौधरी, रीतु विधूड़ी सुमायला परवीन, सोनी नागर, प्रियंका, गौतम, राहुल, अंकित आदि रहे।



### जयकारों के साथ लौट रहे कांवड़िए

**गजरौला, अमृत विचार :** सावन माह के तीसरे सोमवार पर शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ियों का बृजघाट से जलभरकर वापस लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। नेशनल हाईवे केसरिया रंग में रंगा नजर आ रहा है। सावन माह के तीसरे सोमवार के नजदीक आते ही दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ने लगी है। रामपुर, मुरादाबाद आदि जिलों के कांवड़ियें बृजघाट से कांवड़ में गंगा जल भरकर लौट रहे हैं। शनिवार को भी कांवड़ियों के जत्थे दिनभर गजरौला स्थित नेशनल हाईवे से होकर गुजरे। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने सभी इंतजाम किए हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए नेशनल हाईवे पर हल्के वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। कांवड़ियों को किसी भी तरह की कोई भी समस्या नहीं होने दी जाएगी।

### थाना समाधान दिवस में 6 शिकायतें दर्ज हुईं

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस में क्षेत्रवासियों की शिकायत उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी एवं पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत ने सुनी। मात्र 6 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा, कानूनगो अरविंद कुमार शर्मा सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### नगर में लगेगा हरियाली तीज मेला

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में महिला अग्रवाल सभा हसनपुर एवं महिला अग्रवाल सभा द्वारा हरियाली तीज मेले का आयोजन किया जाएगा। महिला अग्रवाल सभा हसनपुर की अध्यक्ष मधु सिंगल ने बताया कि मैथिली गार्डन के प्रांगण में हरियाली तीज मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें महिलाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं चार्ट पकौड़ी के स्टाल भी लगाए जाएंगे। नगर अध्यक्ष कुमुद अग्रवाल ने बताया कि सभा के द्वारा नगर के कमाल पैलेस के प्रांगण में बड़े ही भव्य रूप से हरियाली तीज मेले का आयोजन किया जा रहा है। नगर के रामलीला मैदान पर भी हरियाली तीज मेले का आयोजन किया जाता है।

## सिटी ब्रीफ

### बाइक की टक्कर से पल्लेदार घायल, रेफर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव परमानंद निवासी विनोद सागर पुत्र हरपाल सिंह कोल्ड स्टोरेज में पल्लेदार है। शुक्रवार की रात 10 बजे विनोद अन्य पल्लेदारों के साथ घर पैदल ही जा रहे थे। बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### सिरसी में निकाला शबीहे जुलजुनाह

**सिरसी,अमृत विचार :** इमाम हुसैन के बेटे हजरत इमाम सज्जाद का शबीहे जुलजनाह निकाला गया। मरहूम शब्बन अली के घर मजलिसे अजा में मर्सिया खानी खावर रज़ा और उनके हमनवा ने पढ़ी। मौलाना मौलवी मेहजार अली ने खिताब फरमाया। शबीहे जुलजनहा हजरत इमाम सज्जाद बरामद हुआ जिसमें सवारी असकारी रज़ा ओर उनके हमनवा ने पढ़ी। अंजुमने ज़ुल्फ़कारे हैदरी अंजुमने सफ़िनाए, अजा अंजुमने मिसमे अजा ने नोहा खानी की।

### सड़क दुरुस्त कराने की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सभासद तरुण कुमार नीरज ने अधिशासी अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है। कब्रिस्तान स्थित रेलवे फाटक से ही वाहनों का संचालन किया जा रहा है। कब्रिस्तान रेलवे फाटक के पास सड़क की साइड क्षतिग्रस्त है। माल गोदाम रोड भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त है। बारिश होने पर स्थिति और खराब हो जाती है। सड़कों की मरम्मत की मांग की।

### 676 परीक्षार्थियों ने दी कंपार्टमेंट परीक्षा

**बहजोई,अमृत विचार :** हीरा देवी तोताराम इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। 676 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी 36 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे ।हाई स्कूल के 503 तथा इंटरमीडिएट के 210 परीक्षार्थी शामिल होने थे। गहन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को गहन तलाशी के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया। डीआईओएस श्यामा कुमार ने बताया कि परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराई गई है।

# किशोरों को चोर समझ खंभे से बांधकर पीटा

## मोहल्ला बढ़ई वाली बस्ती की घटना, पुलिस ने 4 दिन बाद 5 नामजद सहित 17 पर दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में कांवड़ यात्रा देखने व मां की दवाई लेने आए किशोरों को चोर समझ कर भीड़ ने पकड़ लिया और खंभे से बांधकर पीटा। डायल 112 पुलिस ने किसी तरह किशोर को भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। माव लीचिंग के इस मामले में पुलिस ने चार दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है।

संभल के नाहरठेर गांव निवासी दलित वर्ग के दो किशोर 22 जुलाई की शाम 7:30 बजे कावड़ यात्रा देखने व बढ़ई वाली बस्ती में डॉक्टर से मां की दवाई लेने आए थे। रात में दोनों किशोर घुसे तो मोहल्ले के लोगों को उन पर संदेह हुआ। चोर समझकर शोर मचाया तो तमाम लोग इकट्ठा हो गए। दोनों किशोरों को पकड़ लिया और लात घूंसों व लाठी डंडों से मारा पीटा गया। इसके बाद दोनों को बिजली के खंभे से बांधकर पीटा। किसी ने पुलिस को सूचना दी तो डायल 112 पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस किसी तरह दोनों किशोरों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर ले गई। परिजनों का कहना है कि वह रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाना नखासा गए थे लेकिन पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की और टाल कर वापस भेज दिया।


किशोरों के शरीर पर चोटों के निशान।


किशोरों के मुंह में जख्म।

### गांव-मोहल्ले में मच रहा चोर-चोर का शोर

जनपद में हालात ऐसे हैं कि शहर से लेकर गांव तक बदमाशों की दहशत है। बदमाशों के डर से लोग जाग कर रात काट रहे हैं। कई गांव में ग्रामीण,जागते रहो की आवाज लगाकर रात भर पहरा देते हैं। किसी गांव में बदमाश दिखाई देने का दावा किया जाता है तो कहीं ड्रोन उड़ता दिखने की बात कही जाती है। ऐसे ही माहौल के चलते बढ़ई वाली बस्ती में दूसरे गांव से आये किशोरों के साथ मारपीट की गई।

### भड़के लोग तो पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

शनिवार को दर्जनों लोगों ने नखासा थाना पर पहुंचकर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू किया ।नाहरठेर निवासी किशोर की मां की तहरीर पर पांच लोगों के नामजद व 10 12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमे में किशोर की मां ने कहा है कि 22 जुलाई को उसका बेटा व दूसरे बेटे का साला बढ़ई वाली बस्ती में कावड़ की झांकी देखकर लौट रहे थे। कुछ लोगों ने चोर चोर चिल्ला कर घेर लिया। नंदकिशोर, भारत, डब्बू, भरा व श्री राम के बेटे के अलावा 10-12 अन्य अज्ञात लोगों ने दोनों कोर खंभे से बांधकर लाठी डंडों से मारा पीटा। दोनों किशोरों से उनकी जाति पूछी और फिर गालियां देते हुए मारा पीटा। उसने अपने बेटे व रिश्तेदार को किसी तरह भीड़ से छुड़ा लिया तो बाद में यह लोग जान से मारने की धमकी देने लगे।

### चार घरों में चोरी, सिलेंडर में लगाई आग

**संभल, अमृत विचार :** संभल कोतवाली के कोट पूर्वी मोहल्ले में शुक्रवार की रात चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया। एक घर में परिवार को कमरे में बंद कर गैस सिलेंडर का पाइप निकालकर आग लगा दी। शनिवार की रात कोट पूर्वी निवासी टीना मदान के घर से चोर कीमती सामान समेटकर ले गये। कोट पूर्वी में ही भोलेश्वर मंदिर के निकट सुधीर कुमार के मकान में चोरी का प्रयास किया गया लेकिन चोरों ने वहां महिला को जागते देखा तो चोर भाग गये। इसके बाद सचिन शर्मा के मकान से भी चोर नकदी व जेवर चुराकर ले गये। किशन लाल व परिवार के अन्य लोग एक कमरे में सो रहे थे। घर में चोर घुसे और परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया। पड़ोस में रहने वाले संतोष का कहना है कि छत पर तेज आवाज सुनकर वह कमरा खोलने गये तो कमरा बाहर से बंद था। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी में एक संदिग्ध मोहल्ले में रात को तांक झांक करता दिख रहा है।

# 3 घंटे तक जाम में फंसकर बेहाल होते रहे लोग


बहजोई के बाजार में जाम में फंसे लोग। • अमृत विचार

संवाददाता,बहजोई

- व्यापारियों ने डीएम से जाम से निजात दिलाने की उठाई मांग

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में मुख्य बाजार में जाम ऐसा लगा कि 3 घंटे तक लोग परेशान रहे। रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक बंद हो जाने के कारण सड़क के दोनों और लंबी-लंबी कतारें लग गई।

नगर के मुख्य बाजार में जाम लगा प्रतिदिन आम बात है। शनिवार को तो स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो गई। ई रिक्शा तथा बड़े वाहनों के आवागमन से बर्तन बाजार, पुराना बाजार, संभल रोड व पुराना डाकखाना रोड को जोड़ने वाले चौराहे पर लंबा जाम लग गया। इसी बीच ट्रेन आने पर फाटक लग गया तो स्थिति बदतर हो गई। 3 घंटे तक भीषण गर्मी में नागरिक बेहाल हो गए। यहां पर ट्रैफिक व्यवस्था को देखने वाले पुलिसकर्मी नहीं थे। लोग इधर-उधर से अपने वाहन निकलने में लगे हुए थे। 3 घंटे बाद जब जाम खुला तो तब कहीं जाकर नागरिकों ने राहत की सांस ली। व्यापारियों को कहना है कि यहां प्रतिदिन ही जाम लगता है।

# दुर्घटना में युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**रजपुरा, अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र के रजपुरा बहजोई लिंक मार्ग परवाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव न्यौरा निवासी उपेंद्र कुमार पुत्र तेजपाल सिंह (19) अपने दोस्त दिनेश पुत्र जयवीर के साथ बाइक से शनिवार दोपहर गांव हिरौनी जा रहा था। गांव के समीप वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे उपेंद्र व दिनेश गंभीर रूप से घायल गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने उपेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल दिनेश कुमार को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

# कारगिल विजय दिवस पर जवानों को दी श्रद्धांजलि


कारगिल विजय दिवस मनाते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने श्रद्धांजलि दी । नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय, डॉ. टीएस पाल, मयंक वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, सन्नी शर्मा, आकाश कुमार शर्मा, सुधीर गौड़, सुशीलय, रिंकू, कमल, आशीष आदि मौजूद रहे।

एबीसी मांटेसरी स्कूल के बच्चों ने रैली निकाली। विद्यालय संचालिक संगीता भार्गव, शिक्षिका प्रिया, शालू, निशा, इशिता, दीक्षा, काजल, रुपाली, मानू, मनप्रीत, शिल्पा आदि मौजूद रहीं। एसएम कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस मनाया। मेजर श्रीराम वर्मा, कैप्टन चंद्रवीर, लेफ्टिनेंट अमरजीत मौर्य, अभय प्रताप सिंह, अरुण शंखधार, सचिन, ओमपाल आदि मौजूद रहे। महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कवि माधव मिश्र, परवीन अख्तर, हुआ कौसर, डॉ. जितेंद्र वर्मा, प्रमोद कुमार, महेश चंद्र, श्रीकृष्ण राणा, गीता रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# शोषण बर्दाश्त न करें संविदा बिजली कर्मचारी:हर्षवर्धन

**संभल, अमृत विचार:** निविदा संविदा कर्मचारी संघ नेने अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद की।

संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षवर्धन ने संविदा कर्मचारियों को एकजुट रहने की सलाह दी। उन्होंने वर्क टू रूल नियम के बारे में समझाते हुए कहा कि संविदा कर्मचारियों का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। पश्चिमांचल अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कहा कि पूरे मंडल सहित मेरठ, बदायूं के संविदा कर्मी बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य न करें। राजकुमार शर्मा, बाबू हुसैन, राजकुमार यादव जिला अध्यक्ष रामपुर, महिपाल, भूपेंद्र, सतीश, सुनील, रामपाल अमरोहा जिला अध्यक्ष, संजीव कुमार के साथ ही नितिन यादव, हेमराज बदायूं जिला अध्यक्ष, धीरेंद्र कुमार, शाहिद सहित अनेक कर्मचारी नेता मौजूद रहे। पश्चिमांचल महामंत्री अभिनंदन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# संविधान मान दिवस का आयोजन

संवाददाता, चन्दौसी

- वक्ता बोले-भाजपा संविधान बदलना चाहती है
- बहेड़ी विधायक अताउर रहमान ने भी किया संबोधित


समाजवादी पार्टी के कार्यक्रम में मौजूद अताउर रहमान व अन्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की ओर से संविधान मान स्तंभ दिवस का आयोजन बहजोई रोड किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों का हक छीन रही है। सपा कार्यकर्ता अपने बूथों पर वोट बनवाने का कार्य करें।

रविवार को संविधान मान स्तंभ दिवस में मुख्य अतिथि बरेली के बहेड़ी विधायक अताउर रहमान ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की हक की लड़ाई लड़ने को संविधान मान स्तंभ दिवस मना रही है। भाजपा देश का संविधान बदलना चाहती है। देश को पूंजीपतियों के हवाले कर किसानों को खाद-बीज नहीं दे पा रही है। राज्यसभा सांसद जावेद अली ने कहा कि संविधान को बचाना जरूरी है। भाजपा संविधान की विचारधारा को बदलना चाहती है। भाजपा न्याय में अड़चन पैदा कर रही है। भाजपा संविधान से समाजवाद पंथ निरपेक्षता को हटाना चाहती है। कार्यकर्ता वोटर लिस्ट चेक कर वोट बनवाने का कार्य करें। असमोली विधायक पिंकी यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों का हक छीन रही है। इस दौरान रामखिलाड़ी यादव, विमलेश कुमारी, जिलाध्यक्ष असगर अली, महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार, राजेश यादव, प्रमोद यादव, रामू यादव, भावना सक्सेना, संगीता पाल, सुनीता यादव, राजेश कुमारी, अमित यादव, ताहिर उल्ला खां, संजय मदान, नवीन यादव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो होटलों से पकड़े युवक व युवतियां

संवाददाता,चन्दौसी

**अमृत विचार:** बनियाठेर पुलिस ने गुमथल रोड पर छापा मार एक होटल से युवक-युवतियों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा ।

थाना क्षेत्र गुमथल रोड पर एक होटल का संचालन पिछले 6 से 7 माह से किया जा रहा है। आसपास के लोगों ने पुलिस से शिकायत की थी कि होटल में युवक-युवतियां काफी संख्या में आते हैं। पुलिस ने शनिवार की सुबह होटल पर छापा मारा। एक कमरे से एक युवक-युवती मिले। पुलिस दोनों को थाने ले गई जहां युवती के परिजनों को बुलाया गया। जबकि युवक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। पुलिस ने होटल पर मौजूद युवक को भी हिरासत में लिया है। वहीं शुक्रवार की रात पुलिस ने बहजोई रोड स्थित मॉल के पीछे संचालित ओयो होटल में छापा मारा। जहां पुलिस ने 2 युवक व 2 युवकों को पकड़ा। पुलिस चारों को थाने ले आई। दोनों युवतियों को वन-स्टाप सेंटर भेज दिया जबकि युवकों के विरुद्ध कार्रवाई की है।


होटल से पकड़ी गईं युवतियां।

# 15 केंद्रों पर होगी आरओ, एआरओ परीक्षा

- एसपी व एडीएम ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर तैयारी का लिया जाएगा

संवाददाता,बहजोई/ चन्दौसी

**अमृत विचार:** रविवार को जनपद में 15 केंद्रों पर आरओ व एआरओ की परीक्षा होगी। 7056 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। एडीएम तथा एसपी ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लेकर नकल विहीन परीक्षा के निर्देश दिए। डीआईओएस ने सभी तैयारियां पूरी होने का दावा किया है।

संभल में शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस इंटर कॉलेज, सरस्वती इंटर कॉलेज, बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, जवाहरलाल मेमोरियल, नगर पंचायत इंटर कॉलेज, हिंद इंटर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय, जेडीयू इंटर कॉलेज जबकि चंदौसी में एसएम इंटर कॉलेज, नानक चंद्र आदर्श इंटर कॉलेज, सेकंड हार्ड कान्वेंट स्कूल, आमेर स्कूल, सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दिनभर परीक्षा केंद्रों पर तैयारी का दौर चलता रहा। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई व एडीएम प्रदीप वर्मा ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा की तैयारी का जायजा लिया।


परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते एसपी व एडीएम।

### 8 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचें परीक्षार्थी

डीआईओएस श्यामा कुमार ने बताया कि परीक्षा सुबह 9 :30 बजे से प्रारंभ होगी। परीक्षार्थियों को 8 :00 बजे परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर रिपोर्ट करनी होगी। 8 :45 बजे तक मुख्य द्वार बंद हो जाएगा। परीक्षा 9 :30 बजे से 12 :30 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंधित रहेगी।

## सिटी डायरी


तीजोत्सव में शामिल महिलाएं। • अमृत विचार

### निधि दीक्षित बनीं तीज क्वीन

**संभल,अमृत विचार :** हिंदू जागृति महिला मंच के तीज उत्सव कार्यक्रम में निधि दीक्षित ने तीज क्वीन का खिताब जीता। जिला अध्यक्ष मीनू रस्तोगी, रूपाली गुप्ता,ज्योति, कविता गुप्ता, शालिनी रस्तोगी, नमिता अग्रवाल, बबीता भारद्वाज, मीना गर्ग, शीतल, वंदना रस्तोगी, मीनू अग्रवाल निकिता गर्ग, वर्षा अग्रवाल, रमा अग्रवाल, शिवाली रस्तोगी आदि मौजूद रहीं।



मेहंदी रचे हाथ दिखातीं महिलाएं। • अमृत विचार

### मेहंदी प्रतियोगिता में रिया सिंह को मिला प्रथम स्थान

**संभल,अमृत विचार :** लायंस क्लब संभल द्वारा हरियाली तीज के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता में शंकर स्कूल की 12 छात्राओं ने भाग लिया। जज डॉक्टर ललित अग्रवाल ने छात्रा रिया सिंह प्रथम अंशु दूसरे और मेहतिश को तीसरे स्थान पर चुना। लाइन लेडीज की तरफ से रुचि गर्ग, ज्योति गुप्ता, अनुराधा रस्तोगी, डॉक्टर नाहिद रजा, मीनू रस्तोगी, राधा अग्रवाल, सोनी अग्रवाल, योगिता भारद्वाज व पूजा गुप्ता आदि उपस्थिति रहीं।


कार्यक्रम में शामिल एसडीएम वंदना मिश्रा।

### महोत्सव में दिखी संस्कृति की छटा

**बबराला,अमृत विचार :** रोटरी क्लब बबराला और विद्या कुंज इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में हरियाली तीज महोत्सव में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी डॉ. वंदना मिश्रा रहीं। डॉ. पूर्वा वार्ष्णेय विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। निर्णायक की भूमिका का निर्वाह विनीता अग्रवाल ने किया। संचालन सोनल शर्मा और श्वेता वार्ष्णेय ने किया। विद्यालय प्रबंधन अध्यक्ष पूजा गोयल,निदेशक गार्गी गोयल,नव्या, मीनाक्षी, राधिका, मीनल, ऋद्धि, प्रीति यादव, ऋचा, उमा वार्ष्णेय, शिवानी और शिप्रा आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ने हमेशा सैनिकों का किया सम्मान: हेमंत राजपूत

**संभल,अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने कहा कि भाजपा ने हमेशा वीर सैनिकों का सम्मान किया है। पूर्व सैनिक महेश यादव एवं संजय चौधरी को सम्मानित किया गया। पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह ने कहा कि देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ा है। अध्यक्षता भीष्म शर्मा एवं संचालन हरिओम शर्मा ने किया। परमेश्वर लाल सैनी ,राजेंद्र यादव, डा. नरेंद्र सिंह, विरलेश यादव, हनी यादव, भारत सिंह यादव, हृदयेश यादव, दीपक यादव, सुधीर मेहरोत्रा, अंकित ज़ैन व अन्य मौजूद रहे।



शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

# महिला संगठनों ने मनाया तीजोत्सव


तीज क्वीन के साथ पदाधिकारी। • अमृत विचार


तीज कार्यक्रम में सीमा शर्मा को उपहार देतीं सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** ब्राह्मण महिला सभा की ओर से तीज महोत्सव एबीसी मांटेसरी स्कूल में मनाया गया।

संगीता भार्गव, सरोज शर्मा, साधना पाठक को सम्मानित किया गया। महामंत्री रंजना शर्मा, उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, मीरा दुबे, आशा गोस्वामी, स्वाति शर्मा, शुभ्रा शर्मा, माधुरी शर्मा, प्रतिभा शर्मा, सीमा शर्मा, शालिनी शर्मा, साधना पाठक, इंद्रेश शर्मा, सुधा शर्मा आदि मौजूद रहे। जनकल्याण सेवा समिति के कार्यक्रम में सीमा फैंसी, रचना, राजेश्वरी, अलका अग्रवाल, कल्पना वार्ष्णेय, भावना गुप्ता, रेखा रस्तोगी, अंशु वार्ष्णेय, मनीषा, सोनी रस्तोगी, शालिनी शर्मा, रमा, सारिका, रचना, बाबी, ऋतु, दुर्गा टंडन, प्रतिभा आर्य, प्रतिभा चौधरी, प्रीति, प्रियंका आदि मौजूद रहे। वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति के कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष वीनेश वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, डॉ. सोनल वार्ष्णेय, रीना चौधरी, मोनिका गुप्ता, पूजा वार्ष्णेय, अनुराधा, बीना, सीमा, खुशी आदि मौजूद रहीं।

### सीमा शर्मा चुनी गईं तीज क्वीन

**संभल,अमृत विचार :** ब्राह्मण महिला सभा के तीज उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शहर के एक होटल में किया गया। गीत संगीत के बीच गेममें रचना शर्मा, सीमा शर्मा, श्वेता तिवारी तथा उदिता मिश्रा ने बाज़ी मारी। निम्मी शर्मा तथा डॉ. लक्ष्मी शर्मा ने हाउजी खिलाई। तीज क्वीन का ताज सीमा शर्मा के सिर पर सजा। रेनू तिवारी ,रचना मिश्रा ,नीरज शुक्ला,सरोज हटवाल ,सेजल शुक्ला ,शालू ,दिशा पाठक, प्रिंसी आदि शामिल रहीं।

# जंगल में मिला किशोरी का शव,हत्या का आरोप

**संभल/कैला देवी,अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के बरखेड़ा सोनक गांव के जंगल में शनिवार शाम को एक 12 वर्षीय किशोरी का शव मिला। कैला देवी थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक भाटी भी पहुंच गए।

किशोरी की पहचान बहजोई थाना क्षेत्र के गांव सोराजपुर निवासी छोटेलाल की पुत्री ज्योति के रूप में हुई। पुलिस ने बच्ची के परिजनों को सूचना दी तो ज्योति की मां व अन्य परिजन पहुंच गये। मां ने बेटी की हत्या का आरोप लगाया। फारेंसिक टीम ने घटना स्थल के फोटो लेने के साथ ही अन्य साक्ष्य संकलित किये। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


अधिकारियों को जानकारी देते थाना प्रभारी।

### इंटरमीडिएट की छात्रा का लटका मिला शव

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** गांव धर्मपुर कुइया निवासी वीरपाल की 17 वर्षीय पुत्री दुर्गेश इंटरमीडिएट की छात्रा थी। वह शुक्रवार की रात दूसरी मंजिल के कमरे में जाकर सो गई। शनिवार की सुबह नीचे नहीं आई, तो परिजनों ने आवाज दी। हलचल नहीं होने पर जाली से झांका तो छात्रा पंखे से दुपट्टे से बने फंदे पर लटकी थी। दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा। कुछ देर बाद पुलिस भी पहुंच गई।

स्टेट ब्रीफ

### चित्रकूट में 5 करोड़ से होगा प्रवेश द्वारों का निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** चित्रकूट में प्रवेश करने वाले तीन प्रमुख सड़क मार्गों–प्रयागराज–चित्रकूट, बांदा–चित्रकूट एवं कौशांबी–चित्रकूट मार्ग पर भक्ति थीम पर आधारित तीन भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण करने के लिए 5 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चित्रकूट भगवान राम की तपोभूमि है। चित्रकूट से जुड़े तीन प्रमुख मार्ग में भक्ति थीम पर आधारित प्रवेश द्वारों का निर्माण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है, बल्कि यात्रियों की सुविधा बढ़ाना और राम वन गमन पथ को भव्य बनाना भी है।

### प्रदेश कांग्रेस में समन्वयक मनोनीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस के तीन विभागों में समन्वयक मनोनीत किये गये हैं। इस सिलसिले में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की ओर से पत्र जारी किया गया है। केकेसी महाविद्यालय लखनऊ के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर विनोद चन्द्रा को प्रदेश कांग्रेस के रिसर्च एवं डेटा एनालिसिस विभाग का समन्वयक मनोनीत किया गया है। शिया महाविद्यालय लखनऊ के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार राय को प्रदेश कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ का समन्वयक मनोनीत किया गया। इसी तरह, उद्यमी व चिकित्सक डॉ आजाद बेग को चिकित्सा प्रकोष्ठ का समन्वयक नियुक्त किया गया है।

### नाविकों को सुरक्षा और मेहमाननवाजी का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) की ओर से शनिवार को चुनार में स्थानीय नाविकों को सुरक्षा और मेहमाननवाजी कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। यह जानकारी देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी है।

# पारदर्शिता और जवाबदेही की मिसाल बनें जनप्रतिनिधि

## मुख्यमंत्री ने अयोध्या और देवीपाटन मंडल के सांसद-विधायक समेत शीर्ष अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने शासन तक जनता की समस्याएं पहुंचाने की जिम्मेदारी को निभाने का किया आह्वान

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों को उनके क्षेत्रों की जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने, योजनाओं की जानकारी देने और शासन तक जनता की समस्याएं पहुंचाने की जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाने का आह्वान किया। कहा कि शासन और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाते हुए जनप्रतिनिधि पारदर्शिता और जवाबदेही की मिसाल बनें।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को अयोध्या और देवीपाटन मंडल के जनप्रतिनिधियों, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि प्रदेश सरकार केवल योजनाएं बनाकर ही नहीं रुकती, बल्कि उन योजनाओं को धरातल पर उतारने और जनता तक लाभ पहुंचाने में भी विश्वास करती है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए शासन और जनप्रतिनिधियों के बीच सशक्त संवाद आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नगर निकायों को अलग से वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराती है और सीएम ग्रिड योजना के माध्यम से नगरों के समग्र विकास को नई दिशा दी जा रही है। निर्देश दिए कि नगर निगम एवं नगर निकाय अपने-अपने क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा करते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवश्य शामिल करें।



अयोध्या और देवीपाटन मंडल के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### हर विधानसभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल का करें सौंदर्यीकरण

योगी ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक पर्यटन स्थल चिन्हित किया जाए और वहां पर सौंदर्यीकरण के साथ–साथ जनसुविधाओं का विकास किया जाए।

### शहरों में शामिल हुए गांवों का रखें विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि जिन नगर निकाय क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल किया गया है, वहां पर विशेष ध्यान दिया जाए। इन नए शहरीकृत गांवों में पेयजल, जलनिकासी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता से पूरी कराई जाएं ताकि नगरीय सुविधा और ग्रामीण पहचान के बीच सामंजस्य बना रहे। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि सेतुओं के निर्माण को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना से जोड़ा जाए।

### जिला मुख्यालय फोर लेन व ब्लाक दो लेन सड़क से जोड़ें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिला मुख्यालयों को फोर लेन और ब्लॉक मुख्यालयों को कम से कम दो लेन की सड़कों से जोड़ने का कार्य तेज़ी से किया जाए। इसके साथ ही, सभी विभाग ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर उन्हें तत्काल ठीक कराने के लिए समन्वित प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल विभाग की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि शासन की संवेदनशीलता का परिचायक है। प्रदेश की सड़कों की चौड़ाई को 3 .5 मीटर से बढ़ाकर 5 मीटर किया जा रहा है।

## कांग्रेस-सपा के बहकावे में न आए ओबीसी समाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि ओबीसी समाज कांग्रेस व सपा के बहकावे में न आए। उन्होंने कहा कि भाजपा के एनडीए का चाल-चरित्र भी दोहरापन वाला है। उन्होंने



सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की ओर से यह स्वीकार करना कि देश के अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) समाज के लोगों को उनका संवैधानिक हक दिलाने के मामलों में कांग्रेस पार्टी खरी व विश्वासपात्र नहीं रही है। उन्होंने कहा कि वास्तव में उनका यह बयान उसी तरह से जगजाहिर है, जैसा देश के करोड़ों शोषित, वंचित व उपेक्षित एससी-एसटी समाज के प्रति कांग्रेस पार्टी का रवैया लगातार रहा है।

## शहरी पीएम आवास के लिए 12.31 अरब मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जियोटैगिंग समेत आपदा प्रतिरोध विशेषताओं से लैस होंगे आवास

**अमृत विचार :** डबल इंजन की सरकार प्रदेश में हर नागरिक को छत उपलब्ध कराने की दिशा में लगातर बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मिशन 2.0 के अंतर्गत 12 अरब 31 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस धनराशि का उपयोग शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद लाभार्थियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आवास निर्माण की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। योजना के तहत सभी आवासों की जियो टैगिंग सुनिश्चित की जाएगी, ताकि निर्माण की प्रत्येक अवस्था की निगरानी सटीकता से की जा सके। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि आपदा प्रतिरोध विशेषताओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। इससे प्राकृतिक आपदाओं के समय आवासों की मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। निर्माणाधीन मकानों में भूकंप, बाढ़ और अन्य आपदाओं से सुरक्षा की दृष्टि से आपदा प्रतिरोध विशेषताओं को शामिल करना अनिवार्य किया गया है।

# बिजली की ट्रिपिंग समस्या दूर करेंगे फीडर मैनेजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर तीन महीने में फीडर स्तर पर होगी बिजली आपूर्ति की समीक्षा
- मुख्यमंत्री की सख्ती पर पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने दिए निर्देश

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली आपूर्ति को 'ट्रिपिंगविहीन' बनाने के लिए अब फीडर मैनेजर नियुक्त होंगे। हर तीन महीने में फीडर स्तर पर बिजली आपूर्ति की समीक्षा होगी। मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बिजली आपूर्ति से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिये। अध्यक्ष शनिवार को शक्ति भवन में बिजली आपूर्ति की समीक्षा कर रहे थे।

वीडियों कांफ्रेन्सिंग के जरिये प्रदेशभर के अधिकारियों से बिजली व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी फीडरों की लगातार समीक्षा की जाए। इसके लिये पूरे प्रदेश में सभी फीडरों के फीडर मैनेजर बनाये जाएं। जो लोग अच्छा कार्य करें और अपने फीडर पर बिजली व्यवस्था से सम्बन्धी कार्यों में बेहतर परिणाम दें, उन्हें प्रोत्साहित करें और कार्य संतोषजनक न होने पर कार्रवाई की जाए। एक पोर्टल बनाकर फीडर मैनेजर के डाटा समेत सभी आवश्यक डाटा उपलब्ध कराया जाए। फीडर मैनेजर समेत उपखंड अधिकारी, अधिशासी अभियंता, अधीक्षण अभियंता और मुख्य अभियंता तक के लक्ष्य निर्धारित किये जाएं। जहां लोड ज्यादा है, वहां ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि तत्काल की जाए। अध्यक्ष ने कहा कि मुख्य अभियंता बेहतर ढंग से दायित्व का निर्वहन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी।



लखनऊ में समीक्षा बैठक करते पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ . आशीष गोयल।

**1912 पर दर्ज शिकायतें न रहें लंबित :** अध्यक्ष ने कहा कि 1912 पर आने वाली शिकायतें लंबित नहीं रहनी चाहिए। निर्धारित समय में उनका निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। जब तक उपभोक्ता की समस्या हल न हो, तब तक कॉल को बंद न किया जाए। राजस्व वसूली, वाणिज्यिक व तकनीकी लाइन हानियां समेत विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी तय की जाए। अध्यक्ष ने कहा कि बिलिंग कार्य की थर्ड पार्टी से जांच जरूर कराई जाए। इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नये कनेक्शन के मामले लंबित न रखे जाएं।

**सेफ्टी इक्यूपमेंट पहनकर ही संविदा कर्मी करें कार्य :** अध्यक्ष ने कहा कि 'सेफ्टी इक्यूपमेंट' पहनकर ही संविदा कर्मी कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जहां जरूरत हो, वहां ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता तत्काल बढ़ाई जाए ताकि ओवरलोडिंग की स्थिति न बने। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फील्ड से प्राप्त वास्तविक शिकायतों का समाधान समयबद्ध ढंग से हो।

# विभागों में खाली पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दिव्यांगजनों को चार प्रतिशत आरक्षण के लिए शासनादेश जारी

**अमृत विचार :** राजभवन सचिवालय, कृषि व दिव्यांगजन विभाग में खाली पदों पर चार प्रतिशत आरक्षण के साथ दिव्यांगजनों की भर्ती जल्द शुरू होगी। इस सिलसिले में राज्य सरकार की ओर से शासनादेश जारी किया गया है।

दिव्यांगजन विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा की ओर से जारी शासनादेश के तहत दिव्यांगजन सशक्तीकरण निदेशालय में स्पीच थेरेपिस्ट, सहायक लाइब्रेरियन-पुस्तकालयाध्यक्ष, दृष्टि बाधित विद्यालयों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षक स्पर्श-संकेत, छात्रावास अधीक्षक महिला-पुरुष, सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर, फिजियोथेरेपिस्ट, शीघ्र पहचान इकाई प्रशिक्षक व व्यवसायिक प्रशिक्षक की भर्ती की जाएगी। राज्यपाल सचिवालय में समूह घ अनुसेवक और कृषि विभाग में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए रसायन शाखा, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी विकास शाखा व वरिष्ठ प्राविधिक सहायक रसायन शाखा के पदों पर भर्ती की जाए। सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार ने सभी विभागों में दिव्यांगजनों के खाली पद चिन्हित कर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये हैं। मालूम हो कि पिछले दिनों पिछड़ा वर्ग राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक हुई थी। बोर्ड के सदस्यों ने खाली पद न भरे जाने पर नाराजगी जताई थी। इस पर राज्यमंत्री ने प्रदेश में दिव्यांगजनों के खाली पदों पर चार प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये थे।

## 11 अगस्त से विधानमंडल सत्र के लिए तैयारी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानमंडल सत्र के 11 अगस्त से शुरू होने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। विधान परिषद व विधानसभा के प्रमुख सचिवों को सत्र शुरू होने को लेकर आदेश जारी किया गया है। शासन के सूत्रों के अनुसार, सदन की कार्यवाही को सुचारू ढंग से संचालन के लिए सदन के अधिकारियों को तैयारी के निर्देश दिये गये हैं।



इससे पहले 18 फरवरी को विधानमंडल का सत्र आहूत किया गया था, जिसका सत्रावसान 12 मार्च को कर दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, मानसून सत्र के दौरान प्रदेश सरकार कई अध्यादेशों को मंजूरी के लिए सदन में पेश कर सकती है। इसके अलावा अन्य विधायी कार्य भी संपन्न होंगे। मालूम हो कि पिछले दिनों कैबिनेट ने विधानमंडल में सीएजी की रिपोर्ट पेश करने के लिए राज्यपाल की अनुमति लेने का वित्त विभाग का प्रस्ताव मंजूर किया था। मानसून सत्र में सीएजी की सात रिपोर्ट (प्रतिवेदन) सदन के पटल पर रखी जाएगी।

# भाजपा विधायक की शिकायत पर तीन सदस्यीय समिति गठित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बहराइच मेडिकल कॉलेज में प्रसव के दौरान लापरवाही का मामला

**अमृत विचार :** महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज बहराइच में प्रसव के दौरान लापरवाही के प्रकरण में भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी की शिकायत पर शासन ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है। इस सिलसिले में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से आदेश जारी किया गया है।

महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह को जांच समिति का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि विशेष सचिव कृतिका शर्मा सदस्य-संयोजक व प्रोफेसर गायनी आरएमएलओ डॉ. नीतू सिंह सदस्य बनाया गया है। जांच समिति को 15 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है। मामला विधानसभा क्षेत्र के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के अमराई गांव निवासी बसंत कुमारी पत्नी उमेश पाल से संबंधित है। उमेश पाल के मुताबिक, 12 जुलाई को उनकी पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई। इस पर मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। काफी देर तक कोई चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ प्रसव पीड़िता का इलाज करने नहीं पहुंचा। इस पर विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी से मदद मांगी गई। विधायक ने चिकित्सक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को फोन कर प्रसव पीड़ित महिला का इलाज कराने की सिफारिश की। आरोप है कि इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। परेशान होकर उमेश पाल ने अपनी पत्नी को प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराकर प्रसव कराया।

इस मामले में विधायक ने प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य से लिखित शिकायत की थी और उनके पत्र के समर्थन में विधायक राम नानपारा रामनिवास वर्मा ने भी हस्ताक्षर किए। प्रमुख सचिव चिकित्सा ने शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया।

## निजीकरण के विरोध में आंदोलन तेज करेंगे बिजली कर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने आंदोलन और तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस सिलसिले में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक 27 जुलाई को होगी। बैठक में विचार-विमर्श कर आंदोलन को तेज करने के लिए रणनीति पर चर्चा होगी।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का अब तक निजीकरण न कर पाने से खीझे प्रबंधन ने बिजली कर्मियों का बड़े पैमाने पर उत्पीड़न करना शुरू कर दिया है। वहीं उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि निजीकरण के लिए तैयार किये गये मसौदे की कोई वैधता नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के आधार पर यह तैयार किया गया, वह केंद्र सरकार की वेबसाइट पर आज तक पब्लिक डोमेन में नहीं लाया गया है। कोई भी प्रस्तावित डॉक्यूमेंट पर आम जनता के 'कमेंट' लिए जाते हैं।

**जल्द घोषित होगी नई बिजली दरें :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने प्रदेश में नई बिजली दरें घोषित करने की तैयारी शुरू कर दी है। बीते दिन आयोग की सलाहकार समिति की बैठक के बाद अब आयोग दरों को अंतिम रूप देगा।

## जीरो पावर्टी की पहली लाभार्थी का तैयार हो रहा आशियाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रूबी के पति रामसागर को पहले ही योगी सरकार दिला चुकी है एलएंडटी में नौकरी

**अमृत विचार :** योगी सरकार की जीरो पावर्टी अभियान की पहली लाभार्थी गोसाईगंज की रूबी के सपनों का आशियाना बनने लगा है। वह अगले कुछ महीनों में झोपड़ी से पक्के मकान में शिफ्ट हो जाएगी। रूबी के पति रामसागर को पहले ही योगी सरकार एलएंडटी में नौकरी दिला चुकी है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि योगी सरकार के जीरो पावर्टी अभियान के तहत गोसाईगंज के सिलौली गांव की रूबी के लिए बनाए जा रहे पक्के मकान का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और अगले कुछ महीनों में पूरा हो जाएगा। इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मुख्य सचिव ने बताया कि वह खुद मकान के निर्माण कार्य समेत अन्य योजनाओं के लाभ की मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर 2024 को अभियान की घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की थी। 25 लाख गरीब परिवारों को अभियान से लाभान्वित करने के साथ चिन्हित परिवार के मुखिया को गारंटीड नौकरी और प्रति परिवार की आय सवा लाख रुपये सालाना करने का लक्ष्य है। इस योजना में 13.57 लाख परिवारों को अब तक चिन्हित किया गया है।

# पीजीआई में जल्द शुरू होगा हार्ट ट्रांसप्लांट

संवाददाता, लखनऊ (पीजीआई)

- सीवीटीएस विभाग में तैयारी पूरी तीन मरीजों को इंतजार

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में जल्द ही हार्ट ट्रांसप्लांट (दिल का प्रत्यारोपण) शुरू होगा। सीवीटीएस विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। विभाग के स्थापना दिवस पर शनिवार को विभागाध्यक्ष प्रो. एसके अग्रवाल ने बताया कि तीन मरीज प्रतीक्षा सूची मे हैं। मस्तिष्क-मृत (कैडेवर) व्यक्ति का स्वस्थ दिल मिलते ही ट्रांसप्लांट किया जाएगा। ट्रांसप्लांट के लिए कम से कम 90 प्रतिशत काम करने वाला दिल होना चाहिए। एमजीएम हेल्थकेयर चेन्नई के डॉ. केआर बालकृष्णन, एचएन रिलायंस फाउंडेशन मुंबई के डॉ अन्वय मुले, एएफएमसी पुणे के डॉ (ब्रिगेडियर) समीर कुमार और मैक्स हॉस्पिटल नई दिल्ली के डॉ. रजनीश मल्होत्रा जैसे मुख्य सीवीटीएस सर्जन ने सीवीटीएस क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और अनुभव को साझा किए।

प्रो. एसके अग्रवाल ने बताया कि पहले हार्ट सर्जरी के लिए एक साल तक इंतजार करना पड़ता था, अब समय घटकर छह महीने रह गया है। विभाग में तीन ऑपरेशन थिएटर संचालित हैं, दो जल्द शुरू होने वाले हैं। प्रत्येक महीने 80 से 85 सर्जरी हो रही हैं। इसे 150 तक ले जाना लक्ष्य है। सर्जरी बढ़ाने के लिए सदस्यों की संख्या बढ़ाई जा रही है। अभी पांच विशेषज्ञ डॉक्टर हैं। 11 नए पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। तीन नए विशेषज्ञ जल्द शामिल होने की उम्मीद है। मिनिमल इनवेसिव और रोबोटिक सर्जरी अपनाने से मरीजों में जटिलताएं कम हुई हैं। मृत्यु दर 10 से घटकर 2 प्रतिशत रह गई है।

बढ़ते कदम | एआई तकनीक से गढ़े गए जनकल्याण के नए आयाम

# यूपी की योजनाओं का खास हिस्सा बना एआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ को एआई सिटी बनाने की तैयारी

**अमृत विचार :** यूपी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में देश का भविष्य गढ़ने वाला अग्रणी प्रदेश बनता जा रहा है। इस तकनीक से शासन, शिक्षा, कृषि, सुरक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में जनकल्याण के नए आयाम गढ़े गए हैं। 'एआई प्रज्ञा' से लेकर 'यूपी एग्रीज', आईबीएम और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सहयोग से शुरू हुई पहल से लेकर लखनऊ को एआई सिटी बनाने की तैयारी तक एक ऐसी डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जहां नागरिक सेवाओं में पारदर्शिता, उत्पादकता और दक्षता को नया आयाम मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि शासन और विकास की रीढ़ बनती जा रही है। युवाओं से लेकर किसानों और सरकारी तंत्र से लेकर शिक्षा तक, एआई के विविध आयामों को नीति और योजना से जोड़ा जा रहा है। अगले कुछ वर्षों में यूपी न केवल एआई स्किल्ड पॉपुलेशन का निर्माण करेगा, बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर तकनीकी नेतृत्व की भूमिका में भी दिखाई देगा। प्रदेश सरकार विजन 2047 के अनुरूप एआई नीति के ड्राफ्ट पर काम कर रही है। साथ ही एआई बूटकैम्प के जरिए 30 विभागों के सरकारी अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है ताकि वे सरकारी प्रक्रियाओं में एआई का प्रभावी उपयोग कर सकें। इसके अतिरिक्त डीबीटी प्रणाली को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए कुछ मामलों में एआई आधारित फ्रॉड डिटेक्शन और डेटा एनालिटिक्स को शामिल किया गया है।

### प्रशासनिक सुधार में सैटेलाइट इमेजिंग का इस्तेमाल

राजस्व विभाग में चकबंदी और भूमि अभिलेखों के लिए सैटेलाइट इमेजिंग और एआई एल्गोरिद्म का उपयोग किया जा रहा है। इससे डिजिटल मैपिंग, विवाद रहित भूमि वितरण और पारदर्शिता को बढ़ावा मिल रहा है। खनिज संपदा की रक्षा के लिए 25 जिलों में 57 मानव रहित एआई/आईओटी चेकगेट्स स्थापित किए गए हैं। इसके साथ आरएफआईडी टैग, जियोफेंसिंग, और एआई कैमरे युक्त वेटब्रिज के माध्यम से अवैध खनन पर नजर रखी जा रही है।

## सपा ने लिया आरक्षण बचाने का संकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा ने शनिवार को पूरे प्रदेश में आरक्षण दिवस को संविधान मानस्तंभ दिवस के रूप में मनाया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भारत के संविधान की प्रति के सानिध्य में संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस आयोजित करके हम 'सामाजिक न्याय' व समता-समानता' और आरक्षण को बचाए-बनाए रखने का अपना संकल्प दोहरा रहे हैं। इसके पीछे यही मूल भावना है कि संविधान मानस्तंभ वस्तुतः पीडीए प्रकाशस्तंभ के रूप में हमारे सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के संकल्प का मार्ग सदैव प्रकाशित और प्रशस्त करता रहे। जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा। संविधान ही ढाल है, संविधान ही कवच है।



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## ब्रजेश पाठक बने रेडक्रॉस सोसाइटी की राज्य शाखा के सभापति

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की उत्तर प्रदेश राज्य शाखा का चुनाव शनिवार को हुआ। चुनाव अधिकारी गंगाराम गुप्ता ने बताया कि सोसाइटी की राज्य शाखा के सभापति उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह को चुना गया है। इनके नाम फतेहपुर चेयरमैन अनुराग श्रीवास्तव ने पेश किया। पूर्व उप सभापति अखिलेंद्र शाही ने इस पर सभा का समर्थन मांगा। सदन ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। शाही ने विगत वर्षों में सोसाइटी द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान ब्रजेश पाठक ने लोगों को संबोधित भी किया।



'तुलसी' काया खेत है,
मनसा भयौ किसान।
पाप-पुन्य दोउ बीज हैं,
बुवै सो लुनै निदान॥

गोस्वामी जी कहते हैं कि शरीर मानो खेत है, मन मानो किसान है। जिसमें यह किसान पाप और पुण्य रूपी दो प्रकार के बीजों को बोता है। जैसे बीज बोएगा वैसे ही इसे अंत में फल काटने को मिलेंगे। भाव यह है कि यदि मनुष्य शुभ कर्म करेगा तो उसे शुभ फल मिलेंगे और यदि पाप कर्म करेगा तो उसका फल भी बुरा ही मिलेगा।

# एको रुद्र द्वितीयो नास्ति

सोम चन्द्रमा के पर्याय हैं। वे विराट ब्रह्माण्ड का मन हैं। जैसे चन्द्र कलाएं घटती बढ़ती हैं, वैसी ही हमारे मन की चंचलता है। सोम संसारी देवता हैं। ओम सूक्ष्मतम विराट का एकात्म नाद। परम ध्वनि। अस्तित्व सूक्ष्मतम से भी सूक्ष्म है और विराट से भी विराट। अन्तर्यात्रा स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा है। पत्ती, पुष्प से पेड़ और पेड़ से जड़ की यात्रा सुगम है। जड़ें देखते ही बीज का ध्यान आता है। बीज के भीतर अनंत संभावनाएं होती हैं। पेड़, शाखा, पत्तियां और फूल। फिर-फिर बीज। ओम प्राण शक्ति है और सोम बीज का पल्लवन पुष्पन। ऋग्वेद के सोम कम लोगों को याद हैं लेकिन सोमवार हर सातवें दिन उन्हीं की स्मृति दिलाता है। सोम से ओम की यात्रा शिव है। यहां कोई भौगोलिक दूरी नहीं। सोम और ओम साथ-साथ हैं। सोम शिव के ललाट पर हैं ही। शिव का सोम चन्द्र प्रतीक बड़ा प्यारा है। ऋग्वेद में सोम को पृथ्वी का निवासी बताया गया है। सोम असाधारण देवता हैं। आनंददाता भी हैं।

ऋग्वेद में रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। नट-राज। श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो शिव के डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकर हो जाते हैं लेकिन यही रूद्र शिव भी हैं। ऋग्वेद में "जो रूद्र है, वही शिव भी है।" शिव महाकाल हैं। त्रिशूल उनका हथियार। तीन शूल दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट हैं। भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुखहारी हैं-त्रिशूल धारक जो हैं। सोंचने से मन नहीं भरता। मैं तनाव की स्थिति में यजुर्वेद के शिव संकल्प सूक्त दोहराता हूं-"हमारा मन भागता है। यहां वहां। ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो-तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।" मंच, माला, माइक का त्रिशूल मेरे भीतर है। सोम सामने है, भीतर ओम है। लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम की अनुभूति नहीं। करूं तो क्या करूं? ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था तर्यम्बक रूद्र को-हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो।

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूंछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है। लेकिन शिव सब जानते थे। वे सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कण्ठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी हैं लेकिन चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। शरद चन्द्र की पूर्णिमा सोम की ही वर्षा करती है।

सावन का माह भारत में शिव उपासना की मंगल मुहूर्त है। शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां औषधियां उगती हैं खिलती हैं खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। काशी बहुत जाता हूं। काशी मंदिर में शिव उपासना की मूर्ति है। शिव दर्शन कई बार हुआ। लेकिन सावन में मैंने समूची काशी को सोम शिव पाया। हर-हर महादेव की गूंज व लोक उल्लास।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

सत्य, शिव और सुंदर की त्रयी में सत्य परम है। सत्य शिव है। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव में तीनों हैं। शिव और लोकमंगल पर्यायवाची हैं। आस्तिकों के लिए यह ऊर्जा सहज प्राप्य नहीं है। शिव के प्रति लोक आस्था विस्मयकारी है। शिव प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने भड़काया "पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गई। आपका सुंदर हांथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?" शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा "संसार के सारे रूप शिव के ही हैं-विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु।" शिव ही सभी रूपों में रूप रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया। शिव बोले "अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः।" मन करता है कि पूंछू शिव से-महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन शिव तप प्रभाव में स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं।

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूंछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है। लेकिन शिव सब जानते थे। वे सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कण्ठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी हैं लेकिन चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। शरद चन्द्र की पूर्णिमा सोम की ही वर्षा करती है। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दांया नेत्र है और बांया चन्द्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं।

शिव अजन्मा हैं। उनका न जन्म हुआ और न ही मृत्यु। वे अजर अमर भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। वे रूद्र शिव एशिया के बड़े भूभाग में प्राचीन काल से ही उपासित हैं। शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर के मन में शिव जिज्ञासा थी। भीष्म से उन्होंने तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, "शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, "रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत् को व्याप्त किया है।" यहां श्रीकृष्ण के विराट का कारण भी शिव तत्व का बोध है। देवों के देव महादेव नमस्कारों के योग्य हैं।

पौराणिक शिव बड़े आकर्षक हैं। बैल की सवारी और पार्वती से बतरस। 'विज्ञान भैरवतंत्र' में शिव और पार्वती के मध्य गहन दार्शनिक संवाद का उल्लेख है। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागी। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दांयी आंख में ही काजल लगाया था, वह बाई आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती शिव जगत् के माता पिता हैं। विवाह के बाद देवों ने शुभकामनाएं दीं।" हम भारतवासी बहुदेव उपासक हैं। बहुदेव उपासना हमारी प्रकृति है। शिव एशिया के बड़े भाग में प्रचलित देव हैं। वे हजारों बरस से भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। कुछेक विद्वान रूद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। श्रीराम गोयल ने 'विश्व की प्राचीन सभ्यताएं' (पृष्ठ 416) में शिव उपासना को आर्येतर बताया है। उन्होंने ऋग्वेद के रूद्र को भी परवर्ती शिव से भिन्न बताया है। गोयल आर्यों को भारतीय मूल का नहीं मानते थे। वे देवताओं को भी आयातित मानते थे। लेकिन ऋग्वेद की प्राचीनता से ही ऐसे आरोप निरस्त हो जाते हैं। सिंधु घाटी से प्राप्त मुद्राओं में पशुओं की बहुतायत है। शिव पशुपति हैं ही। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी। प्रख्यात मार्क्सवादी चिन्तक डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा है "वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे। यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।" शिव उपासना का मूल केन्द्र भारत है। यजुर्वेद प्राचीन है। इसका 16वां अध्याय शिव की ही स्तुति है। यहां शिव कण-कण में व्याप्त परम चेतना हैं।

# वृक्ष भी मानव जैसे

वर्षा-ऋतु में भूत भावन भोलेनाथ कैलाश पर्वत से उतर कर पृथ्वी पर जब आते है तो उत्सव का माहौल बन जाता है। आकाश से मेघ बरसते हैं तो नदियां ही नहीं उछलती-कूदती है बल्कि खुशी और आनन्द के साथ आस्था भी हिलोरे लेने लगती हैं। धार्मिक उत्सवों के साथ वन-महोत्सवों का दौर शुरू हो जाता है। सूखते पेड़, बाग-बगीचों को जैसे नया जीवन मिल जाता हैं। चतुर्दिक हरियाली छा जाती है। हरियाली का आशय ही 'हरि' (पालनकर्त्ता नारायण) की सत्ता। जो पृथ्वी की सम्पन्नता का सूचक है। वनस्पति-शास्त्र का वृक्षों के आपस मे संवाद की बात वैज्ञानिक है। पेड़-पौधे मनुष्य जैसे ही नहीं बल्कि मानव-सृष्टि के विकास में इनकी अहम एवं अग्रणी भूमिका रही है।



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

विंदु एवं नादसृष्टि-विंदु सृष्टि से मानव का जन्म तो वृक्षों के पत्तों की सनसनाहट, वृक्षों से फल गिरने पर जो आवाज हुई, उससे इशारों से काम लेने वाले आदि-मानवों ने शब्द ईजाद किए। जो विकसित होते भाषा बनी। मनुष्य के समृद्ध होने का सिलसिला चल पड़ा। अभिव्यक्ति का दौर शुरू हुआ जिसे नाद सृष्टि कहा गया। शब्दों की व्युत्पत्ति-आम के पेड़ से ढेर सारे फलों के गिरने पर 'वद वद' की आवाज को पहली बार सुना गया। इसी 'वद' को बोलने के क्रम में इस्तेमाल किया गया। यही 'विद' शब्द बना जिसका अर्थ 'जानना' हुआ। फिर शब्दों की यात्रा बढ़ती गयी और 'वद' 'विद' होते 'वर' 'वर्ण' 'वरण' 'वीर' 'बल' 'वरदान' 'बलवान' हो गए। पानी में किसी पदार्थ के गिरने, आकाश के गर्जन आदि से शब्द बनते गए जिससे नए-नए शब्दों का इजाफा होता गया। कीमती धातु की तरह शब्दों की संरचना में धातु और प्रत्यय का प्रयोग कर एवं एक 'धातु' में अलग-अलग प्रत्यय लगा कर अलग-अलग शब्द और उसके अर्थ हुए।

वृक्षों का परिवार-वृक्षों में नर-मादा फूल निकलते हैं। इनसे पराग कण लेने वाले मधुमक्खी एक वृक्ष से जब दूसरे वृक्षों पर बैठते हैं एवं बगीचों से पशुओं के पैरों (खुरों) में लगे ये पराग-कण इधर उधर जाते हैं और मिट्टी के संपर्क में आने से इनके परिवार का मनुष्यों के परिवार जैसा विस्तार होता है। मनुष्य के परिवार की तरह देश-विदेश जाने एवं बसने की तरह फल-फूल भी पैदा कहीं होते हैं और उसका उपयोग विभिन्न स्थानों पर होता है जहां इनके बीज जब फेंक दिए जाते है। अवसर तथा स्थान उपयुक्त पाकर ये उस स्थान में फलते-फूलते हैं जिसे वंशवृद्धि कहते हैं।

मणिद्वीप विंध्याचल-विंध्याचल के मणिद्वीप होने का कारण यह है कि उत्तर गङ्गा विंदु सृष्टि तो दक्षिण विंध्य पर्वत के अरण्य से अक्षर ततपश्चात शब्दों की उत्पत्ति हुई। जो मानव सभ्यता की प्रथम सीढ़ी है। इस दृष्टि से पृथ्वी के अस्तित्व में आने के साथ 'विंध्य' पर्वत की उत्पत्ति का ठोस आधार दिखाई पड़ता है।

अतः एक वृक्ष का मतलब अनन्य पुत्र की ऋषियों की घोषणा सार्थक करने के लिए वृक्षारोपण पुण्यदायी है। इस मौसम में इस कार्य में लगना भी वर्षा ऋतु का संदेश है।

# डिजिटल मीडिया की क्रांति शहरों से गांवों तक

भारत में डिजिटल क्रांति ने अभूतपूर्व गति पकड़ी है। 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 90 करोड़ को पार कर चुकी है, जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। स्टेटिस्टा के अनुसार, ग्रामीण भारत में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या 40 करोड़ से अधिक हो गई है, जो 2015 की तुलना में दस गुना वृद्धि दर्शाता है। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का प्रतीक है। डिजिटल मीडिया ने न केवल शहरों की चकाचौंध को बल्कि गांवों की मिट्टी को भी अपनी चपेट में लिया है, जिससे सूचना, शिक्षा और अवसरों का एक नया युग शुरू हुआ है। डिजिटल मीडिया ने सूचना के प्रसार को लोकतांत्रिक बनाया है। पहले जहां समाचार पत्र और टेलीविजन कुछ बड़े शहरों तक सीमित थे, वहीं आज यूट्यूब, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने गांवों के कोने-कोने तक सूचना पहुंचाई है। ग्रामीण भारत में लोग अब न केवल समाचार देखते हैं, बल्कि स्थानीय मुद्दों पर अपनी राय भी व्यक्त करते हैं। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गांव में रहने वाला किसान अब अपनी फसलों की जानकारी के लिए यूट्यूब चैनलों का सहारा लेता है, जहां उसे उन्नत खेती की तकनीकों से लेकर सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने भाषा की बाधाओं को भी तोड़ा है। हिंदी, तमिल, बंगाली और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कंटेंट ने ग्रामीण दर्शकों को जोड़ा है, जिससे सूचना का प्रवाह पहले से कहीं अधिक समावेशी हो गया है।



डॉ. शैलेश शुक्ला
लखनऊ

यह लोकतंत्रीकरण केवल सूचना तक सीमित नहीं है। डिजिटल मीडिया ने लोगों को अपनी आवाज उठाने का मंच दिया है। ट्विटर (अब एक्स) और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर ग्रामीण युवा अपनी कला, संस्कृति और समस्याओं को दुनिया के सामने ला रहे हैं। डिजिटल मीडिया ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नया आयाम दिया है। ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग ने ग्रामीण उद्यमियों को अपने उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने का अवसर दिया है। उदाहरण के लिए, अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स ने ग्रामीण हस्तशिल्पियों और छोटे व्यापारियों को अपने उत्पाद बेचने के लिए एक मंच प्रदान किया है। इसके अलावा, डिजिटल भुगतान प्रणालियों जैसे यूपीआई ने ग्रामीण व्यापार को और आसान बनाया है। पहले जहां नकद लेन-देन और बैंकों की कमी एक बड़ी बाधा थी, वहीं अब एक स्मार्टफोन के जरिए ग्रामीण दुकानदार सीधे ग्राहकों से भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। यह न केवल समय बचाता है, बल्कि पारदर्शिता और वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा देता है। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल मीडिया ने अभूतपूर्व परिवर्तन लाया है। ग्रामीण भारत में जहां अच्छे स्कूलों और शिक्षकों की कमी एक बड़ी समस्या थी, वहां ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स जैसे बायजूस, उडेमी और यूट्यूब ने शिक्षा को हर घर तक पहुंचाया है। डिजीटल क्रांति भारत को एक नए युग की ओर ले जा रहा है। शहरों से गांवों तक, यह लहर हर किसी को सशक्त और प्रेरित कर रही है।

यह लोकतंत्रीकरण केवल सूचना तक सीमित नहीं है। डिजिटल मीडिया ने लोगों को अपनी आवाज उठाने का मंच दिया है। ट्विटर (अब एक्स) और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर ग्रामीण युवा अपनी कला, संस्कृति और समस्याओं को दुनिया के सामने ला रहे हैं।

# लचीली होती उच्च शिक्षा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए राहत देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने की तैयारी की जा रही है। नए मसौदे में यह व्यवस्था की जा रही है कि विद्यार्थी अब उच्च शिक्षा को स्वेच्छा से बीच में ही कभी भी छोड़ सकेंगे। यही नहीं, छोड़ी गई शिक्षा को वे आजीवन कभी भी पूरा कर सकेंगे। ऐसी व्यवस्था किए जाने पर विचार किया जा रहा है कि विद्यार्थियों के द्वारा जिस स्तर पर उच्च शिक्षा को छोड़ा जाएगा वहां तक अर्जित किए गए क्रेडिट अंक उनके एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में जमा हो जाएंगे।

गौरतलब है कि भारत में 29 जुलाई 2020 से नई शिक्षा नीति लागू है। इस शिक्षा नीति की खासियत यह है कि इसमें शिक्षा को समावेशी, बहुआयामी एवं लचीला बनाने का प्रयास किया गया है। यूजीसी के नए दिशानिर्देशों के अनुसार सभी उच्च शिक्षण संस्थान विभिन्न पाठ्यक्रमों के संबंध में एक समान क्रेडिट फ्रेमवर्क तैयार करेंगे, ताकि कोई भी विद्यार्थी एक संस्थान से शिक्षा छोड़ने के उपरांत उसी डिग्री को किसी अन्य संस्थान से पूरा कर सके। निस्संदेह विद्यार्थियों की सुविधा की दृष्टि से यह एक अनूठा कदम है। उच्च शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर लचीलापन लागू करने से विद्यार्थी चिंता एवं तनाव से रहित होकर अपनी शिक्षा को पूर्ण कर सकेंगे एवं कैरियर को उन्नत दिशा देते हुए राष्ट्र के विकास में योगदान करने में सक्षम एवं समर्थ हो सकेंगे। किंतु कहीं न कहीं इस व्यवस्था का दुरुपयोग होने की संभावना भी नजर आ रही है। गौर से देखा जाए तो इस व्यवस्था में विद्यार्थी को एक सीमा से अधिक ढिलाई एवं छूट मिली हुई है। मुझे नहीं लगता कि गंभीर विद्यार्थियों को बीच में ही शिक्षा को लगाम देकर भविष्य में कभी आगे पूरा करने की आवश्यकता पड़ेगी, परिस्थितिवश कुछ मामलों में ऐसा होना एक अलग मसला है। एक बात उल्लेखनीय है कि जब उच्च शिक्षा अवधि के दायरे में बंधी होती है, तो विद्यार्थी भी अनुशासन एवं नियम की डोर से बंध जाता है एवं उसके मनमस्तिष्क में कहीं न कहीं यह विचार मौजूद रहता है कि उसे अथक परिश्रम करते हुए निर्धारित समय के अंदर पाठ्यक्रम को पूर्ण करना है। डिग्री को आजीवन कभी भी पूर्ण कर लेने की स्वतंत्रता विद्यार्थी के मन में लापरवाही की भावना को जन्म दे सकती है। नतीजा यह होगा कि जिस विद्यार्थी को कर्मठता की ओर रुख करना चाहिए, वह आलस्य की ओर कदम बढ़ा सकता है।



यूजीसी के द्वारा उठाया गया यह कदम उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से लाभप्रद होगा जिनकी शैक्षिक यात्रा में निर्धनता विशेष रूप से आने आ जाती है और इस कारण उन्हें अपनी इस यात्रा को बीच में ही विराम देना पड़ जाता है। जाहिर सी बात है कि विद्यार्थी परिस्थितियोंवश पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हो जाता है।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आमतौर पर विश्वविद्यालय के द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों के क्रेडिट की वैधता अवधि पांच से दस वर्ष तक निर्धारित की गई है। किंतु नई सिफारिशों में यूजीसी के द्वारा ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि विद्यार्थी छोड़ी गई पढ़ाई को क्रेडिट की वैधता अवधि समाप्त होने के उपरांत भी आजीवन कभी भी शुरू कर सकेगा। ऐसी स्थिति में उसके क्रेडिट का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा। मसौदे के प्रारूप से स्पष्ट है कि यूजीसी की मंशा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु अधिक से अधिक प्रेरित करने की है।

यूजीसी के द्वारा उठाया गया यह कदम उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से लाभप्रद होगा जिनकी शैक्षिक यात्रा में निर्धनता विशेष रूप से आने आ जाती है और इस कारण उन्हें अपनी इस यात्रा को बीच में ही विराम देना पड़ जाता है। जाहिर सी बात है कि विद्यार्थी परिस्थितियोंवश पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हो जाता है। नई व्यवस्थाओं के लागू होने पर विद्यार्थी इस समस्या से निजात पा जाएगा, क्योंकि यदि किसी कारणवश वह पढ़ाई को जारी रखने में असमर्थ है तो भविष्य में परिस्थितियों के अनुकूल होने पर भी वह शिक्षा को पुनः आरंभ कर सकेगा। ऐसी दशा में उसने अपने अथक परिश्रम से जो कुछ भी पहले अर्जित किया है, वह कदापि बेकार नहीं जाएगा अपितु उसकी आगे की शैक्षिक यात्रा में जुड़ जाएगा। बहरहाल उच्च शिक्षा की प्रगति हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उठाया गया यह कदम में निस्संदेह सराहनीय है।

# समाज की नींव गढ़ता है शिक्षक

बच्चों से बातचीत के सेशन में जब यह सवाल पूछा गया कि मोटरसाइकिल पर जाते वक्त अगर रास्ते में शिक्षक, पुलिस और लेखपाल-ये तीनों लिफ्ट मांगें तो किसी एक में किसको बिठाओगे, तो पहले तो बच्चों ने थोड़ा सोचते हुए शिक्षक कहा। शायद इसलिए क्योंकि पूछने व्यक्ति शिक्षक था। लेकिन दुनियादारी से वाकिफ कुछ बच्चों ने मुस्कुराते हुए तुरंत जवाब दिया-पुलिस को। वजह पूछने पर किसी ने कुछ नहीं कहा, लेकिन उनकी मुस्कान और नजरें बहुत कुछ कह गईं।



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

बच्चों को भले ही समाजशास्त्र न पढ़ाया गया हो, लेकिन उन्हें ताकत की भाषा समझ आ चुकी है। ये वही बच्चे हैं जो रोज स्कूल जाते हुए रास्ते में, और समाज में, अपने घर में कहानियों और खबरों के जरिए पुलिस की वर्दी से डरना सीखते हैं, जो जानते हैं कि लेखपाल के पास जमीन की किस्मत है और जो जानते हैं कि शिक्षक केवल पढ़ा सकता है, सिखा सकता है, लेकिन उन्हें सीधे लाभ या हानि नहीं पहुंचा सकता।

इस छोटे-से सवाल के जवाबों में हमारे समाज की प्राथमिकताएं और मूल्य व्यवस्था पूरी तरह उजागर हो जाती है। शिक्षक, जो असल में समाज की नींव गढ़ता है, आज सबसे कमजोर समझा जाता है। वो व्यक्ति जो बच्चों को सोचने की ताकत देता है, अब खुद ताकतहीन प्रतीत होता है। दूसरी ओर, वर्दीधारी पुलिस जो भय और शक्ति का प्रतीक बन चुकी है, और लेखपाल जो सरकारी व्यवस्था में 'फैसला' और 'फायदा' बांटने का माध्यम है, उन्हें पहले बिठाने की वजह यही है कि हमारे समाज में ताकत का सम्मान ज्यादा है, और नैतिकता या ज्ञान का कम।

यह चिंतन केवल बच्चों का नहीं, बल्कि पूरे समाज का आइना है। जब एक बच्चा यह सोचने लगे कि किसी शिक्षक को बिठाने से कुछ नहीं मिलेगा लेकिन पुलिस को बिठाने से झंझट नहीं होगी, तो समझ लीजिए कि शिक्षक की सामाजिक हैसियत अब प्रेरणा नहीं, बल्कि सहानुभूति की मांग करने लगी है।




सवाल उठता है कि हमने कैसा समाज बनाया है, जहां जो सबसे ज्यादा देता है-वो सबसे कम माना जाता है। यह वक्त है न केवल शिक्षा व्यवस्था की, बल्कि समाज की सोच को आईना दिखाने का। जब तक शिक्षक को सिर्फ एक मजबूर सेवा प्रदाता समझा जाएगा, तब तक ज्ञान की असल ताकत और उसका सम्मान खोखला ही रहेगा।

# मुक्त व्यापार समझौते से समृद्ध होगी आर्थिकी

ब्रिटेन के साथ एफटीए हो जाने से भारत की पश्चिमी देशों के साथ लोकतांत्रिक एवं आर्थिक विश्वसनीयता भी मजबूती से प्रदर्शित होगी। यह समझौता हमारी वैश्विक स्तर पर उभरती शक्ति एवं कूटनीतिक दक्षता का भी द्योतक है। इस समझौते से कारोबारी, व्यापारिक और आर्थिक गतिविधियां तेजी से संचालित होने के साथ ही स्वास्थ्य, पर्यावरण, ऊर्जा एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

विश्व व्यापार संगठन के प्रावधानों के अंतर्गत कुछ विशिष्ट शर्तों व सीमाओं के साथ क्षेत्रीय व्यापार को प्रोत्साहित करने हेतु मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का प्रावधान किया गया है। इन प्रावधानों में टैरिफ घटाने की प्रक्रिया के साथ यह भी शामिल है कि इन समझौतों से किसी तीसरे देश के साथ व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। मुक्त व्यापार समझौतों के अंतर्गत अधिकांशतः व्यापारिक और कारोबारी वस्तुएं शामिल होती हैं। विश्व व्यापार संगठन का मुख्य उद्देश्य वैश्विक व्यापार को मुक्त एवं भेदभाव रहित बनाना है। भारत के कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते हो चुके हैं। ब्रिटेन के साथ होने वाला यह समझौता निश्चित रूप से दोनों देशों की आर्थिकी को गति प्रदान करेगा। इस समझौते में मुख्य रूप से चमड़ा, जूते, कपड़े और श्रम प्रधान उत्पादों के निर्यात से कर हटाने तथा ब्रिटेन से कार व व्हिस्की के आयात को सस्ता करने का प्रावधान है। भारत और ब्रिटेन का द्विपक्षीय कारोबार लगभग 58 अरब डॉलर के आसपास है, जबकि चीन और ब्रिटेन का कारोबार लगभग 132 अरब डॉलर का रहा है। यह समझौता भारत के कारोबार को बढ़ाने के साथ ही जीडीपी में स्थायी वृद्धि को प्रेरित करने में सहायक सिद्ध होगा।



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद अधिकांश वस्तुओं पर ब्रिटेन के बाजार में शुल्क नहीं लगेगा, जिससे भारतीय वस्तुएं अन्य देशों की तुलना में सस्ती हो जाएंगी। भारत की तुलना में चीन का ब्रिटेन के साथ कारोबार दुगने से भी अधिक है, परंतु चीन के साथ ब्रिटेन का कोई एफटीए नहीं है। इसलिए भारत के साथ एफटीए होने के बाद ब्रिटेन के बाजार में भारतीय उत्पाद-विशेष रूप से चमड़े की वस्तुएं, ज्वैलरी, टेक्सटाइल, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक आदि-सस्ती होंगी, जिससे उनकी मांग में बढ़ोतरी होगी। भारतीय वस्तुओं पर शुल्क खत्म होने से इन उत्पादों का कारोबार चीन की तुलना में अधिक होने की संभावना है। साथ ही ब्रिटेन से भी भारत को चॉकलेट, मेडिकल उपकरण, ऑटोमोबाइल, शराब व अन्य खाद्य पदार्थ कम दामों पर उपलब्ध हो पाएंगे, जिससे रोजगार सृजन एवं आर्थिकी को गति मिलेगी। भारत का जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, यूएई, सिंगापुर तथा आसियान देशों के साथ पहले से ही एफटीए के प्रावधानों के तहत कारोबारी रिश्ते हैं। भारत का इन देशों से हुए मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से निर्यात में वृद्धि हुई है तथा रोजगार के अवसर भी उत्पन्न हो रहे हैं। भारतीय उद्योगों को सस्ता कच्चा माल मिलने के साथ-साथ तकनीकी सहयोग भी प्राप्त हो रहा है।

मुक्त व्यापार समझौते से मुख्य रूप से घरेलू उद्योगों को निर्यात के लिए नया बाजार मिलता है, जहां वे अपनी वस्तुएं एवं सेवाएं बेच सकते हैं और इससे विदेशी मुद्रा भी अर्जित होती है। उपभोक्ताओं को भी कम मूल्य पर वस्तुओं के अधिक विकल्प उपलब्ध होते हैं तथा गुणवत्ता युक्त उत्पाद सुलभ हो पाते हैं। इससे तकनीकी ज्ञान का स्थानांतरण प्रोत्साहित होने के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार के समझौते विदेशी निवेश को आकर्षित करने, दो देशों के बीच आर्थिकी व व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ रणनीतिक और कूटनीतिक सहयोग को भी सशक्त बनाने में सहायक होते हैं।

इस समझौते से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम क्षेत्र के उद्योगों तथा सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इसके लिए भारत की युवा शक्ति को समयानुसार आवश्यक कौशल से युक्त करना होगा, ताकि जनसंख्याकीय लाभांश का लाभ सुचारू रूप से प्राप्त हो सके। यह उपलब्धि भारत की बहुध्रुवीय कूटनीति का उदाहरण है, जिसका अर्थव्यवस्था को दीर्घगामी लाभ होगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# सुंदर अदाओं की ग्लैमर गुड़िया हैं
# रोशनी वालिया

20 सितंबर 2001 को प्रयागराज में जन्मीं अभिनेत्री रोशनी वालिया छह साल बाद फिल्मों में धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। उनकी पिछली फिल्म साल 2019 में 'आई एम बन्नी' थी। इस बार वह अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' से बड़े पर्दे पर कमबैक कर रही हैं। उनका अलग अंदाज देखने के लिए फैंस खासे बेताब हैं। अजय देवगन स्टारर 'सन ऑफ सरदार-2' फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। यह 13 साल पहले आई 'सन ऑफ सरदार' का सीक्वल पार्ट है। इस फिल्म में रोशनी ने अजय देवगन की झूठी बेटी का अभिनय किया है। वह हाल ही में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पूरी स्टारकास्ट के सामने अपनी छोटे से शहर से बड़े मुकाम तक पहुंचने की कहानी सुनाते हुए इतनी इमोशनल हो गई थीं, कि फफककर रो पड़ी थीं। फिल्म में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर के बाद रोशनी वालिया का महत्वपूर्ण रोल है। रोशनी वालिया की पहचान टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस के रूप में होती रही है। उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत की थी। चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर ही उन्होंने भारत का वीर पुत्र महाराणा प्रताप में नन्ही राजकुमारी अजबदे का रोल निभाया था।

**अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' से बड़े पर्दे पर किया कमबैक**

## कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं

- रोशनी 'बालिका वधू', 'कच्ची उम्र के पक्के रिश्ते', 'देवों के देव महादेव' और 'रिंगा रिंगा रोजेस' जैसे फेमस टीवी सीरियल में नजर आई थीं। तारा-सुतारा सीरियल ने जहां उन्हें बड़ी पहचान दिलाई थी, वहीं 'मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की' में भी उनका काम सराहा गया था। रोशनी कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं. वह 'माय फ्रेंड गणेशा-3' और 'मछली जल की रानी है' के साथ ही स्टार कॉमेडियन कपिल शर्मा की फिल्म 'फिरंगी' में भी काम किया था।



## रोशनी ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा

हाल में ही उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी ग्लैमरस फोटो शेयर कर इंटरनेट का पारा हाई कर दिया था। बॉथ टब में उन्होंने एक से बढ़कर एक पोज दिए थे। इनमें वह गोल्डन वर्क वाली ब्रालेट में अदाएं दिखाती नजर आई थीं। इसके साथ उन्होंने मैचिंग बॉटम वियर पहन रखी थी और बालों को ओपन वेबी स्टाइल में बना रखा था। रोशनी की मां का नाम स्वीटी और पिता का नाम विपुल वालिया है। उनकी बहन का नाम नूर है। रोशनी के मुताबिक उनको आर्यन खान पर क्रश है। जब वह छोटी थीं, तो उनकी फोटो काटकर कमरे में लगाती थीं।

**न्यू रिलीज**



# रजनीकांत की 'कुली' हिंदी में होगी 'मजदूर'

**14 अगस्त से बड़े पर्दे पर धूम मचाने को तैयार 350 करोड़ बजट वाली सुपरस्टार की 171 वीं फिल्म**

सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' 14 अगस्त, 2025 को बड़े पर्दे पर धूम मचाएगी। फिल्म की रिलीज से पहले कहा जा रहा है कि इसका हिंदी नाम 'मजदूर' होगा। सोशल मीडिया हैंडल पर हिंदी नाम का खुलासा किया जा चुका है। लेकिन प्रोडक्शन हाउस की ओर से अभी इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। माना जा रहा है कि अमिताभ बच्चन की कुली फिल्म के कारण हिंदी में नाम बदलने का फैसला लिया गया है। कुली एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है, जिसमें नागार्जुन, उपेंद्र और पूजा हेगड़े जैसे सितारे भी शामिल हैं। हाल ही में जारी फिल्म के टीजर में रजनीकांत एक बंदरगाह पर खड़े दिखाई देते हैं और कुछ आक्रामक दृश्यों के बाद वीडियो सुपरस्टार की सीटी के साथ समाप्त होता है।



कुली फिल्म को आधिकारिक तौर पर सितंबर 2023 में अस्थायी शीर्षक थलाइवर-171 के तहत रजनीकांत की मुख्य अभिनेता के रूप में 171वीं फिल्म के रूप में घोषित किया गया था। बाद में फिल्म के कुली शीर्षक की घोषणा अप्रैल 2024 में की गई थी। फिल्म की शूटिंग चेन्नई, हैदराबाद, विशाखापत्तनम, जयपुर और बैंकॉक में हुई है। कुली का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। छायांकन गिरीश गंगाधरन और संपादन फिलोमिन राज ने किया है। कुली फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। खबरों के मुताबिक रजनीकांत ने फिल्म के लिए 150 करोड़ रुपये फीस चार्ज की है। निर्देशक लोकेश कनगराज भी 50 करोड़ ले रहे हैं। फिल्म के प्रिंट और प्रचार के लिए 25 करोड़ अलग से खर्च किए जा रहे हैं। इस तरह कुल बजट 375 करोड़ तक हो चुका है। इस खर्च के मुकाबले फिल्म को डिजिटल स्ट्रीमिंग राइट्स 130 करोड़ में बेचे गए हैं, सेटेलाइट राइट्स 90 करोड़ और म्यूजिक राइट्स को 20 करोड़ में बेचा गया है। इस आंकड़े से साफ है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से अगर सिर्फ 135 करोड़ भी वसूलने में सफल रहती है तो साल 2025 की ब्लॉकबस्टर साबित होगी।

**फैशन**

# ग्लैमर के साथ स्टाइल बढ़ा रही लेदर ज्वेलरी

अधिकतर विदेश में पसंद की जाने वाली लेदर ज्वेलरी अब देश में भी युवाओं के बीच ग्लैमर के साथ स्टाइल का तड़का लगा रही है। इसकी आकर्षक डिजाइन जहां एथनिक लुक को नया अंदाज प्रदान करती है, वहीं लेदर ड्रेस के साथ खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। लेदर ज्वेलरी के प्रति युवाओं की बढ़ती पसंद देखकर एक्सपोर्टर अब देशी बाजार में भी बेहतर क्वालिटी के उत्पाद उतार रहे हैं। पहले टैरिफ और अब युद्ध के बीच कमजोर हो रहे विदेशी बाजार की वजह से फिलहाल लेदर ज्वेलरी काफी कम कीमत पर उपलब्ध हो रही है।

कानपुर से फ्रांस, जॉर्डन, थाईलैंड, मलेशिया व सिंगापुर जाने वाली लेदर ज्वेलरी पिछले कुछ समय से शहर के बाजार में भी युवाओं को उपलब्ध हो रही है। कई रंगों में मौजूद लेदर ज्वेलरी में इयरिंग, अंगूठी, ब्रेसलेट, नेकलेस और घड़ी जैसे आभूषण युवाओं को खास पसंद आ रहे हैं। जींस व टीशर्ट के साथ पहनी जाने वाली यह ज्वेलरी देखने में खूबसूरत और नए फैशन ट्रेंड से मैच करती हुई मिल रही है। डिजाइन की बात की जाए तो इन ज्वेलरी में पारंपरिक राजस्थानी फोर्ट आर्ट को प्राथमिकता के साथ उकेरा गया है। इसके साथ ही पुर्तगाली डिजाइन को भी जगह दी गई है। लेदर ज्वेलरी के फैशन ट्रेंड को लेकर सना इंटरनेशनल एक्जिम के एमडी डॉ. जफर नफीस ने बताया कि बीते कुछ समय से लेदर ज्वेलरी की मांग स्थानीय बाजार में बढ़ी है। इसकी बड़ी वजह युवाओं के ट्रेंड में बदलाव आना है। इसके अलावा अब सोशल मीडिया फैशन ट्रेंड सेट करने लगा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में लेदर ज्वेलरी सबसे अधिक हिट हुई है। इसका असर बाजार की मांग पर भी पड़ा है।

कानपुर से विदेश में सबसे अधिक लेदर ज्वेलरी निर्यात की जाती थी। हाल ही में युद्ध और तनाव के साथ टैरिफ विवाद से वैश्विक बाजार में बदलाव आया है। इसके चलते एक्सपोर्टर के कई ऑर्डर भी कैंसिल हुए। विदेशी ऑर्डर कैंसिल होने के बाद कारोबारियों को भी नए बाजार की तलाश करनी पड़ी। इस स्थिति में सोशल मीडिया में अचानक बढ़े ट्रेंड के चलते कारोबारियों को देश के युवाओं के रूप में एक नया बाजार मिल गया। सोशल मीडिया रील्स को एक्सपर्ट लेदर ज्वेलरी के फैशन ट्रेंड में आने की बड़ी वजह मानते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार आ रही 'बिंगो' रील्स में सबसे अधिक लेदर ज्वेलरी का इस्तेमाल हो रहा है। जिसे देखकर युवा भी उस ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं। ऐसे में सोशल मीडिया रील्स तेजी से लेदर ज्वेलरी ट्रेंड को हिट कर रही है। ऐसे में नई-नई डिजाइन की मांग पूरी करना एक चैलेंज है। इसे पूरा करने के लिए लेदर ज्वेलरी निर्माताओं ने हाल ही में कई डिजाइनर हायर किए हैं।







*प्रस्तुतिः राजीव त्रिवेदी*



## एक ऐसी अभिनेत्री, जो अभिनय के साथ ही देश और समाज में भी निभाना चाहती हैं अपनी भूमिका

**इंटरव्यू**

# मधुरिमा तुली : 'द फेस ऑफ फोकस एंड फायर'

हर यात्रा की एक शुरुआत होती है। कभी संयोग से तो कभी संकल्प से। लेकिन, जब किसी कलाकार की यात्रा जुनून और समर्पण से हो तो वह प्रेरणा बन जाती है। ऐसी ही प्रेरणादायी शख्सियत हैं अभिनेत्री मधुरिमा तुली। एक खिलाड़ी से 'मिस उत्तरांचल' और फिर हिंदी सिनेमा की चमकदार दुनिया तक का उनका सफर केवल रोशनी और शोहरत तक की कहानी नहीं है, बल्कि यह संघर्ष आत्मविश्वास और पारिवारिक मूल्यों से जुड़ा एक ऐसा सफर है, जो हर युवा कलाकारों के लिए प्रेरणा है। 'खेलों इंडिया' में विशेष अतिथि के रूप में मुम्बई से दिल्ली शिरकत करने आयीं अभिनेत्री मधुरिमा तुली ने बातचीत के दौरान न सिर्फ अपने फिल्मी सफर को साझा किया बल्कि, अपनी वास्तविक पहचान चुनौतियों, भावनाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की। मधुरिमा कलाकार के साथ-साथ एक कुशल एथलीट भी रही हैं। उनकी सोच यही तक सीमित नहीं हैं। उनके भीतर राजनीति को लेकर भी एक चेतना है वे सिर्फ रोल निभाने को नहीं, देश को दिशा देने की इच्छा भी रखती हैं। उनके साथ बातचीत के कुछ अंशः

*प्रस्तुतिः निशा सिंह*



- *आपने फिल्मों में आने का फैसला कब और कैसे लिया ?*

यह सब एक खूबसूरत संयोग की तरह शुरू हुआ। 90 के दशक की बात है, उस समय मेरे पापा प्रवीण तुली उड़ीसा में टाटा स्टील में एजीएम के पद पर कार्यरत थे। 25 वर्षों की सफल नौकरी के बाद उन्होंने अर्ली रिटायरमेंट ले लिया और हम-सब देहरादून शिफ्ट हो गए। यही 2003 में 'मिस्टर एंड मिस उत्तरांचल' प्रतियोगिता हुई, जिसमें मैंने भाग लिया और सौभाग्य से मुझे 'मिस उत्तरांचल' का खिताब मिला। यहीं से पहली बार यह एहसास हुआ कि मेरी असली रूचि एक्टिंग, डांसिंग और माडलिंग में है। मैंने अपनी मम्मी-पापा से मुम्बई जाकर अभिनय के क्षेत्र में कदम रखने की इच्छा जताई। उन्होंने मेरे सपने को अपना बनाया और हम-सब मुम्बई शिफ्ट हो गए। मुम्बई आकर मैंने एक्टिंग कोर्स किया और यहीं से मेरी फिल्मी यात्रा की शुरुआत हुई। यह सफर आसान नहीं था, लेकिन जब जुनून सच्चा हो, तो रास्ते खुद-ब-खुद बनते जाते हैं।

## जब आप किसी फिल्म या धारावाहिक के लिए रोल चुनती हैं, तो किन बातों का विशेष ध्यान रखती हैं ?

**सबसे पहले मैं यह देखती हूं कि मेरा किरदार कहानी में क्या है और कितना महत्वपूर्ण है फिर स्क्रिप्ट कितनी सशक्त है, निर्देशक और प्रोड्यूसर कौन है साथ ही को-एक्टर पर भी विशेष ध्यान देती हूं।**

- **आपकी पहली फिल्म और उससे जुड़ा अनुभव कैसा रहा ?**

मेरी पहली फिल्म दुर्भाग्यवश रिलीज नहीं हो पाई और यह मेरे लिए एक भावनात्मक झटका था। लेकिन मैंने हार नहीं मानी। इसके बाद मुझे 'वार्निंग' फिल्म में काम करने का अवसर मिला, जिसके निर्देशक गुरुमीत और प्रोड्यूसर अनुभव सिन्हा थे। इस फिल्म के शूटिंग के दौरान हमलोगों ने खूब मस्ती की। यह फिल्म मेरे करियर का अहम मोड़ बनीं। इसके बाद मुझे 'बेबी' जैसी बड़ी फिल्म में काम करने का अवसर मिला, जिसमें मैंने अक्षय कुमार की पत्नी की भूमिका निभाई। यह फिल्म मेरे लिए एक सपने के पूरे होने जैसा था। इस फिल्म में काम करके न केवल मुझे खुशी मिली, बल्कि ऐसा लगा कि मेरी मेहनत रंग लाई।

- **क्या आपको लगता है कि फिल्में समाज को बदलने की ताकत रखती है ?**

बिल्कुल, फिल्मों में समाज को बदलने की अद्भुत ताकत होती है। आजकल 'नारी प्रधान' फिल्में बन रही है। फिल्मों ने ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया है, जिन्हें पहले यह भी नहीं पता था कि टायलेट क्या होता है, आज वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रही हैं। महिलाओं में आत्मनिर्भरता और बदलाव की जो चेतना आई है, उसमें सिनेमा की बड़ी भूमिका है।

- **सोशल मीडिया पर आपकी छवि और वास्तविक जीवन में कितना अंतर है ?**

दरअसल बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। मैं अपना सोशल मीडिया खुद हैंडल करती हूं इसलिए वहां वहीं नजर आता है जो मैं वास्तव में हूं। करियर की शुरुआत में, जब मैं काफी यंग थी, तो बिना सोचे समझे पोस्ट कर देती थी, एंजायटी से बचने के लिए अब मैं केवल अपने काम से जुड़ी बातें या अपनी यात्राओं की झलकियां ही साझा करतीं हूं। दिखावा मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है इसलिए सोशल मीडिया पर वहीं दिखाती हूं जो मैं असल में हूं।

- **अगर आपको कोई और बनने का मौका मिले तो आप क्या बनना चाहेंगी ?**

अगर मुझे कोई और बनने का मौका मिले, तो मैं बिना किसी झिझक के देश की प्रधानमंत्री बनना चाहूंगी और देश को एक नई दिशा देना चाहूंगी।

- **इंडस्ट्री में आपके सामने सबसे बड़ी चुनौती क्या थीं ?**

जब मैंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा, तो चुनौतियां हर मोड़ पर थीं और सच कहूं तो अब भी है। ये एक ऐसी यात्रा है जिसमें धैर्य, समर्पण और जुनून की परीक्षा हर दिन होती है। कई बार ऑडिशन के बाद उम्मीद बंधती थी, लेकिन आखिरी वक्त पर रोल किसी और को मिल जाता था, उस समय बहुत निराशा होती थी। मैंने खुद से वादा किया था कि मैं हार नहीं मानूंगी, लेकिन जब भी कमजोर पड़ी, मेरी फैमिली मेरा सबसे बड़ा सहारा बनी।

- **कैमरे के पीछे आप कैसी हैं, गंभीर मस्त-मौला या शरारती ?**

कैमरे के पीछे मैं एक मिक्सचर हूं, कभी गंभीर तो कभी मस्तमौला। बचपन में मैं काफी शांत थी, लेकिन अब चुलबुली हूं। जिंदगी को पूरे दिल से जीने वाली, एकदम 'चिल्ड आउट'।

- **क्या आपकी कोई गिल्टी प्लेजर फिल्म रहीं हैं ?**

हां, मेरी फिल्म 'वार्निंग' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लाप रही हो, लेकिन मुझे आज भी ये फिल्म बेहद इंटरटेनिंग लगतीं हैं इस फिल्म से मेरी कई यादें जुड़ी हैं। शूटिंग के दौरान हमलोगों ने खूब मस्ती की थीं।

- **किस अभिनेता या अभिनेत्री के साथ काम करने की ख्वाहिश है ?**

लिस्ट तो लम्बी है! लेकिन खासतौर पर अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, रितिक रोशन, माधुरी दीक्षित, करीना कपूर, सुष्मिता सेन जैसी दिग्गजों के साथ काम करने की ख़्वाहिश है। ये सभी अपने दमदार अभिनय और प्रेरणादायक शख्सियत के लिए जाने जाते हैं।

- **अपने फैंस से जुड़ा कोई वाकया जो आपके दिल को छू गया हो ?**

ऐसे कई वाकये है जो दिल को छू जाते हैं। कभी-कभी जब सुबह-सुबह मन थोड़ा उदास होता है और आप यूं हीं मोबाइल उठाकर देखते हैं, तो फैंस आपके लिए एक खूबसूरत पोस्ट डाल चुका होता है। उस पल जो मुस्कान चेहरे पर आती है, वो शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। ऐसे निःस्वार्थ प्यार बहुत कम देखने को मिलता है इससे आत्मबल बढ़ता है।

- **एक्टिंग के अलावा और कौन-कौन से काम करने की इच्छा है ?**

मेरे भाई श्रीकांत ने मुम्बई में एक प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की है, मैं उसके साथ प्रोडक्शन करना चाहूंगी। इसके साथ ही अगर मौका मिलेगा तो मैं निश्चित तौर पर निर्देशन के क्षेत्र में भी किस्मत आजमाऊंगी।

- **एक युवा कलाकार होने के नाते, आप आज के युवा कलाकारों को क्या सलाह देना चाहेंगी ?**

सभी युवा कलाकारों को मैं सलाह देना चाहूंगी कि आप हमेशा अपने मकसद को याद रखें। मुश्किलें भी आएंगी, निराशा भी घेर सकती है, लेकिन यही वक्त है जब आपको अपने सपनों को थामें रहना है। अपने काम पर पूरा फोकस बनाए रखें साथ ही अपने परिवार से जुड़े रहें क्योंकि निराशा के वक्त परिवार बहुत बड़ा सहारा होता है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 27 जुलाई 2025
www.amritvichar.com


## इंडसइंड बैंक की निगरानी समिति का कार्यकाल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने इंडसइंड बैंक की निगरानी समिति का कार्यकाल एक महीने बढ़ाकर 28 अगस्त तक कर दिया है। बैंक पिछले एमडी और सीईओ सुमंत कठपालिया के इस्तीफे के बाद नए एमडी और सीईओ की तलाश में है। कठपालिया ने 29 अप्रैल को इस्तीफा दिया था, जिसके बाद इस समिति का गठन किया गया। समिति का कार्यकाल 28 जुलाई, 2025 तक था।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए से हर वर्ग को होगा लाभ

## उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- ब्रिटेन की संसद की मंजूरी के साथ लागू हो जाएगा व्यापार समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी



- कहा- 22 से 23 वर्ष की कशमकश के बाद संभव हुआ यह समझौता

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि ब्रिटेन के साथ इसी सप्ताह किया गया व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (भारत-ब्रिटेन सेटा) वहां की संसद की स्वीकृति के साथ ही लागू हो जाएगा और इसका फायदा उठाने के लिए देश के उद्यमियों को अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। यह एफटीए क्राती लाने वाला है।

गोयल ने इसे भारत द्वारा किसी देश के साथ किया गया अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता बताते हुए कहा कि ब्रिटेन के साथ इस तरह के समझौते के लिए 22-23 वर्ष की कशमकश के बाद यह संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर नए आत्म विश्वास के साथ अपनी बात रखता है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत और ब्रिटेन - दोनों देशों के लिए लाभ और समृद्धि का समझौता है। भारत ने इसे अपनी शर्तों पर किया है। इसका भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ मिलेगा।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में इसी सप्ताह प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन यात्रा में हुए भारत-ब्रिटेन सेट के महत्वपूर्ण पहलुओं की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया ब्रिटेन जैसी एक विकसित और बड़ी अर्थव्यस्था वाले देश के साथ बड़े आत्मविश्वास के साथ समझौता किया है। प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की उपस्थिति में गुरुवार को हुए इस समझौते से सालाना द्विपक्षीय व्यापार में 34 अरब डॉलर की वृद्धि होने की संभावना है। उम्मीद है कि 2030 तक अपसी व्यापार दो गुना हो कर 112 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 99 प्रतिशत निर्यात माल को ब्रिटेन में शून्य या बहुत रियायती दर पर वहां के बाजार में प्रवेश मिलेगा जबकि हमने डेयरी जैसे अपने संवेदनशील बाजारों में रत्ती भर भी रियायत नहीं दी है और चावल, चीनी तथा हमारे किसानों और कामगारों की दृष्टि से संवेदनशील अन्य क्षेत्रों का बचाव सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा, भारत के 95 प्रतिशत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को ब्रिटेन में मुक्त प्रवेश मिलने जा रहा है।

### भारत के समुद्री खाद्य निर्यात वियतनाम, सिंगापुर से मुकाबले को तैयार

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के साथ एक व्यापक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद, भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक ब्रिटेन के बाजार में वियतनाम और सिंगापुर के साथ समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। यह समझौता पिछले शुल्क के कारण होने वाले नुकसानों को समाप्त करता है। मत्स्य पालन मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह समझौता भारतीय समुद्री उत्पादों को वियतनाम और सिंगापुर के प्रतिस्पर्धियों के बराबर लाता है, जो पहले से ही क्रमश: ब्रिटेन-वियतनाम मुक्त व्यापार समझौते (यूके-वीएफटीए) और ब्रिटेन-सिंगापुर मुक्त व्यापार समझौते (यूके-एसएफटीए) से लाभान्वित हैं। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय निर्यातकों को पहले शुल्क बाधाओं का सामना करना पड़ता था, जिससे उन्हें खासकर झींगा मछली और मूल्यवर्धित समुद्री खाद्य वस्तुओं सहित उच्च मूल्य वाले उत्पादों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक रूप से नुकसान होता था। मंत्रालय ने आगे कहा कि इन टैरिफ को समाप्त करने से भारतीय कंपनियों को देश की पर्याप्त उत्पादन क्षमता, कुशल कार्यबल और उन्नत ट्रेसेबिलिटी सिस्टम का लाभ उठाने में मदद मिलेगी ताकि वे ब्रिटेन के समुद्री खाद्य बाजार में बड़ा हिस्सा हासिल कर सकें। यह व्यापार समझौता भारतीय निर्यातकों को ब्रिटेन के बाज़ार में विविधता लाकर अमेरिका और चीन जैसे पारंपरिक बाज़ारों पर अपनी निर्भरता कम करने का अवसर भी प्रदान करता है।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से बढ़ रही : गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि प्रस्तावित व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ बातचीत तेज़ी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, अमेरिका तेज़ी से प्रगति कर रहा है। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अगले दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी दल अगस्त में भारत का दौरा करेगा। भारत और अमेरिकी के दलों ने पिछले हफ़्ते वाशिंगटन में इस समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की। दोनों देश प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को सितंबर-अक्टूबर तक अंतिम रूप देने की योजना बना रहे हैं। इसका लक्ष्य द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 191 अरब डॉलर से 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

# थाईलैंड-कंबोडिया तनाव से कानपुर का 400 करोड़ का निर्यात हो सकता प्रभावित

- मुख्य रूप से पर्यटन व चमड़े के उत्पादों का होता है निर्यात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



अमृत विचार। थाईलैंड-कंबोडिया के बीच पैदा हुए तनाव से शहर के निर्यातक संशय में हैं। शहर से थाईलैंड में सालाना लगभग 400 करोड़ का कारोबार होता है। इसी तरह कंबोडिया में सालाना 30 से 35 करोड़ के उत्पाद निर्यात होते हैं। निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि यदि तनाव लंबा खिंचता है तो सालाना लगभग 400 करोड़ का कारोबार प्रभावित हो सकता है।

शहर से थाईलैंड में सबसे अधिक लेदर गुड्स, लेदर एसेसरीज, लेदर ट्वाय, एडवेंचर स्पोर्ट्स में इस्तेमाल होने वाले सेफ्टी प्रोडक्ट व बोट एसेसरीज का निर्यात सबसे अधिक होता है। इसके अलावा शहर से सालाना 5 हजार के आस-पास पर्यटक थाईलैंड घूमने के लिए जाते हैं। दोनो देशों के बीच हाल ही में पैदा हुए तनाव से फिलहाल ऑर्डर पर कोई रुकावट नहीं आई है। पुराने ऑर्डर की सप्लाई अभी जारी है। यदि यह तनाव अधिक दिन तक चलता है तो कारोबार प्रभावित हो सकता है।

इस संबंध में फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाईजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि यदि थाईलैंड और कंबोडिया में तनाव लंबा खिंचता है तो निश्चित रूप से शहर के निर्यातकों के ऑर्डर प्रभावित हो सकते हैं। सबसे अधिक प्रभाव थाईलैंड के साथ होने वाले कारोबार पर पड़ सकता है। हालांकि अभी कोई प्रत्यक्ष प्रभाव सामने नहीं आया है। निर्यातक हालात पर नजर रखे हैं। वहीं कंबोडिया में शहर के निर्यातकों का कोई विशेष बाजार माना नहीं जाता है।

### 2024-25 में भारत का थाईलैंड से 1.25 लाख करोड़ और कंबोडिया के साथ 4,175 करोड़ रुपये का हुआ था व्यापार

भारत का थाईलैंड और कंबोडिया के साथ व्यापार संतुलित है, लेकिन यह संघर्ष भारत के निर्यात और निवेश को प्रभावित कर सकता है। 2024-25 में भारत का थाईलैंड के साथ व्यापार 1.25 लाख करोड़ रुपये और कंबोडिया के साथ लगभग 4,175 करोड़ रुपये था। थाईलैंड ने अपनी 817 किलोमीटर लंबी सीमा को बंद कर दिया है और कंबोडिया ने थाईलैंड से फल, सब्जियां, बिजली और इंटरनेट सेवाओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, भारत थाईलैंड को ऑटोमोबाइल पार्ट्स, फार्मास्यूटिकल्स और रसायन का निर्यात करता है। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो आपूर्ति चेन बाधित हो सकती है, जिससे भारतीय निर्यातकों को नुकसान हो सकता है। वहीं, कंबोडिया में फार्मा और कृषि क्षेत्र में भारतीय निवेश है।

# किसानों को यूरिया और डीएपी के साथ नहीं बेच सकेंगे कीटनाशक

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने उर्वरक निर्माताओं को दी चेतावनी



सरकार ने उर्वरक विनिर्माताओं को चेतावनी दी है कि यूरिया और डीएपी जैसे सब्सिडी वाले मृदा पोषक तत्व बेचते समय किसानों को कीटनाशकों, नैनो-आधारित फसल पोषक तत्वों जैसे गैर-सब्सिडी वाले उत्पादों को जबरन बेचने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत आने वाले उर्वरक विभाग ने 21 जुलाई को इस मुद्दे पर सभी उर्वरक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों को एक पत्र लिखा।


पत्र में कहा गया, विभाग को पता चला कि कुछ गैर-सब्सिडी वाले उत्पाद जैसे कीटनाशक, नैनो उर्वरक, जैव-उत्तेजक और अन्य उत्पादों को यूरिया और डीएपी/एनपीके जैसे सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ जोड़कर किसानों को बेचा जा रहा है। विभाग ने कहा कि उर्वरक आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत आवश्यक वस्तुएं हैं और इसलिए, अन्य उत्पादों को सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ गलत तरीके से जोड़ना इस कानून के साथ ही उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 का भी उल्लंघन होगा। विभाग ने कहा कि वह ऐसी प्रथाओं को हतोत्साहित करने के लिए परामर्श जारी कर रहा है।

# भारत-मालदीव के बीच मत्स्य पालन का समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और मालदीव ने एक मत्स्य पालन सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे मालदीव को अपनी मछली प्रसंस्करण क्षमताओं को बढ़ाने और टिकाऊ तरीके से टूना मछली उद्योग को मजबूत करने में मदद मिलेगी। समझौते से भारत को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र के गहरे समुद्र में मत्स्य पालन संसाधनों तक बेहतर पहुंच मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मालदीव यात्रा के दौरान शुक्रवार को इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान दोनों देशों के बीच छह द्विपक्षीय समझौते हुए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि भारत के मत्स्य विभाग और मालदीव के मत्स्य पालन एवं महासागर संसाधन मंत्रालय के बीच यह समझौता हुआ।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगी: अरविंद पनगढ़िया

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- न्यूयॉर्क स्थित भारतीय दूतावास में कहा-वर्तमान में कई गतिविधियां बहुत ही रोमांचक चल रहीं हैं

भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगी और यह भारत को निवेशकों के लिए एक आकर्षक जगह बनाएगा। यह उम्मीद 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने जताई। इस सप्ताह न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में आयोजित एक संवाद के दौरान पनगढ़िया ने कहा, वर्तमान में चल रही कई गतिविधियां बहुत रोमांचक हैं।

उन्होंने कहा कि इस समझौते के चलते देश में व्यापक उदारीकरण होगा। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा, विशेष रूप से, मैं अमेरिका-भारत व्यापार समझौते का उल्लेख करना चाहता हूं, जिस पर बातचीत चल रही है। साथ ही, भारत-यूरोपीय संघ का समझौता भी है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि एक बार भारत-अमेरिका व्यापार समझौता हो जाए, तो यूरोपीय संघ के साथ भी समझौता हो जाएगा। पनगढ़िया ने कहा, इन दो व्यापार समझौतों के साथ भारत का यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ एक खुला बाजार होगा। ये दो सबसे बड़े बाजार हैं। किसी भी भावी निवेशक के लिए, यह भारत को एक बहुत ही आकर्षक स्थान बनाता है।

यह एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम होगा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और शुल्कों पर सवाल के जवाब में पनगढ़िया ने कहा, जहां तक भारत का संबंध है, मुझे लगता है कि इससे संभावित रूप से बहुत कुछ अच्छा निकल सकता है, क्योंकि जब अमेरिका के साथ समझौते पर हस्ताक्षर हो जाएंगे, तो भारत अपने शुल्क भी कम कर देगा।

# व्यक्तिगत रुचि के उत्पादों का कॉर्पोरेट गिफ्टिंग में बढ़ा चलन

नई दिल्ली, एजेंसी



बदलती जीवनशैली और जिंदगी में टेक्नोलॉजी की मौजूदगी बढ़ने के साथ विभिन्न मौकों पर दिये जाने वाले उपहारों की प्रकृति भी बदली है। दिल्ली के भारत मंडपम में 24 जुलाई से आयोजित तीन दिवसीय गिफ्ट वर्ल्ड एक्सपो में बड़ी संख्या में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, जीवनशैली से जुड़े उत्पाद, पूजा के सामान और अन्य धार्मिक उत्पाद, खेल के सामान, स्टेशनरी, बैग, किचन के सामान और घरेलू सजावट के उत्पाद बनाने वाली कंपनियां भी हिस्सा ले रही हैं।

एमईएक्स एग्जिबिशन्स की निदेशक हिमानी गुलाटी ने बताया कि आजकल गिफ्टिंग का दायरा विस्तृत हो गया है कि हर चीज उपहार में दी जा सकती है। किचन का सामान भी उपहार में दिया जाता है, एक पेन भी उपहार है और मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में सबने देखा कि एक जेट भी उपहार में दिया जा सकता है। यह आपके बजट, मौके और किसे उपहार दे रहे हैं, उस पर निर्भर करता है। पिछले कुछ समय में उपहारों की प्रकृति में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर कहा कि जीवनशैली से जुड़े उत्पाद जैसे चादरें, डेकोर और किचन के सामान और टेक्नोलॉजी से जुड़े उत्पाद जैसे स्पीकर, हेडफोन आदि का प्रचलन बढ़ा है।



# ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को दिया स्पष्ट संदेश

## थलसेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा

द्रास (करगिल), एजेंसी



कारगिल के द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर एक सरकारी स्कूल की छात्राओं ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को राखी बांधी। ● एजेंसी

थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किए गए हमलों ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया कि आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा। जनरल द्विवेदी ने यहां करगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए एक संदेश था और साथ ही यह भारत को गहरा जख्म देने वाले पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब भी था था।

इस बार भारत ने न केवल शोक व्यक्त किया बल्कि यह भी दिखाया कि जवाब निर्णायक होगा। सेना प्रमुख ने विजय दिवस पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुश्मन को कड़ा जवाब देना भारत के लिए अब सामान्य बात है। उन्होंने कहा, देशवासियों द्वारा दिखाए गए विश्वास और सरकार द्वारा दी गई खुली छूट के कारण भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। कोई भी ताकत जो भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता को चुनौती देने या लोगों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी, उसे करारा जवाब दिया जाएगा। यह भारत के लिए अब सामान्य बात है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ने निर्दोषों को कोई नुकसान पहुंचाए बिना पाकिस्तान में नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी ढांचों को नष्ट किया। उन्होंने कहा, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाकर निर्णायक जीत हासिल की। सेना ने आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया और निर्णायक जीत हासिल करने के लिए पाकिस्तान के अन्य आक्रामक प्रयासों को विफल किया। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत ने शांति का मौका दिया लेकिन पाकिस्तान ने कायरता दिखाई। उन्होंने कहा, आठ और नौ मई को पाकिस्तानी कार्रवाई का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। हमारी सेना की वायु रक्षा एक अभेद्य दीवार की तरह खड़ी रही जिसे कोई भी मिसाइल या ड्रोन भेद नहीं सका। जनरल द्विवेदी ने कहा, रुद्र ब्रिगेड की स्थापना की जा रही है, जिसके लिए मैंने कल मंजूरी दे दी। इसके तहत हमारे पास एक ही स्थान पर पैदल सेना, मशीनीकृत पैदल सेना, बख्तरबंद इकाइयां, तोपखाने, विशेष बल और मानव रहित हवाई इकाइयां होंगी जो साजो-सामान और युद्ध संबंधी सहायता प्रदान करेंगी। जनरल द्विवेदी ने बताया कि सेना ने एक विशेष बल 'भैरव लाइट कमांडो' इकाई का गठन किया है जो सीमा पर दुश्मन को चौंकाने के लिए हमेशा तैयार है।

### वीरों द्वारा दिए गए बलिदान से ही राष्ट्र सुरक्षित

द्विवेदी ने कहा, हर पैदल सेना बटालियन में अब एक ड्रोन पलटन है। तोपखाने में 'शक्तिबाण रेजिमेंट' का गठन किया गया है, जो ड्रोन, ड्रोन रोधी उपकरणों और आत्मघाती ड्रोन से लैस होगी। सेना प्रमुख ने कहा कि आगामी दिनों में सेना की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी क्योंकि सेना की वायु रक्षा प्रणालियों को स्वदेशी मिसाइलों से लैस किया जा रहा है। जनरल द्विवेदी ने पिछले साल रजत जयंती समारोह में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि शीर्ष नेताओं की उपस्थिति दर्शाती है कि यह केवल एक सेना दिवस नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक उत्सव है। बर्फीली चोटियों पर वीरों द्वारा दिए गए बलिदान के कारण ही राष्ट्र सुरक्षित है। हम उनके समर्पण एवं दृढ़ संकल्प को याद करते हैं और उन वीर नायकों को नमन करते हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी ताकि हम शांतिपूर्ण जीवन जी सकें।

### पंछी प्रेमी



हैदराबाद के मुसल्लम जंग पुल पर शनिवार को कबूतरों के झुंड को दाना खिलाता व्यक्ति। कबूतर अपनी शान, बुद्धिमत्ता और सैन्य कौशल के लिए भी जाने जाते हैं, कई संस्कृतियों में इनका सम्मान किया जाता है। ● एजेंसी

# विमान हादसे के 166 पीड़ित परिवारों को एअर इंडिया ने दिया अंतरिम मुआवजा

मुंबई, एजेंसी

- 52 अन्य पीड़ितों के परिवारों को भुगतान की प्रक्रिया जारी

निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने पिछले महीने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के 166 पीड़ित परिवारों को अंतरिम मुआवजा दे दिया है। इसके अलावा 52 अन्य पीड़ितों के परिवारों को भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया ने मारे गए 229 यात्रियों में से 147 के परिवारों और दुर्घटनास्थल पर जान गंवाने वाले 19 लोगों के परिवारों को अंतरिम मुआवज़ा जारी कर दिया है। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई, जबकि जमीन पर जान गंवाने वालों सहित कुल मृतकों की संख्या 260 थी। टाटा समूह ने दुर्घटना पीड़ितों को समर्पित 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' भी पंजीकृत किया है। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास के बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में सहयोग देने का संकल्प भी लिया है।

# संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित होने से सरकार से अधिक विपक्ष को नुकसान : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि सदन कार्यवाही बार-बार बाधित होने से विपक्ष को अधिक नुकसान होता है, क्योंकि वह सरकार को जवाबदेह ठहराने का महत्वपूर्ण अवसर खो देता है।

यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब मानसून सत्र के पहले हफ्ते में विपक्षी सांसदों के बार-बार विरोध प्रदर्शन के कारण कोई विशेष कामकाज नहीं हो सका। 'प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन' द्वारा आयोजित संसद रत्न पुरस्कार समारोह में रीजीजू ने याद दिलाया कि कैसे नौकरशाह संसद स्थगित होने पर कभी-कभी राहत महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको बता दूं कि जब संसद नहीं चलती तो अधिकारी राहत महसूस करते हैं क्योंकि उन्हें सवालों से छुटकारा मिल जाता है। संसद में सरकार को जवाबदेह ठहराया जा सकता है। जब सदन चलता है, तो मंत्रियों को कठिन सवालों का सामना करना पड़ता है। जब सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनट में स्थगित हो जाती है, तो वे सवाल भी नहीं उठते। कार्यवाही बाधित होने से अधिक नुकसान विपक्ष को होता है। बाधित करने वालों को लगता है कि वे सरकार को नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन वास्तव में, वे लोकतंत्र में अपनी भूमिका को कमजोर कर रहे होते हैं।

# अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ तीसरे दिन भी छापेमारी

**मुंबई।** मुंबई में रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ ईडी की छापेमारी की कार्रवाई शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही। एजेंसी ने कई स्थानों से बड़ी संख्या में दस्तावेज और कंप्यूटर उपकरण जब्त किये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने 24 जुलाई को कथित तौर पर 3,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले के तहत छापेमारी शुरू की थी। इसके अलावा कुछ कंपनियों द्वारा करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के कई अन्य आरोप भी हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत बृहस्पतिवार को छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई थी और मुंबई में 35 से अधिक परिसरों में से कुछ स्थानों पर यह शनिवार को भी जारी रही।

# कांग्रेस की हार के लिए 'पक्षपाती अंपायर' निर्वाचन आयोग जिम्मेदार

आणंद, एजेंसी

- कांग्रेस नेता बोले- भाजपा को उसके गढ़ गुजरात में हराना महत्वपूर्ण



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को गुजरात में पार्टी के जिला इकाई प्रमुखों को आश्वासन दिया कि चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय उनकी राय पर भी विचार किया जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'संगठन सृजन अभियान' के तहत कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में अपने संबोधन के दौरान निर्वाचन आयोग पर 'पक्षपाती' होने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा को उसके 'मुख्य गढ़' गुजरात में हराना महत्वपूर्ण है। कांग्रेस ने 2027 के राज्य विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आणंद शहर के पास एक रिसॉर्ट में जिला पार्टी कमेटियों के नवनियुक्त अध्यक्षों के लिए शिविर का आयोजन किया है। पार्टी के मिशन 2027 के लिए खाका तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर का समापन 28 जुलाई को होगा। गुजरात कांग्रेस प्रमुख अमित चावड़ा ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों का मार्गदर्शन किया और आश्वासन दिया कि नेतृत्व पूरी तरह से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### त्रिपुरा : दो बांग्लादेशी तस्कर सीमा पर ढेर

**अगरतला।** बीएसएफ ने त्रिपुरा के दक्षिणी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बांग्लादेश के दो तस्करों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ की गोलीबारी में एक अन्य बांग्लादेशी घायल हो गया जबकि भारत के दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना शुक्रवार तड़के अमजदनगर में हुई। घटनास्थल से 15 लाख रुपये मूल्य की दवाइयों की खेप बरामद की गई है। मारे गए बांग्लादेशी तस्कर का शव बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश की मौजूदगी में पड़ोसी देश के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

### पंजाब: 50 करोड़ की हेरोइन जब्त, 8 दबोचे

**अमृतसर।** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे जुड़े एक हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है तथा उनके पास से 50 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के 10 किलो हेरोइन बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि एक किशोर समेत आठ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी सरबजीत उर्फ जोबन, जो सीमावर्ती क्षेत्र के एक गाँव से सक्रिय है, सीमा पार कुख्यात तस्कर राणा के सीधे संपर्क में है।

### पेरू में बस पलटने से 18 लोगों की मौत

**लीमा।** पेरू में लीमा से अमेजन क्षेत्र जा रही एक बस एंडीज पर्वतमाला में एक राजमार्ग पर पलट गई जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 48 अन्य लोग घायल हो गए। जूनिन के स्वास्थ्य निदेशक क्लिफोर क्यूरीपाको ने बताया कि एक्सप्रेसो मोलिना लिडर इंटरनेशनल कंपनी की एक डबलडेकर बस जूनिन क्षेत्र के पाल्का जिले में सड़क से फिसलकर एक ढलान से नीचे गिर गई। अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। इससे पहले तीन जनवरी को भी एक बस नदी में गिर गई थी। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी और 32 लोग घायल हो गए थे।

### यमनी सेना और हूतियों में संघर्ष, 10 मारे गए

**अदन (यमन)।** उत्तरी प्रांत सादा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हूती मिलिशिया द्वारा किए गए बड़े पैमाने के हमले को नाकाम कर दिया गया है। यमन के सरकार समर्थक बलों ने कहा कि उन्होंने सादा प्रांत के उत्तर में अलेब सैन्य मोर्चे पर हूतियों के बड़े पैमाने के हमले को विफल कर दिया। इस संघर्ष में 10 सरकारी सैनिक मारे गए, दर्जनों दुश्मन लड़ाके भी मारे गए या घायल हुए। इसमें यह भी कहा गया है कि हूती आतंकवादियों के शव इलाके की घाटियों में बिखरे पड़े मिले और तीन हूती सैन्य वाहन नष्ट हो गए।

# कर्नाटक : सीएम और डिप्टी सीएम के ओएसडी में चले जूते

नई दिल्ली/बेंगलुरु, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में तैनात राज्य सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बहस के बाद मारपीट हो गई। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के विशेष अधिकारी एच अंजनेया ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विशेष अधिकारी सी मोहन कुमार पर जूते से हमला करने का आरोप लगाया है।

कर्नाटक भवन के कार्यालय परिसर में घटी ये घटना तब प्रकाश में आई जब अंजनेया ने स्थानीय आयुक्त इमकोंगला जमीर के समक्ष शिकायत दर्ज कराते हुए कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की। अंजनेया ने शिकायत में कहा, मुझे जूते से पीटा गया। उन्होंने कार्यस्थल पर अपनी सुरक्षा पर भी गंभीर चिंता जताई। जमीर ने शिकायत मिलने की पुष्टि की और कहा कि मामले पर मानक प्रक्रियाओं के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हमें शिकायत प्राप्त हुई है और उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।




एच अंजनेया और सी मोहन कुमार।

- **डिप्टी सीएम के ओएसडी ने की शिकायत, सुरक्षा पर चिंता जताई**

## दास्तां भारतीय सेना अद्वितीय के शौर्य की

# कारगिल का युद्ध


कारगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच तीन मई को शुरू होकर 26 जुलाई 1999 तक 86 दिन चला था। लद्दाख के कारगिल जिले की ऊंची पहाड़ियों पर लड़ा गया यह एक असामान्य युद्ध था और कई मायनों में भारत के लिए खास था। पूरी दुनिया में आज भी इस युद्ध के दौरान भारतीय सेना की रणनीति, साहस और सैन्य नैतिकता की मिसाल दी जाती है। पाकिस्तान के छल के बावजूद भारतीय सेना ने रणनीतिक धैर्य के साथ अंतरराष्ट्रीय मर्यादा का प्रदर्शन किया और पाकिस्तानी सेना को सीमा से परे धकेलने में अविश्वसनीय कामयाबी हासिल की। इसी वजह से यह युद्ध भारतीय सेना के लिए विजय ही नहीं बल्कि भारतीय नीति और जवानों के अद्वितीय बलिदान का जीवंत उदाहरण भी बना।

### शहादत

इस युद्ध में भारत के 527 जवान हुए और 1,363 से ज्यादा गंभीर घायल हुए। भारत की सेना की इस जांबाजी ने पाकिस्तान को उल्टे पैर भागने पर मजबूर कर दिया।

### क्यों अलग था कारगिल का युद्ध

- कारगिल युद्ध समुद्र तल से लगभग 16,000–18,000 फीट की ऊंचाई पर लड़ा गया। इतनी ऊंचाई पर युद्ध करना सेना के लिए शारीरिक और रणनीतिक दोनों स्तर पर अत्यंत कठिन था।
- पारंपरिक युद्ध की तरह यह घोषित युद्ध नहीं था। पाकिस्तान ने घुसपैठ को मजदूरों या मुक्ति संग्रामियों का काम बताया, लेकिन असल में ये पाकिस्तानी सेना और उसकी नॉर्दर्न लाइट इन्फेंट्री के सैनिक थे।
- भारत ने इस भीषण युद्ध में एलओसी के इस पार सिर्फ अपने क्षेत्र को ही खाली कराया, इसके साथ अंतरराष्ट्रीय नियमों का भी पूरी तरह पालन किया। पाकिस्तान के खिलाफ यह भारत की नैतिक जीत थी।



### ये थीं बड़ी चुनौतियां

- दुर्गम पहाड़ों पर दुश्मन ऊंचाई पर बैठा था। भारतीय सैनिकों को बर्फ, पत्थरों और खुले मैदानों में सीधे हमले का सामना करते हुए सीधी चढ़ाई करनी पड़ी।
- भारतीय सैनिकों ने अत्यधिक ठंड और कम ऑक्सीजन वाली स्थिति में लड़ाई लड़ी गई जो शारीरिक रूप से बहुत थकाने वाली थी। फिर भी वे डटे रहे।
- युद्ध की शुरुआत में भारतीय सेना को यह मालूम नहीं था कि कितनी ऊंचाइयों पर कब्जा कर लिया गया है और कितनी बड़ी मात्रा में घुसपैठ हुई है।

### कारगिल के हीरो

- मरणोपरांत परमवीर चक्र से नवाजे गए कैप्टन विक्रम बत्रा ने प्वाइंट 5140 और प्वाइंट 4875 पर अद्भुत साहस दिखाया। शहीद होने से पहले कहा– तिरंगा लहराकर आऊंगा या फिर तिरंगे में लिपटकर।
- मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित कैप्टन अनुज नैयर ने भी प्वाइंट 4875 पर दुश्मन के सामने अदम्य साहस दिखाया। कई दुश्मनों को ढेर कर शहीद हुए।
- परमवीर चक्र से सम्मानित ग्रेनेडियर योगेंद्र यादव ने घायल होते हुए भी दुश्मन के बंकरों में घुसकर हमला किया और कई दुश्मनों को मार गिराया।
- राइफलमैन संजय कुमार ने दुश्मन की फायरिंग पोस्ट पर अकेले कब्जा किया, दो पाक सैनिक भी मार गिराए। उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

### ... और फतह

भारत ने उन पहाड़ियों को एक–एक कर फतह कर लिया जिन पर पाकिस्तानी सेना ने कब्जा जमा लिया था। भारत ने इसके साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान की घुसपैठ को उजागर किया। इस युद्ध में अनुमानित तौर पर पाकिस्तान के 1,000 से अधिक सैनिक मारे गए हालांकि उसने आधिकारिक तौर पर इसे स्वीकार नहीं किया।

# थाईलैंड और कंबोडिया में संघर्ष से डेढ़ लाख से ज्यादा लोग विस्थापित

## सीमा पर गोलीबारी के बाद तेज हुई लड़ाई, एक-दूसरे पर हमला करने का आरोप

सुरिन (थाईलैंड), एजेंसी

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर शनिवार को लगातार तीसरे दिन संघर्ष जारी रहा, जिसमें अब तक कुल 33 लोग मारे जा चुके हैं और 168,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फिर से हमले करने का आरोप लगाया है।

कई सीमावर्ती गांवों के पास गोलीबारी की खबरें आई है, जिससे लड़ाई और बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को सीमा पर एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने सेपांच थाई सैनिकों के घायल होने के बाद संघर्ष फिर से भड़क गया। कंबोडियाई और थाई अधिकारियों ने जवाबी कार्रवाई करने का दावा किया है। दोनों देशों ने अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। थाईलैंड ने कंबोडिया से लगी अपनी उत्तर-पूर्वी सीमा को बंद कर दिया है।

क्षेत्रीय समूह दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) पर अपने दोनों सदस्य देशों के बीच तनाव कम करने का दबाव बढ़ रहा है। शुक्रवार को एक आपात बैठक के दौरान, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने तनाव कम करने का आह्वान किया और आसियान से शांतिपूर्ण समाधान के लिए मध्यस्थता कराने की अपील की। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 800 किलोमीटर लंबी सीमा दशकों से विवादित रही है, लेकिन पिछले टकराव सीमित और संक्षिप्त रहे हैं। मौजूदा तनाव मई में तब शुरू हुआ जब एक टकराव में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई। इससे कूटनीतिक तनाव पैदा हो गया और थाईलैंड की घरेलू राजनीति में उथल-पुथल मच गई।

कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि थाईलैंड ने शनिवार तड़के पुरसात प्रांत में कई जगहों पर पांच भारी तोपों से गोले दागे। कंबोडिया ने इसे अकारण और पूर्वनियोजित आक्रामक कार्रवाई बताया। मंत्रालय की प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने कहा कि कोह कांग प्रांत में तनाव बढ़ गया है, जहां कथित तौर पर चार थाई नौसैनिक जहाज तट के पास पहुंच गए हैं जबकि चार अन्य रास्ते में हैं।



कंबोडिया में सीमावर्ती इलाके से पलायन करता एक परिवार। ● एजेंसी

### सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाएं भारतीय नागरिक

**नोम पेन्ह।** भारत ने कंबोडिया–थाईलैंड सीमा पर तीन दिन से जारी संघर्ष के बीच कंबोडिया में अपने नागरिकों को सीमावर्ती क्षेत्रों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। बृहस्पतिवार को शुरू हुए इस संघर्ष में 32 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। थाईलैंड में 19 और कंबोडिया में 13 लोगों की मौत हुई है। यहां भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में कहा, कंबोडिया–थाईलैंड सीमा पर जारी संघर्ष को देखते हुए भारतीय नागरिकों को सीमावर्ती क्षेत्रों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी जाती है। दूतावास ने भारतीय नागरिकों से किसी भी आपात स्थिति में +855 92881676 नंबर या ईमेल के जरिए संपर्क साधने का भी आग्रह किया। इससे पहले शुक्रवार को भारत ने थाईलैंड में अपने नागरिकों के लिए इसी तरह का परामर्श जारी करके उन्हें सावधानी बरतने और देश के सात प्रांतों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी थी।

### सीमा पर संघर्ष में 13 की मौत, 71 से ज्यादा घायल

**नोम पेन्ह/बैंकॉक।** कम्बोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा पर तीसरे दिन जारी संघर्ष में दोनों ओर हुई झड़पों में कम से कम 13 कंबोडियाई नागरिकों की मौत हो गई और 71 घायल हो गए हैं। थाई मीडिया के अनुसार कम्बोडिया की ओर से थाईलैंड के जवानों पर गोलीबारी करने के बाद शनिवार सुबह तीसरे दिन भी सीमा पर संघर्ष शुरू हो गया। कम्बोडिया के रक्षा मंत्रालय के उप राज्य सचिव और प्रवक्ता माली सोचेता ने कहा, पांच कंबोडियाई सैनिक मारे गए और 21 घायल हो गये। इसके अलावा, ओड्डार मींचे प्रांत में आठ नागरिक मारे गए और 50 घायल हो गए हैं। नवीनतम घटनाक्रम में कम्बोडियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि थाईलैंड की सेना ने आज कम्बोडिया के एक अन्य प्रांत पुरसात में भी अपने सैन्य हमलों को तेज किया है।

## विजय दिवस



शनिवार को बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय सैन्य स्मारक पर कारगिल विजय दिवस के 26 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 फीट ऊंचे वीरगल्लू (नायक पत्थर) के अनावरण के दौरान पुष्पार्पण करते छात्र और पूर्व सैन्य कर्मचारी। एजेंसी

### ईरान : आतंकी हमले में आठ लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान में सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी दक्षिण–पूर्वी शहर ज़ाहेदान में न्याय विभाग की इमारत पर शनिवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए और अन्य 13 घायल हो गये। हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल हैं। अर्ध–सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले की ज़िम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल–जुल्म ने ली है। ईरान ने इसे एक आतंकवादी समूह घोषित किया है।

# विमान अपहरण के दोषी की समय पूर्व रिहाई से इन्कार का फैसला कोर्ट ने किया रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी

- **दिल्ली हाईकोर्ट ने सजा समीक्षा बोर्ड को वापस भेजा मामला**
- **1993 में हुआ था 192 यात्रियों से भरे विमान का अपहरण**

दिल्ली हाईकोर्ट ने सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) के उस फैसले को रद्द कर दिया है जिसमें वर्ष 1993 में 192 यात्रियों से भरे इंडियन एयरलाइन के विमान का अपहरण करने के दोषी एक व्यक्ति को समय से पहले रिहा करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने मामले को नए सिरे से विचार के लिए एसआरबी को वापस भेज दिया और उसे आठ हफ्तों के भीतर अपना फैसला सुनाने को कहा।

हाईकोर्ट ने सात जुलाई के आदेश में कहा, यह साफ है कि एसआरबी का विवादित फैसला अपर्याप्त तर्क और प्रासंगिक सामग्रियों पर विचार न करने से ग्रस्त है, जिसमें याचिकाकर्ता के आचरण और सुधार संबंधी न्यायिक टिप्पणियां भी शामिल हैं। इसलिए इस फैसले को बरकरार नहीं रखा जा सकता। अदालत ने कहा कि जेल में दोषी हरि सिंह के आचरण से सुधार के संकेत मिले हैं। सिंह को अपहरणरोधी अधिनियम की धारा चार और आईपीसी की धारा 353, 365 और 506(दो) के तहत दोषी ठहराकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उसे 2001 में अधीनस्थ अदालत ने दोषी ठहराया था। 2011 में हाईकोर्ट ने उसकी अपील खारिज कर दी और सुप्रीम कोर्ट से विशेष अनुमति याचिका वापस ले ली गई।

### एसीआरबी की ओर से दिया गया तर्क अपर्याप्त

हाईकोर्ट का कहना था कि एसआरबी द्वारा समयपूर्व रिहाई पर विचार के लिए समय–समय पर उसका नाम लिया गया था, लेकिन इसे लगातार खारिज कर दिया गया। बारह मई तक सिंह ने 17 वर्ष, 11 महीने और छह दिन की वास्तविक कारावास और 22 वर्ष, छह महीने और 20 दिन की कुल कारावास की सजा छूट सहित काट ली थी। अदालत ने कहा कि सिंह के आवेदन को खारिज करते समय एसआरबी का तर्क अपर्याप्त था और एक कार्यकारी प्राधिकारी द्वारा आदेश देने के लिए आवश्यक उचित औचित्य के अपेक्षित मानकों को पूरा नहीं करता था।

# जन्मजात नागरिकता: ट्रंप के आदेश पर एक और संघीयअदालत की रोक

बोस्टन, एजेंसी

- **दस से ज्यादा राज्यों ने ट्रंप के फैसले को असंवैधानिक बताया**

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे माता-पिता के बच्चों को मिलने वाली जन्मजात नागरिकता पर प्रतिबंध लगाने के ट्रंप प्रशासन के फैसले पर शुक्रवार को एक संघीय न्यायाधीश ने रोक लगा दी।

जून में उच्चतम न्यायालय के एक महत्वपूर्ण फैसले के बाद से तीसरी बार किसी न्यायालय ने ट्रंप प्रशासन के आदेश पर रोक लगाई है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने यह फैसला सुनाया। इससे पहले दस से अधिक राज्यों ने अदालत में कहा कि ट्रंप का जन्मजात नागरिकता आदेश स्पष्ट रूप से असंवैधानिक है। उम्मीद की जा रही है कि यह मामला जल्द ही देश के उच्चतम न्यायालय में वापस जाएगा।

न्यू जर्सी के अटॉर्नी जनरल मैथ्यू प्लैटकिन ने एक बयान में कहा कि वह इस बात से खुश हैं कि जिला अदालत ने राष्ट्रपति के घोर असंवैधानिक जन्मजात नागरिकता आदेश को कहीं भी प्रभावी होने से रोक दिया है। उन्होंने कहा, अमेरिका में जन्मे बच्चे अमेरिकी हैं। राष्ट्रपति एक कलम से कानूनी नियम को नहीं बदल सकते।

# भारत–मालदीव के संबंध अटूट और कूटनीति से परे

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने हिंद महासागर को मालदीव और भारत के बीच दीर्घकालिक संबंधों का जीवंत प्रमाण बताते हुए कहा है कि दोनों देशों ने एक मजबूत और अटूट बंधन स्थापित किया है जो कूटनीति से परे है।

शुक्रवार रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान में आयोजित राजकीय भोज के दौरान मुइज्जू ने भारत सरकार का निरंतर समर्थन और दृढ़ मित्रता के लिए आभार व्यक्त किया। मालदीव और भारत के बीच 60 वर्षों के राजनयिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए मुइज्जू ने इन्हें साझा इतिहास और स्थायी साझेदारी का प्रतिबिंब बताया।

राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुइज्जू ने कहा कि मालदीव और भारत के बीच संबंध औपचारिक कूटनीति से परे हैं तथा सदियों पुराने गहरे रिश्ते हैं। उन्होंने कहा कि मालदीव सरकार एक समावेशी और गतिशील अर्थव्यवस्था के निर्माण, युवाओं को सशक्त बनाने और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। s



- **मालदीव के राष्ट्रपति ने हिंद महासागर को दोनों देशों के दीर्घकालिक संबंधों का प्रमाण बताया**

### मालदीव के मामलों में किसी भी देश को हस्तक्षेप नहीं करने देंगे


**माले।** राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को जोर देकर कहा कि उनकी सरकार की किसी भी देश को अपने मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने देने की स्पष्ट नीति है और मालदीव के लोग देश की एक–एक इंच जमीन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुइज्जू मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल और मालदीव पुलिस सेवा को संबोधित कर रहे थे। मालदीव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब राष्ट्रपति ने संयुक्त समारोह में दोनों बलों को संबोधित किया हो। मालदीव की यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समारोह में मुख्य अतिथि थे। मुइज्जू ने मालदीव के विशाल समुद्री क्षेत्र की चर्चा करते हुए कहा कि देश की अपेक्षाकृत कम आबादी के बावजूद, मालदीव के लोग स्वयं मातृभूमि की रक्षा की जिम्मेदारी उठाएंगे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जुलाई, रविवार 2025 संवत–2082, शक संवत 1947 मास–श्रावण, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तृतीया 10 .41 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**– पश्चिम, **ऋतु**– वर्षा।
चन्द्रबल–मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र–मघा 16 .23 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** – आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे। प्रेमी जन से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। सामाजिक कार्य में आपका मन लगेगा। छोटे मोटे तनावों को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**वृष** – आज व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च कर सकते हैं। अपनी क्षमताओं को विकसित करने पर काम कर सकते हैं। मित्र आपसे मिलने घर आ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए।

**मिथुन** – आज जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक पलों का आनंद उठायेंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सरकारी कार्यों में आपको काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। विरोधियों के बीच आपका मान बढ़ेगा।

**कर्क** – आज दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान हो सकता है। परिजनों के साथ संवाद बनाकर रखें। मन का तनाव दूर होगा।

**सिंह** – आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। मनोनुकूल काम होने से आप प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – आज विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी महसूस होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। निरर्थक कार्यों में समय बर्बाद हो सकता है। आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आय की स्थिति मजबूत रहेगी। परिस्थितियों में धीरे–धीरे सुधार आयेगा। पुराने मित्रों के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। काम के तरीके में बदलाव ला सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आपकी रुचि नए कार्यों को लेकर बढ़ेगी। नए संबंध विकसित होने के योग बन रहे हैं। प्रबंधन संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे। स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार होगा।

**धनु** – आज उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। कोई महत्वपूर्ण काम पूर्ण हो सकता है। कर्मचारियों से अधिक बहसबाजी न करें। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उधार दिया हुआ धन फंस सकता है।

**मकर** – आज आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। पेट में जलन महसूस हो सकती है। शाम के समय जीवनसाथी के साथ डिनर के लिए जा सकते हैं। शत्रु पक्ष को कमजोर आंकने की गलती न करें। बच्चों की परेशानियों को समझें।

**कुंभ** – आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। अधिकारियों से आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। साझेदारी में काम करने से लाभ मिलेगा। परिवार में विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। भाई–बन्धुओं के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपकी आय में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें। गूढ़ विषयों का अध्ययन करने में रुचि जागृत होगी। विरोधियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 4 | | | 2 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| 5 | | | 9 | | | 6 | | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | 3 | 2 | | | | 5 | 1 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 3 |
| | | 4 | | | 5 | | 2 | |
| | 7 | | | 8 | | | | |
| 6 | | | 1 | | | 3 | | 4 |

### सुडोकू - 50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 7 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |



विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन भी संन्यास ले चुके हैं। और अब लगता है, बुमराह की बारी है। क्रिकेट प्रशंसकों को शायद इसकी आदत डालनी होगी। अब आपको बुमराह के बिना टेस्ट मैच देखने की आदत डालनी होगी। –मोहम्मद कैफ

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, रविवार, 27 जुलाई 2025

## स्पोर्ट्स हाईलाइट

### रोलर स्केटिंग में रिदम ने स्वर्ण जीता

**मुंबई :** भारत की 13 वर्षीय रिदम ममानिया ने दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में एकल फ्री डांस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता के 20वें सत्र का आयोजन दक्षिण कोरिया के जेचियन शहर में हो रहा है जहां छह बार की राष्ट्रीय चैंपियन रिदम ने देश का नाम रोशन किया। रिदम ने इस साल की शुरुआत में ताइवान में हुई आर्टिस्टिक रोलर स्केटिंग ओपन प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता था। मुंबई की खिलाड़ी ने चार साल की उम्र से स्केटिंग करना शुरू कर दी थी। रिदम का लक्ष्य अब ब्रिसबेन में होने वाले पैसिफिक कप में भाग लेना है।

### अटवाल ने कट हासिल किया

**सनिंगडेल (ब्रिटेन) :** अर्जुन अटवाल, जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा की भारतीय गोल्फ तिकड़ी ने यहां आईएसपीएस हांडा सीनियर (50 साल से अधिक) ओपन में कट हासिल कर इतिहास रच दिया। यह पहली बार है जब तीन भारतीय खिलाड़ियों ने किसी मेजर (गोल्फ के शीर्ष स्तर का टूर्नामेंट) में एक साथ कट हासिल किया है। शुरुआती दिन 67 का कार्ड खेलने वाले अटवाल दूसरे दिन दो ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 36वें स्थान पर है। जीव (71–69) संयुक्त 49वें स्थान पर है जबकि रंधावा (70–71) एक ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रहे। इस प्रतियोगिता का कट एक ओवर का रहा।

### दीक्षा ने स्कॉटिश ओपन गोल्फ में बनाई जगह

**नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड) :** दीक्षा डागर संयुक्त रूप से 59वें स्थान के साथ 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय रहीं। दीक्षा ने पार-72 के कोर्स पर दूसरे दिन चार ओवर 76 का कार्ड खेल कुल एक ओवर के स्कोर के साथ कट में प्रवेश किया। कट में कुल 71 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। दीक्षा ने पहले दिन तीन अंडर 69 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन लय बरकरार नहीं रख सकी। चौबीस साल की दीक्षा आखिरी दो होल में बर्डी लगाकर कट में प्रवेश करने में सफल रही।

### रादुकानू व फर्नांडीज सेमीफाइनल में

**वाशिंगटन :** एम्मा रादुकानू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मारिया सकारी को 6–4, 7–5 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्रिटेन की इस खिलाड़ी ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई।

### नागल टैम्पेरे ओपन के सेमीफाइनल हारे

**नई दिल्ली :** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल शनिवार को टैम्पेरे ओपन के सेमीफाइनल में साशा गुएमार्ड वेनबर्ग से हारकर सत्र के अपने पहले चैलेंजर-स्तर के फाइनल से चूक गए। रैंकिंग में 306वें स्थान पर काबिज नागल क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने से 57 पायदान नीचे काबिज फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी वेनबर्ग से 5–7, 2–6 से हार गए। नागल ने इस तरह 2025 के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की। वह इस महीने इटली में एक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

### एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक यूएई में

**कराची :** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को घोषणा की कि पुरुषों का एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नकवी ने एक्स पर एक औपचारिक घोषणा में बताया मुझे यूएई में एसीसी पुरुष एशिया कप 2025 की तारीखों की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक होगा। इसका विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही जारी किया जाएगा। एशिया कप के आयोजन स्थल का निर्णय 24 जुलाई को एसीसी की बैठक में किया गया।



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स। एजेंसी

# शुभमन और राहुल भारत को पारी की हार से बचाने के लिए डटे

## इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन का स्कोर खड़ाकर 311 रन की विशाल बढ़त हासिल की

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन अर्धशतक जड़कर दूसरे सत्र में कोई विकेट नहीं गिरने दिया जिससे भारत ने दो विकेट पर 86 रन बना लिए।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों में विशेषकर जोफ्रा आर्चर ने गिल के पैड पर कुछ खतरनाक इनस्विंगर फेंकी, लेकिन भारतीय कप्तान इनसे उबरकर शानदार शॉट खेलने में सफल रहे। गिल (नाबाद 52 रन) का साथ हमेशा भरोसेमंद केएल राहुल (नाबाद 30 रन) ने दिया, जो इस श्रृंखला में भारत की बल्लेबाजी की नींव रहे हैं।

भारत के लिए अब भी मैच बचाना मुश्किल काम है क्योंकि चाय तक वह इंग्लैंड से 225 रन पीछे है। भारत ने दूसरी पारी के पहले ओवर में लगातार दो गेंदों पर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन के विकेट गंवा दिए जबकि तब टीम का खाता भी नहीं खुला था। लंच के समय टीम का स्कोर एक रन पर दो विकेट था। इसके बाद गिल को किस्मत का भी साथ मिला क्योंकि जब वह 46 रन पर थे तो ब्रायडन कार्स की गेंद पर लियाम डॉसन ने बैकवर्ड प्वाइंट पर उनका कैच छोड़ दिया था। गिल ने कुछ शानदार स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव खेलकर अपना अर्धशतक पूरा किया। 17वें ओवर में उन्होंने आर्चर की गेंद पर लगातार दो चौके जमाए जिसमें से पहले एक कवर ड्राइव और फिर एक अपर कट। उन्होंने कार्स की गेंद पर भी लगातार चौके लगाए जिसमें एक शानदार ऑन ड्राइव भी शामिल था।

सुबह के सत्र में कप्तान बेन स्टोक्स (141 रन) के शानदार शतक की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन का स्कोर खड़ाकर 311 रन की विशाल बढ़त हासिल की। इसके बाद भारत को लंच से पहले 20 मिनट तक बल्लेबाजी करनी पड़ी और उसने दूसरी पारी में निराशाजनक शुरूआत की। क्रिस वोक्स की 'राउंड द विकेट' गेंद जायसवाल के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए पहली स्लिप में जो रूट के हाथों में चली गई। अगली ही गेंद पर सुदर्शन गेंद छोड़ने और खेलने की दुविधा में दूसरी स्लिप में हैरी ब्रुक को कैच करा बैठे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने भारतीयों की तुलना में पिच से कहीं ज्यादा फ़ायदा उठाया। इंग्लैंड ने सुबह दिन की शुरुआत सात विकेट पर 544 रन की। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज अच्छी लय में दिखे जिन्होंने शुक्रवार की तुलना में कहीं ज्यादा जोश से गेंदबाजी की। लेकिन इंग्लैंड को ओल्ड ट्रैफर्ड में सबसे बड़ा स्कोर बनाने से नहीं रोक सके। बुमराह ने 33 ओवर में पांच मेडन से 112 रन देकर दो विकेट झटके। उनके अभूतपूर्व टेस्ट करियर में पहली बार हुआ कि उन्होंने 100 या इससे ज्यादा रन दिए। स्टोक्स (141 रन, 198 गेंद) ने 77 रन से आगे खेलते हुए दिन की शुरुआत सिराज की गेंद पर आगे बढ़कर कवर क्षेत्र में शॉट लगाकर की।



इंग्लैंड के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल रन लेते हुए। एजेंसी

### गिल को समय दीजिए, वह गलतियों से सबक लेंगे: कपिल देव

**नई दिल्ली :** महान क्रिकेटर कपिल देव ने शनिवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला युवा भारतीय कप्तान शुभमन गिल के लिए एक सीखने का शानदार अनुभव होगा और उन्होंने आलोचकों से उन्हें नेतृत्व के मामले में परिपक्व होने के लिए कुछ समय देने का आग्रह किया। गिल को पांच मैचों की इस श्रृंखला से पहले टीम का कप्तान बनाया गया था और उन्होंने बर्मिंघम में टीम को एक ऐतिहासिक जीत दिलाई, लेकिन भारत श्रृंखला में 1–2 से पीछे है और मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में टीम मुश्किल में दिख रही है। पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव ने 2025 के दूसरे भाग के कार्यक्रम की घोषणा के इतर कहा उसे समय दो। यह उसकी पहली श्रृंखला है, वह गलतियां करेगा और समय के साथ कई सकारात्मक बातें भी होंगी, वह सीखेगा।

# कोहली, रोहित और अश्विन के बाद बुमराह ले सकते हैं टेस्ट से संन्यास

● पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने एक्स पर पोस्ट कर मचाई खलबली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के बाद जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अगले क्रिकेटर हो सकते हैं क्योंकि दुनिया के नंबर एक गेंदबाज का शरीर साथ नहीं दे रहा। 41 वर्षीय बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे चौथे टेस्ट के तीसरे दिन लय में नहीं दिखे और 28 ओवर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जैमी स्मिथ का एकमात्र विकेट लिया।

क्रिकेटर से कमेंटेटर बने कैफ ने 'एक्स' पर एक वीडियो में पोस्ट किया मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह आगामी टेस्ट मैचों में खेलते हुए नहीं दिखेंगे और यह भी संभव है कि वह संन्यास ले लें। कैफ ने कहा मुझे उम्मीद है और दुआ है कि मैं गलत हूं। लेकिन इस टेस्ट में मैंने जो देखा, उससे ऐसा लग रहा है कि वह बिल्कुल भी आनंद नहीं ले रहे हैं। वह अपने शरीर से लड़ाई हार गए हैं। जोश और जुनून तो वही है, लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा है। और ऐसी स्थिति में आप क्या कर सकते हैं। रोहित के संन्यास के बाद भारतीय थिंक-टैंक की कप्तानी के लिए पहली पसंद बुमराह थे लेकिन उन्होंने अपने कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए इस पद के लिए नहीं' कह दिया। बुमराह ने एक साक्षात्कार में कहा था हां, बीसीसीआई टीम के नेतृत्व के लिए मुझे चाहते थे। लेकिन फिर मुझे मना करना पड़ा। यह टीम के लिए भी उचित नहीं है कि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में कोई तीन मैचों में और कोई दो मैचों में नेतृत्व करे। यह टीम के लिए उचित नहीं है और मैं हमेशा टीम को प्राथमिकता देना चाहता था। बुमराह 2024 से आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर काबिज हैं, पर साल की शुरुआत से ही वह फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं।

पीठ की चोट के कारण वह इस साल की शुरुआत में सिडनी में हुए पांचवें और अंतिम बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए थे और चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल 2025 की शुरुआत भी नहीं खेल पाए थे। तब से भारत का यह तेज गेंदबाज अपने कार्यभार को लेकर काफी सतर्क रहा है और उन्होंने इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर केवल तीन टेस्ट खेलने का विकल्प चुना है।

### दूसरे छोर से मदद मिलने पर अधिक सफल रहते हैं बुमराह

**नई दिल्ली :** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का मानना है कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दूसरे छोर से मदद मिलने पर अधिक सफल रहते हैं। पांच मैचों की श्रृंखला में 1–2 से पिछड़ रही भारतीय टीम चौथे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड से 186 रन पीछे है। बुमराह को अभी तक इस मैच में सफलता हासिल करने के लिए जूझना पड़ा है। जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ ट्रॉट ने कहा बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की और उनके इकोनॉमी रेट से भी इसका पता चलता है। बस किस्मत ने उनका थोड़ा साथ नहीं दिया। असल में मुद्दा दोनों छोर से दबाव बनाने का है।



जसप्रीत बुमराह। एजेंसी

# कुलदीप को शामिल करने के लिए शीर्ष छह बल्लेबाजों से निरंतरता की जरूरत

● गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने कुलदीप यादव को टीम में शामिल न किए जाने पर पेश की सफाई

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल का मानना है कि विशेषज्ञ गेंदबाज कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने के लिए भारत के शीर्ष छह बल्लेबाजों को और अधिक निरंतरता से बल्लेबाजी करने की जरूरत है। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को अब तक श्रृंखला में नहीं चुने जाने पर काफी बातें चल रही हैं। भारत और इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ियों ने उन्हें टीम में शामिल करने की वकालत की है क्योंकि वह मैच विजेता हैं।

भारत ने आठवें नंबर तक अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में तीन ऑलराउंडरों को चुनने पर तरजीह दी है। इस कदम के मिले-जुले परिणाम मिले हैं। कुलदीप को विश्वस्तरीय स्पिनर बताते हुए मोर्केल ने कहा कि भारत इस गेंदबाज को टीम में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। अब वह केवल 31 जुलाई से ओवल में शुरू होने वाले आखिरी टेस्ट में ही खेल पाएंगे। उन्होंने चौथे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कुलदीप के लिए हम कोई रास्ता ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन इसके लिए हमें जरूरत है कि हमारे शीर्ष छह खिलाड़ी लगातार रन बनायें ताकि हम कुलदीप जैसे खिलाड़ी को टीम में शामिल कर सकें। पहली पारी में भारतीय तेज गेंदबाज़ों के साधारण प्रदर्शन के बाद मोर्केल मीडिया से मुखातिब हुए। कुलदीप के बारे में और बात करते हुए उन्होंने कहा मुझे लगता है हमें देखना होगा कि अगर वह टीम में आते हैं तो हम संतुलन कैसे बना सकते हैं और हम अपनी बल्लेबाजी लाइन-अप को कैसे थोड़ा लंबा और मजबूत बना सकते हैं।



कुलदीप यादव। एजेंसी

### स्मिथ ने इंग्लैंड को आगाह किया, एशेज में नहीं मिलेगी सपाट पिचें

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाज भले ही घरेलू मैदान पर काफी सपाट पिचों पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन इस साल के अंत में होने वाली एशेज श्रृंखला में बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा। भारत-इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट श्रृंखला में विकेट बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रहे हैं और स्मिथ का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को इस तरह की पिचों पर खेलने का अधिक आदी नहीं होना चाहिए। मौजूद श्रृंखला में दोनों टीमें कम से कम एक बार एक पारी में 500 से अधिक रन बनाने में सफल रही हैं और उन्होंने लगातार 400 से अधिक रन बनाए हैं। बीबीसी स्पोर्ट ने स्मिथ के हवाले से कहा उनके (इंग्लैंड के) बल्लेबाज पिछले कुछ समय से सपाट और बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेटों पर खेल रहे हैं।

# सात्विक-चिराग चाइना ओपन में हारकर बाहर

**चांग्झू, एजेंसी**

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी शनिवार को सेमीफाइनल में मलेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी से हारकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।



एशियाई खेलों के चैंपियन एक बार फिर दुनिया की दूसरे नंबर की मलेशियाई जोड़ी से हार गए। सात्विक और चिराग को 2022 के विश्व चैंपियन और दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता आरोन और सोह से 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों जोड़ियों के बीच यह 14वीं भिड़ंत थी। गौरतलब है कि आरोन और सोह ने तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में भी भारतीय जोड़ी को हराया था।

### तन्वी और वेन्नाला ने जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीते

**सोलो (इंडोनेशिया) :** तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने शनिवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के व्यक्तिगत मुकाबलों में कांस्य पदक जीत कर अपने शानदार अभियान का अंत किया। इस प्रतियोगिता में यह पहला अवसर है जबकि भारत की दो खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत वर्ग में पदक जीते। वेन्नाला ने चीन की लियू सी या के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें 37 मिनट तक चले मैच में 15–21, 18–21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में पिछड़ने के बाद तीन मैच प्वाइंट बचाकर वापसी की उम्मीदें जगाईं, पर इसके बाद वह गलती कर बैठी।

# परनीत कौर ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों में जीता रजत पदक

**ईसेन (जर्मनी) :** भारतीय तीरंदाज परनीत कौर विश्व विश्वविद्यालय खेलों में शनिवार को महिला कंपाउंड के रोमांचक फाइनल में दक्षिण कोरिया की मून यीउन के खिलाफ दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दक्षिण कोरिया की तीरंदाज ने परनीत को महज एक अंक से 147-146 से जीत दर्ज की।

क्वालिफिकेशन चरण में शीर्ष पर रहीं परनीत ने मजबूत शुरुआत की और पहले दो दौर में शानदार प्रदर्शन कर तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर दो अंकों की बढ़त बना ली। परनीत हालांकि तीसरे दौर में लय नहीं बनाये रख सकी और उन्होंने दो अंक गंवा दिये। इस दौर में मून ने पूरी 30 के स्कोर के साथ बराबरी की। कोरिया की खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने चौथे दौर में भी तीन निशाने के साथ 30 अंक हासिल कर एक अंक की बढ़त कायम कर ली।

**सख्ती** | ऑल स्टार मैच में भाग नहीं लेने के कारण मेजर लीग सॉकर ने की कार्रवाई

# मेसी को एक मैच के लिए निलंबित करने पर इंटर मियामी नाराज

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी**

लियोनेल मेसी और जोर्डी अल्बा को ऑल स्टार मैच में भाग नहीं लेने के कारण मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है जिसका उनके क्लब इंटर मियामी ने विरोध किया है। इंटर मियामी के मालिक जॉर्ज मास ने शुक्रवार को एक मैच के निलंबन के बारे में कहा यह उनकी समझ से परे है कि प्रदर्शनी मैच में भाग न लेने पर सीधे निलंबन क्यों हो जाता है।

मेसी और अल्बा ने एमएलएस और मैक्सिको के लीगा एमएक्स के बीच मैच के लिए टीम में चुने जाने के बावजूद हिस्सा नहीं लिया था। मेसी व्यस्त कार्यक्रम के बीच आराम करने के लिए नहीं खेले और अल्बा अपनी पिछली चोट से जूझ रहे हैं। मास ने कहा कि क्लब ने मेसी और अल्बा को ऑल-स्टार मैच से बाहर रखने का फैसला किया। एमएलएस के नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो लीग से अनुमति लिए बिना ऑल स्टार मैच में नहीं खेलता उसे एक मैच के लिए निलंबित कर दिया जाता है।



क्लब इंटर मियामी के एक मैच के दौरान किक लगाते लियोनेल मेसी। एजेंसी

### शिलांग लाजोंग ने मलेशिया आर्म्ड को रौंदा

**शिलांग :** शिलांग लाजोंग एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल के ग्रुप ई के शुरुआती मैच में शनिवार को यहां मलेशिया आर्म्ड फोर्सेज फुटबॉल टीम को 6–0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। एवरब्राइटसन सना और फ्रांसकी बुआम ने शिलांग की टीम के लिए दो–दो गोल किए। स्थानापन्न खिलाड़ी ट्रेइमिकी लामुरोंग और देइबोरमेम टोंगपर ने एक–एक गोल दागा कर टीम की एकतरफा जीत में योगदान दिया।

### जावी हर्नांडेज का आवेदन वास्तविक नहीं था : एआईएफएफ

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को कहा कि विश्व कप विजेता स्पेनिश खिलाड़ी जावी हर्नांडेज का भारतीय फुटबॉल कोच पद के लिए ईमेल से भेजा गया आवेदन वास्तविक नहीं पाया गया। इस पद के लिए तीन अन्य आवेदकों की सिफारिश की गई है। महासंघ के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा था कि स्पेन के दिग्गज फुटबॉलर जावी ने भी भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन किया है लेकिन उनके नाम पर विचार नहीं किया जा रहा है क्योंकि राष्ट्रीय महासंघ उनका खर्च उठाने में सक्षम नहीं है। एआईएफएफ ने फिलहाल छंटनी की गई सूची में नामों का खुलासा नहीं किया है।